

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 17 अप्रैल 2025 ■ बैसाख कृष्ण पक्ष-5 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-019 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 18 अप्रैल 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# सुकमा में भालू की क्रूर हत्या पर हाईकोर्ट सख्त

बिलासपुर,17 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में भालू के साथ हुई दिल दहला देने वाली बर्बरता पर अब हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए वन विभाग को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। साथ ही पीसीसीएफ (प्रमुख मुख्य वन संरक्षक) से पूरे घटनाक्रम पर शपथपत्र (एफिडेविट) प्रस्तुत करने को कहा है। इस मामले से जुड़ा वीडियो हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसे पहले सुकमा के केरलापाल गांव का बताया जा रहा था। हालांकि जांच में सामने आया कि यह घटना किस्टाराम थाना क्षेत्र के पुट्टेपाड़ इलाके की है। वायरल वीडियो (करीब 2 मिनट 20 सेकंड) में साफ दिख रहा था कि कुछ युवक एक भालू को डंडों से बेरहमी से पीटते हैं, फिर उसका मुंह और पंजे तोड़कर उसे तड़पाकर मार डालते हैं। हैरान करने वाली बात यह रही कि घटना स्थल पर महिलाएं और बच्चे भी मौजूद थे, और कुछ ग्रामीण हंसते हुए नजर आए। वीडियो वायरल होने के बाद वन विभाग और वाइल्ड लाइफ टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए 72 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। आरोपियों की पहचान वंडो भीमा (20) और चंडो देवा (40) के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने कुछ महीने पहले इस भालू को मार डाला था। इन पर वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत कार्रवाई की जा रही है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यह मामला सिर्फ वन्यजीवों के प्रति संवेदनहीनता का नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। कोर्ट ने मामले की विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने और सभी संभावित आरोपियों की पहचान कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। भालू की पिटाई का दर्दनाक वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो को बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन की बेटी राशा टंडन ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा किया था। राशा ने लिखा लोग इतने असंवेदनशील कैसे हो सकते हैं? लोग पीट रहे हैं, भालू दर्द से तड़प रहा है और ये लोग मजा ले रहे हैं। ये बहुत घिनौना है।

» पीसीसीएफ से मांगा जवाब



## कुंड में कछुओं की मौत का मामला, पवित्र स्थान को गंदा बना दिया : हाईकोर्ट

बिलासपुर,17 अप्रैल। रतनपुर के महामाया कुंड के जाल में फंसकर मृत मिले 23 कछुओं के आरोपी की जमानत पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने गंभीर टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि पुजारी भी मर्डर कर सकता है। मामला बना रखा है, पवित्र स्थान को गंदा बना दिया है। मामले की गंभीरता से जांच होगी और भी आरोपी सामने आएंगे। रतनपुर के महामाया मंदिर के कुंड में कछुओं की मौत के मामले में ट्रस्ट के उपाध्यक्ष और मंदिर के पुजारी सतीश शर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। आरोपी सतीश शर्मा ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि आवेदक महामाया मंदिर का मुख्य पुजारी है। ट्रस्ट ने फैसला लिया कि मंदिर के बगल के तालाब की सफाई कराई जाएगी। मछुआरों को इसका ठेका दिया गया। सफाई के दो दिन बाद मरे हुए कछुए पाए गए। इस पर वन विभाग को मौके पर बुलाया गया। इसके बाद पुजारी के खिलाफ ही एफआईआर दर्ज कर दी गई। आरोपी के वकील ने बताया कि ट्रायल कोर्ट ने अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। हाईकोर्ट ने कहा कि मामले को स्वतः संज्ञान के तौर पर लिया गया है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष सिंह ठाकुर हैं। मैं उपाध्यक्ष हूं और पुजारी हूं। तालाब की सफाई करने वाले मछुआरों को ट्रस्ट के आदेश पर अंदर आने दिया गया था। इस पर कोर्ट ने पूछा और कौन-कौन आरोपी हैं इसमें और कितने लोगों के खिलाफ एफआईआर हुई है। सरकारी वकील की ओर से कहा गया कि मामले में ठेकेदार आनंद जायसवाल के साथ मछुआरे अरुण और विष्णु धीवर भी आरोपी हैं। सुनवाई के दौरान आरोपी के वकील की ओर से कहा गया कि मैं पुजारी हूं, 24 घंटे मंदिर के इंचार्ज में रहता हूं।

## संक्षेप

### चार अधिकारियों का विभागीय स्थानांतरण

रायपुर,17 अप्रैल। छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने सचिवालय सेवा के अंतर्गत चार अधिकारियों/कर्मचारियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। जारी आदेश के अनुसार राजेश जैन, अनुविभागीय अधिकारी, को मुख्यमंत्री सचिवालय से स्थानांतरित कर पशुपालन विकास विभाग भेजा गया है। जयंत भगवान अनुविभागीय अधिकारी, को पशुपालन विकास विभाग से स्थानांतरित कर मुख्यमंत्री सचिवालय में पदस्थ किया गया है। सरिता शंभरकर, सहायक अनुविभागीय अधिकारी, एवं जितेश नागवंशी, वरिष्ठ सचिवालय सहायक, दोनों को मुख्यमंत्री सचिवालय से स्थानांतरित कर सापवि (पूल) विभाग में पदस्थ किया गया है।

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक की मौत

बालोद,17 अप्रैल। छत्तीसगढ़ के बालोद में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है. तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. दर्दनाक हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. मृतक की पहचान प्रीतम कुमार के रूप में की जा रही है. हादसा दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र के जमही टोल प्लाजा के पास हुआ है.

घटना बुधवार रात 9.30 बजे के करीब की बताई जा रही है. जानकारी के मुताबिक, ग्राम किल्लेकोड़ो निवासी प्रीतम कुमार निजी काम से घर से निकला था. इस दौरान दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र के जमही टोल प्लाजा के पहले मृतक प्रीतम कुमार की मोटरसाइकिल को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी ठोकर. इतनी जबरदस्त थी कि युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया. राहगीरों ने देखा कि सड़क पर एक युवक घायल पड़ा हुआ है. एम्बुलेंस से घायल व्यक्ति को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. वहीं घटनास्थल से एक पीले रंग की नंबर प्लेट (क्रमांक CG 07 CP 9688) मिला है. दल्लीराजहरा पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है.

### तीन बच्चों की हत्या कर मां-बाप ने की आत्महत्या की कोशिश

जोधपुर ,17 अप्रैल। संभाग के फलोदी क्षेत्र के कालू पाबूजी गांव में सोमवार देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक दंपति ने पहले अपने तीन बच्चों को ज़हर देकर बेहोश किया, फिर धारदार हथियार से उनकी हत्या कर दी। इसके बाद पति-पत्नी ने खुदकुशी की भी कोशिश की, लेकिन समय रहते बचा लिया गया। वारदात की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान 12 वर्षीय हरीश, 9 वर्षीय किरण और 2 साल की बच्ची नत्थू के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बच्चों को पहले कोल्ड ड्रिंक पिलाई गई, फिर खाने में कीटनाशक मिला दिया गया। इसके बाद धारदार हथियार से बच्चों की गर्दन और हाथ की नसें काट दी गईं। पुलिस पूछताछ में मां जतनो देवी ने बताया कि पति शिवलाल के साथ उसका अक्सर पैसों को लेकर विवाद होता था।

# गट्टाकाल के जंगल से 5 किलो का प्रेशर कुकर बम बरामद

नारायणपुर ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ में जवानों ने नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम किया है. सर्चिंग अभियान के दौरान गट्टाकाल के जंगल से पांच किलो वजनी कुकर प्रेसर आईईडी बरामद किया गया है. नक्सलियों ने यह आईईडी जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए प्लांट किया था. दरअसल, पुलिस अधीक्षक नारायणपुर प्रभात कुमार के माओवादियों के लगाये गये आईईडी विस्फोट की घटना से हो रही नुकसान को देखते हुए क्षेत्र में आईईडी खोजने के लिए बीडीएस टीम को अगल-अलग क्षेत्रों में भेजा जा रहा है. इस दौरान नक्सलियों के द्वारा लगाये गये आईईडी को बरामद कराया जा रहा. इसी कड़ी में 15 अप्रैल को थाना कोहकामेटा क्षेत्रान्तर्गत कैम्प मोहंदी से जिला पुलिस बल, 53वीं वाहिनी आईटीबीपी और बीडीएस के संयुक्त बल एरिया डॉमिनेशन पर ग्राम गट्टाकाल और आसपास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे. इस दौरान गट्टाकाल के जंगल पहाड़ी रास्ते में 5 किलो का 1 कुकर आईईडी बरामद किया गया. सुरक्षाबलों की सतर्कता के चलते आईईडी को मौके पर ही सुरक्षित रूप से डिफ्यूज कर दिया गया. माओवादियों द्वारा उक्त आईईडी को सुरक्षा बलो को नुकसान पहुंचाने के नीयत से लगाया गया था. वर्ष 2025 में अब तक कुल 16 से अधि आईईडी जप्त किया गया है, जिससे स्पष्ट है कि नक्सली क्षेत्र में लगातार हिंसा फैलाने की फिराक में हैं.



# सुरक्षाबलों ने ध्वस्त किए नक्सलियों के 11 बंकर, 7 आईईडी बम बरामद

रांची,17 अप्रैल। छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ बड़ा एक्शन हुआ है। पश्चिम सिंहभूम जिले के कोल्हान और सारंडा में सुरक्षाबलों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नक्सलियों के 11 बंकरों को ध्वस्त कर दिया है। साथ ही 5 आईईडी बम बरामद किया है। इसके अलावा सुरक्षाबलों में खराबेरा से भी दो आईईडी बम बरामद किए हैं। जिले के एसपी आशुतोष शेखर ने बताया है कि सुरक्षाबलों का ये नक्सल विरोधी अभियान अब भी जारी है। बता दें कि केंद्र सरकार अब नक्सलियों को बिलकुल भी बख्शने के मूड में नहीं है। खुद गृह मंत्री अमित शाह नक्सलियों को अंतिम चेतावनी दे चुके हैं। केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर नक्सलियों को चारों तरफ से घेरकर लगातार कार्रवाई कर रही है। सिर्फ छत्तीसगढ़ में ही पिछले 6 महीने में 150 से ज्यादा नक्सलियों का एनकाउंटर किया गया है। अब छत्तीसगढ़ की तर्ज पर झारखंड में भी नक्सलियों के खिलाफ एक्शन शुरू हो गया है। सुरक्षाबल के अधिकारी ने बताया कि 13 और 14 अप्रैल को जराइकेला थाना क्षेत्र स्थित बाबुडेरा वनग्राम के आसपास सर्च ऑपरेशन चलाया, जिसमें सुरक्षाबलों ने नक्सलियों द्वारा बिछाए गए 5 आईईडी बम बरामद किए। इन आईईडी को



बम निरोधक दस्ते की मदद से नष्ट कर दिया गया है। इन बमों को सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों द्वारा जमीन के अन्दर प्लांट किया गया था। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाबलों ने इलाके से 11 नक्सली बंकर और 6 मोर्चों को भी ध्वस्त किया। बरामद बंकरों का आकार 25 गुना 35 फीट, 20 गुना 25 फीट और 15 गुना 20 फीट का था, जिनमें नक्सली नेताओं के ठहरने की व्यवस्था थी। बंकरों से भारी मात्रा में विस्फोटक और अन्य सामग्री बरामद की गई है। इसके बाद 15 अप्रैल को टोंटो थाना क्षेत्र के लुईया और बकराबेरा के जंगलों में भी सघन सर्च ऑपरेशन किया। इस दौरान बकराबेरा के निकट पहाड़ी इलाके में दो और आईईडी बम बरामद किए गए। इस अभियान में चाईबासा पुलिस, झारखंड जगुआर, कोबरा बटालियन की 203 और 209 बटालियन के साथ साथ सीआरपीएफ की 28, 60, 134, 174, 193 और 197 बटालियन शामिल थीं। जिले के एसपी आशुतोष शेखर ने बताया है कि सुरक्षाबलों का ये नक्सल विरोधी अभियान अब भी जारी है। अधिकारियों का कहना है कि लगातार चल रहे इस अभियान से आगे और भी अहम खुलासे और बरामदगी हो सकती है। क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए सुरक्षाबल पूरी तरह से मुस्तैद हैं और किसी भी नक्सली गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## मां-बेटी की हत्या की गुत्थी 48 घंटे में सुलझी, किराना दुकानदार गिरफ्तार

रायगढ़,17 अप्रैल। पुसौर थाना क्षेत्र के संवरा पारा में मां-बेटी की दोहरी हत्या की गुत्थी को रायगढ़ पुलिस ने महज 48 घंटे में सुलझाकर सनसनीखेज खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त हथियार और खून से सने कपड़े जैसे अहम सबूत भी जब्त किए हैं।गौरतलब है कि 15 अप्रैल को संवरा पारा में भरत घोबा के निर्माणाधीन मकान में उर्मिला संवरा 50 वर्ष और उसकी बेटी पूर्णिमा संवरा 24 वर्ष के शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। घटना की सूचना मिलते ही एसपी दिव्यांग पटेल, एडिशनल एसपी आकाश मरकाम,



सीएसपी आकाश शुक्ला समेत साइबर सेल, फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंच गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए आईजी बिलासपुर रेंज डॉ. संजीव शुक्ला ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या और सबूत मिटाने की धाराओं में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल्स और तकनीकी जांच के आधार पर संदेह की सुई पास में ही किराना दुकान चलाने वाले शुभम सेठ 20 वर्ष की ओर गई। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि कुछ दिनों से उसका पूर्णिमा और उर्मिला से विवाद चल रहा था, जिससे नाराज होकर उसने हत्या की साजिश रची। 14 अप्रैल की रात शुभम लकड़ी के खुरे के साथ छत के रास्ते उनके घर में घुसा और सोती हुई पूर्णिमा पर हमला कर दिया। बीच-बचाव में आई उर्मिला पर भी उसने खुरा और क्रिकेट बैट से वार कर हत्या कर दी। वारदात के बाद शवों को निर्माणाधीन मकान में छिपा दिया और खून के धब्बे धोकर रायपुर भाग गया। पुलिस ने शुभम के मेमोरेंडम पर खून से सने कपड़े, हत्या में प्रयुक्त हथियार और अन्य सबूत जब्त किए हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस की इस तेज कार्रवाई को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन और थाना स्टाफ की मेहनत का नतीजा बताया जा रहा है। रायगढ़ पुलिस ने एक बार फिर अपनी तत्परता और कार्यकुशलता का परिचय दिया है।

# अमित शाह ने फिर कहा- 31 मार्च 2026 तक देश से खत्म हो जाएगा नक्सलवाद

नई दिल्ली,17 अप्रैल। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद का खात्मा हो जाएगा और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) तथा सीआरपीएफ इसमें अहम भूमिका निभाएंगे। वह मध्य प्रदेश के नीमच जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 86वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद का खात्मा हो जाएगा और सीएपीएफ तथा सीआरपीएफ, खासकर इसकी कोबरा (कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन) इकाई इसमें अहम भूमिका निभाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नीमच में 86वें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल दिवस समारोह में परेड दल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि देश के किसी भी हिस्से में जब अशांति होती है, तो गृहमंत्री के नाते जब मुझे पता चलता है कि वहां सीआरपीएफ के जवान हैं, तो मुझे बहुत सुकून मिलता है, मैं अपने दूसरे काम भी करता हूं क्योंकि मुझे भरोसा है कि अगर सीआरपीएफ के जवान हैं, तो सीआरपीएफ के जवानों की जीत निश्चित है। चाहे कश्मीर घाटी में आतंकवादियों से लड़ना हो या पूर्वोत्तर में शांति बनाए रखने के लिए मौजूद रहना हो, और सबसे महत्वपूर्ण नक्सलवादियों को सिर्फ चार जिलों तक सीमित करना हो - इन सभी चीजों में सीआरपीएफ के जवानों का बहुत बड़ा योगदान है। समारोह में शामिल होने से पहले शाह ने सीआरपीएफ के शहीद वीरों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी मौजूद थे। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह कार्यक्रम सीआरपीएफ के 86वें स्थापना दिवस समारोह का हिस्सा है। सीआरपीएफ दिवस हर साल 19 मार्च को मनाया जाता है, क्योंकि 1950 में इसी दिन तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने बल को ध्वज सौंपा था। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस साल विस्तारित समारोह के हिस्से के रूप में 17 अप्रैल को परेड आयोजित की गई।



### विधायक रीतलाल यादव और भाई ने कोर्ट में किया सरेंडर

पटना ,17 अप्रैल। लालू प्रसाद यादव के करीबी और दानापुर से आरजेडी विधायक रीतलाल यादव ने अपने छोटे भाई और तीन अन्य आरोपियों के साथ पटना की दानापुर कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। सभी को कोर्ट में पेशी के बाद बेऊर जेल भेज दिया गया। इन पर एक बिल्डर से रंगदारी मांगने, धमकी देने और फर्जी दस्तावेज तैयार करने जैसे गंभीर आरोप हैं। विधायक रीतलाल यादव के वकील ने अदालत में कहा कि यह पूरा मामला राजनीति से प्रेरित और झूठा है। उन्होंने दावा किया कि बिल्डर ने जानबूझकर फर्जी केस दर्ज करवाया, और पुलिस की कार्रवाई की जानकारी मिलते ही यादव व उनके सहयोगियों ने स्वेच्छा से आत्मसमर्पण कर दिया।

## 18-20 साल की उम्र में युवा खेला रहे सट्टा,तीन गिरफ्तार

रायपुर,17 अप्रैल। रायपुर पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफबड़ी कार्रवाई करते हुए तीन सटोरियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने इनके कब्जे से करीब 1.25 लाख रुपये कीमत के तीन मोबाइल फोन जब्त किए हैं, जिनका उपयोग सट्टा संचालन में किया जा रहा था.पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर रायपुर पुलिस जुआ और सट्टेबाजी पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चला रही है. इसी क्रम में 16 अप्रैल 2025 को एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट को सूचना मिली कि गुढ़ियारी थाना क्षेत्र के महतारी चौक के पास कुछ लोग आईपीएल मैच के दौरान मोबाइल फोन के जरिए ऑनलाइन सट्टा चला रहे हैं. सूचना के आधार पर एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और गुढ़ियारी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर छापा मारा. वहां मौजूद तीन व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया, जिनकी पहचान जगमोहन साहू (20 वर्ष), गोपीचंद गुप्ता (18 वर्ष 8 माह), और सांईराम साहू (18 वर्ष 4 माह) के रूप में हुई. तीनों गुढ़ियारी के गोकुल नगर क्षेत्र के निवासी हैं. पुलिस ने उनके मोबाइल फोन की जांच की, जिसमें आईपीएल मैच के दौरान ऑनलाइन सट्टा चलाने के सबूत मिले. इसके



## शव को चारपाई पर लादकर पांच किमी चले ग्रामीण

सुकमा,17 अप्रैल। आंधी-तूफान की वजह से पेड़ गिरने से एक आदिवासी की मौत हो गई, जिसके शव को पोस्टमार्टम के लिए सड़क नहीं होने की वजह से चारपाई पर लादकर ग्रामीणों को चलना पड़ा. आंधी-तूफान की वजह से पेड़ के गिरने से चपेट में आए आदिवासी की मौत हो गई. गांव तक गाड़ी के आने-जाने के लिए सड़क नहीं होने की वजह से पोस्टमार्टम के लिए ग्रामीण उसका शव चारपाई पर रखकर कंधे में लादे हुए पांच किलोमीटर की दूरी तय कर तिम्मापुरम पहुंचे, जहां से CRPF 223वीं बटालियन की मदद से ट्रेक्टर के जरिए पोस्टमार्टम के लिए शव को चिंतलनार लाया गया.

# अगले आदेश तक वक्फ बोर्ड में कोई नई नियुक्ति नहीं: सुको

नई दिल्ली,17 अप्रैल। सुप्रीम कोर्ट में वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली 73 से अधिक याचिकाओं पर आज दूसरे दिन की सुनवाई जारी रही. यह अधिनियम 8 अप्रैल, 2025 को लागू हुआ था और इसका उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और नियमन में सुधार लाना बताया गया है. केंद्र सरकार, राज्य सरकार और वक्फ बोर्ड एक हफ्ते के अंदर अपना जवाब दाखिल करें. अगले आदेश तक वक्फ में किसी भी नई नियुक्ति पर रोक लगा दी गई है. सुप्रीम कोर्ट अब अगली सुनवाई 5 मई को करेगा. सीजेआई ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई में केवल 5 रिट याचिकाकर्ता ही अदालत में उपस्थित रहेंगे. अदालत ने यह भी निर्देश दिया है कि सभी पक्ष आपस में मिलकर अपनी पांच आपत्तियों का निर्धारण करें. इससे पूर्व, उच्चतम न्यायालय ने वक्फ कानून पर केंद्र सरकार को 7 दिनों का समय दिया है. केंद्र के उत्तर आने तक वक्फ संपत्ति की स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं होगा, अर्थात् सरकार के उत्तर तक यथास्थिति बनी रहेगी और नए कानून के तहत अगले आदेश तक कोई नई नियुक्तियां नहीं की जाएंगी. सीजेआई ने कहा कि जो संपत्तियां वक्फ घोषित हैं या रजिस्टर्ड हैं, उन्हें अभी जैसी स्थिति में रहने दिया जाए. सिब्बल ने कहा कि इसमें 'वक्फ बाय यूजर' भी जोड़ दीजिए. जिस पर सीजेआई ने कहा,'मैं आदेश लिखवा रहा हूं, बीच में मत बोलिए.' सीजेआई ने आगे कहा कि सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा है कि सरकार 7 दिन में जवाब दाखिल करेगी, और तब तक वक्फ बोर्ड या काउंसिल में कोई नई नियुक्ति नहीं होगी. सीजेआई ने कहा, 'हम यह बात रिकॉर्ड में दर्ज कर रहे हैं. सरकार 7 दिन में जवाब दे और उसके बाद याचिकाकर्ता 5 दिन में अपना जवाब दाखिल करें.'

सीजेआईने पूछा-क्या 1995 के कानून के तहत जो संपत्तियां वक्फ में रजिस्टर्ड हैं, उन पर अभी कोई कार्रवाई नहीं होगी? स्त्र ने जवाब दिया-यह बात खुद कानून में शामिल है. सीजेआई ने कहा - ठीक है, लेकिन फिलहाल वक्फ बोर्ड या वक्फ काउंसिल में कोई नई नियुक्ति न की जाए. अगले आदेश तक वक्फ में किसी भी नई नियुक्ति पर रोक लगा दी गई है. सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में अंतरिम आदेश जारी किया है. शीर्ष अदालत ने कहा कि सुनवाई के दौरान एसजी मेहता ने बताया कि प्रतिवादी 7 दिनों के भीतर एक संक्षिप्त जवाब प्रस्तुत करना चाहते हैं और यह आश्वासन दिया कि अगली सुनवाई तक 2025 अधिनियम के तहत बोर्ड और परिषदों में कोई नई नियुक्ति नहीं की जाएगी. इसके साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि पहले से घोषित यूजर्स, जिनमें वक्फ भी शामिल है, की स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं होगा. जवाब 7 दिनों के भीतर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है, और उस पर जवाब सेवा के 5 दिनों के भीतर दाखिल किया जाना चाहिए. सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया है कि वक्फ संशोधन अधिनियम से संबंधित मामले की सुनवाई का सीधा प्रसारण किया जाए. आज की सुनवाई में एसजी तुषार मेहता ने कहा कि यह एक कठोर निर्णय है. कृपया मुझे कुछ दस्तावेजों के साथ प्रारंभिक उत्तर प्रस्तुत करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया जाए. यह मामला ऐसा नहीं है जिस पर इस प्रकार से विचार किया जा सके. सीजेआई ने कहा कि हमने यह स्पष्ट किया है कि कानून में कुछ सकारात्मक पहलू हैं. हमने यह भी कहा है कि पूर्ण रोक नहीं लगाई जा सकती, लेकिन हम मौजूदा स्थिति में कोई बदलाव नहीं चाहते, ताकि इसका नकारात्मक प्रभाव न पड़े. जैसे कि इस्लाम के बाद 5 साल, हम उस पर रोक नहीं लगा रहे हैं, लेकिन कुछ धाराएं हैं.

# 28 साल पुराने कांग्रेस नेत्री सरला मिश्रा हत्याकांड की फिर खुली फाइल

### कोर्ट ने दिए जांच के आदेश, दिग्विजय सिंह पर है गंभीर आरोप

भोपाल,17 अप्रैल। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह मुश्किल में फंस सकते हैं, क्योंकि 28 साल पुराने कांग्रेस नेता सरला मिश्रा हत्याकांड की फाइल एक बार फिर से खुलने जा रही है। भोपाल की जिला अदालत ने इस केस की दोबारा से जांच के आदेश दिए हैं। इस मामले में सरला के भाई ने दिग्विजय सिंह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। भोपाल का बहुचर्चित कांड सरला मिश्रा सुर्खियों में रहा है। सरला के भाई अनुराग मिश्रा का कहना है कि उनकी बहन सरला मिश्रा 14 फरवरी 1997 को संदिग्ध अवस्था में जली हुई पाई गई थीं। पुलिस ने उस समय इस मामले में आत्महत्या का मामला दर्ज किया था, जबकि वह मामला हत्या का था। इसी मामले में दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह का नाम भी सामने आया था। ऐसे आरोप थे कि सरला की हत्या राजनीतिक साजिश के तहत की गई थी। जब सरला मिश्रा का 1997 को निधन हुआ था, तब मध्य प्रदेश में कांग्रेस सरकार थी और दिग्विजय सिंह मुख्यमंत्री थे। सरला मिश्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में भोपाल के टीटी नगर थाने की ओर से पेश खात्मा रिपोर्ट को न्यायालय ने नामंजूर कर दिया है। सरला के भाई अनुराग मिश्रा की आपत्तियों के आधार पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पलक राय ने टीटी नगर पुलिस को मामले की पुन~ जांच कर आरोप-पत्र संबंधित न्यायालय में पेश करने का आदेश दिया है। मामला करीब 28 वर्ष पुराना है। 14 फरवरी 1997 को सरला मिश्रा भोपाल के साउथ टीटी नगर स्थित सरकारी आवास में संदिग्ध परिस्थितियों में जल गई थीं। उन्हें इलाज के लिए पहले हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली ले जाया गया था, जहां 19 फरवरी 1997 को उनकी मौत हो गई।पुलिस थाना टीटी नगर ने मामले की जांच कर सात नवंबर 2019 को सीजेएम कोर्ट में खात्मा रिपोर्ट पेश की थी। सरला मिश्रा के भाई अनुराग मिश्रा ने इस खात्मा रिपोर्ट पर अपनी आपत्ति पेश की थी।

एक नजर

## गांजा बेचने वाली महिला गिरफ्तार



**भिलाई, 17 अप्रैल।** भिलाई अवैध रुप से गांजा बेचने वाली दो महिला और एक युवक को पुलिस के हत्थे चढे है आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है खुर्सीपार टीआई अंबर सिंह भारद्वाज ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर खुर्सीपार स्थित श्रीराम जानकी मंदिर बालाजी नगर खुर्सीपार में गांजा बेचने की सूचना मिली थी खुर्सीपार पुलिस और एसीसीयू की टीम ने घेराबंदी कर कार्रवाई किया है पुलिस ने कैम्प 2 चटाई क्वाटर छावनी निवासी नाज परवीन, श्रीराम चौक नवीन कालेज के पास खुर्सीपार एम ईश्वरी, कैम्प 2 चटाई क्वाटर छावनी निवासी अब्बास खान को गिरफ्तार किया आरोपियों के पास से पुलिस ने 3 किलो 61 ग्राम गांजा बिक्री रकम 1480 रूपए, 5 मोबाईल फोन जब्त किया कुल कीमत 1 लाख 60 हजार 980 रुपए आंकी गई है ।

## सिम दूसरे को बेच दिया

**भिलाई, 17 अप्रैल।** भिलाई नया सिम लेने गए युवक से दुकानदार ने धोखाधड़ी की आधार कार्ड व बायोमेट्रिक लेने के बाद तकनीकी समस्या बताकर सिम नहीं दिया फिर उसी आधार कार्ड के आधार पर सिम दूसरे के बेच दिया पद्मनाभपुर थाने पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है 14 दिसंबर 2023 को दोपहर में कसारीडीह पद्मनाभपुर निवासी प्रार्थी ऋषि निर्मलकर विशाल मोबाइल सुभाष नगर दुर्ग सिम लेने गया था दुकान में कार्यरत व्यक्ति ने आधार कार्ड से लाइव फोटो व बायोमेट्रिक लेने के बाद भी प्रोसेस पूरा नहीं होने की बात कहते -हुए सिम नहीं दिया लेकिन इसके बाद सिम अन्य व्यक्ति को बेच दिया इसी तरह नेवई थाने में प्रार्थी ललित कुमार पारधी निवासी इंदिरा चौक स्टेशन मरोदा के घर के पास अप्रैल 2024 में एयरटेल का सिम लेकर आशीष मेंडेकर आया था प्रार्थी से सिम पोर्ट करने के नाम पर आधार और बायोमेट्रिक लेकर तकनीकी समस्या बताते हुए आधार का दुरुपयोग किया उसके नाम से सिम लेकर कर किसी अन्य को बेच दिया ।

## तीन बड़ी चोरी का खुलासा



**भिलाई, 17 अप्रैल।** पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के शिक्षक नगर नूतन चौक भिलाई तीन में हुई बड़ी चोरी का पुलिस ने राजफाश किया है 24 घंटे के भीतर मामला सुलझाते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जिसमें से दो अपचारी बालक हैं इसमें एक अपचारी बालक प्रार्थिया का भतीजा है उसी ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था पुरानी भिलाई थाने पुलिस ने दोनों अपचारी बालकों को किशोर न्याय बोर्ड दुर्ग भेजा है वहीं आरोपित संतोष दुलानी को भिलाई तीन कोर्ट में पेश किया जाएंगा आरोपित संतोष कुरूद रोड कोहका का निवासी है व वहीं उसकी दुकान भी है प्रार्थिया राधिका पति विजय कुमार हरदेल छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि घर अंदर प्रवेश कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण कीमती तकरीबन सात लाख 85 हजार व बिल को चोरी कर ले गया था पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच की जांच में प्रार्थिया के भतीजे से संदेह पर पूछताछ की गई पूछताछ में अपचारी बालक आभूषण आलमारी से चोरी कर अपने एक साथी को बेचा था साथी अपचारी बालक ने अपने पिता संतोष दुलानी को आभूषण दिया था संतोष की सोने-चांदी की दुकान है इस आभूषणों में से संतोष ने एक सोने का बिस्किट वजनी करीबन 15 ग्राम को गिरवी रख एक लाख 30 हजार अपने बेटे को दोस्त अपचारी बालक को देने के लिए दे दिया पुलिस ने आरोपित संतोष दुलानी से आभूषण बरामद कर लिया है ।

## भिलाई में बनेगा अनूठा उपवन सेल-रेल पार्क

**भिलाई, 17 अप्रैल।** भिलाई इस्पात संयंत्र ने भिलाई टाउनशिप के इंदिरा प्लेस स्थित शहीद वीर नारायण सिंह जयंती स्टेडियम के सामने 'सेल-रेल पार्क' के निर्माण की घोषणा की है। लगभग 7 एकड़ क्षेत्र में फैला यह पार्क स्टेडियम के पार्किंग क्षेत्र में स्थित है और प्रसिद्ध फ्लाइट ऑफ स्टील शिल्पकला के पास बनाया जा रहा है, जिससे यह टाउनशिप के मध्य में एक प्रमुख और सुगम आकर्षण का केंद्र बन जाएगा। यह पार्क, जो देश में अपने प्रकार का प्रथम थीम आधारित सार्वजनिक उपवन होगा, न केवल सेल और भारतीय रेल के सात दशकों से भी अधिक पुराने संबंध का प्रतीक बनेगा, बल्कि भिलाई के सामाजिक-सांस्कृतिक परिदृश्य को भी समृद्ध करेगा। इस परियोजना को वर्ष 2026 तक पूर्ण करके प्रारंभ करने की संभावना है। इस उपवन का प्रमुख आकर्षण होगी एक 410 मीटर लंबी जॉय-राइड ट्रैक, जिस पर एक छोटी टॉय रेल कार चार कलात्मक स्टेशनों से गुजरेगी। ये स्टेशन इस्पात निर्माण की विभिन्न अवस्थाओं को दर्शाएंगे, जिनमें कच्चे माल की प्राप्ति से लेकर ब्लास्ट फर्नेस, रोलिंग मिल और रेल पटरियों के डिस्पैच तक की पूरी प्रक्रिया को रोचक ढंग से प्रदर्शित किया जाएगा। यह रचनात्मक संयोजन छात्रों, पर्यटकों और इस्पात-रेल उद्योग में रुचि रखने वालों के लिए एक आकर्षक व शैक्षिक स्थल सिद्ध होगा। पार्क की शोभा बढ़ाने हेतु 1520 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का एक तालाब और एक खूबसूरत जलप्रपात भी निर्मित किया जाएगा।



# शिक्षा के साथ स्वच्छता को संस्कार में लाना आवश्यक: चंद्रप्रकाश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,17 अप्रैल।** नगर पालिका क्षेत्र के शैक्षणिक गुणवत्ता को ध्यान रखते हुए स्वच्छता की दिशा में भी कवर्धा शहर को अग्रणी रखना है हम सभी मिलकर बेहतर व शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ-साथ स्वच्छता को अपने संस्कार में बढ़ावा देने की दिशा में कार्य करें। ताकि हमारा कवर्धा शहर की एक अलग पहचान स्थापित हो सकें । ÷सशक्त शिक्षा व्यवस्था और स्वच्छ वातावरण ही किसी भी समाज की उन्नति की नींव होते हैं। ÷उक्त बातें आज नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने शिक्षा विभाग के अधिकारी, प्राचार्य एवं प्रधान पाठकों की आयोजित बैठक में कही।

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के मंशानुरूप कवर्धा के स्कूलों की शिक्षा गुणवत्ता में निजी स्कूल से बेहतर करके दिखाना है सरकारी स्कूल कैसे हो और कैसे बेहतरी के लिए कार्य कर सकते है इसके लिए सब मिलकर प्रयास करना होगा। स्कूल को सरकारी नहीं, असरकारी बनाने पर कार्य करे। अधिकारी केवल स्कूल का रजिस्टर बस चेक न करे, स्कूल की सही गुणवत्ता को चेक करे। उन्होनें उपमुख्यमंत्री की मंशा को साफ शब्दों में कहा कि शिक्षा गुणवत्ता पर लापरवाही करने वाले के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये है स्पष्ट है कि लापरवाही करने वाले कोई भी कार्यवाही तय है कोई बख्शे नही जायेगें।

नगर पालिका परिषद कवर्धा के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने आज शिक्षा विभाग के अधिकारी, प्राचार्यों एवं प्रधान पाठकों के साथ आयोजित बैठक में कहा कि बेहतर शिक्षा, उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता और स्वच्छता ही किसी शहर की असली पहचान होती है। हमारा लक्ष्य है कि कवर्धा को इन तीनों क्षेत्रों में प्रदेश ही नहीं, देश भर में अग्रणी बनाया जाए। उन्होंने अपील किया कि स्वच्छता और गुणवत्ता शिक्षा को अपने व्यक्तिगत एवं संस्थागत संस्कार का हिस्सा बनाएं। हम सब मिलकर ही एक ऐसी पीढ़ी तैयार कर सकते हैं जो न केवल शिक्षित हो, बल्कि स्वच्छता और नागरिक जिम्मेदारियों के प्रति भी सजग हो।बनगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने जिला शिक्षा अधिकारी से अनुरोध करते हुए कहा कि कवर्धा शहर के सभी शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड लागू किया जाये। ताकि उसका पहचान हो सके। डेऊस कोड लागू किये जाने को लेकर सभी प्रधान पाठकों, प्राचार्यो ने अपनी सहमति जताई। उन्होनें नैतिक शिक्षा को बढावा देने पर भी जोर दिया। उन्होनें कहा कि खेल-खेल में बच्चों को शिक्षा देने प्रोत्साहित करने को कहा। शासन से प्राप्त नियम निर्देशों का पालन करें, सभी बच्चों का ड्रेस कोड भी ध्यान में रखे, पालकों से संपर्क में रहे, बच्चों की गतिविधियों के बारे में चर्चा करते रहे। मध्यान भोजन की गुणवत्ता पर ध्यान हो, मै स्वयं स्कूलों में भोजन करूंगा। सरकार से मिलने वाले स्कूलों के समस्त अनुदान मद का सही उपयोग समस्त स्कूल और संकुल समन्यवक करे ताकि स्कूल के गुणवत्ता सुधार सके। उन्होनें सभी सरकारी मदों के खर्च का भौतिक सत्यापन किये जाने को कहा।बैठक को जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू ने भी संबोधित किया। उन्होनें कहा कि बैठक का उद्देश्य कवर्धा शहर को शिक्षा और स्वच्छता के क्षेत्र में विकसित एवं आदर्श शहर के रूप में स्थापित करने हेतु आवश्यक विचार-विमर्श करना था। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा शिक्षकों एवं अधिकारियों से सुझाव आमंत्रित किए गए, जिससे विद्यालयों की गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति तथा आधारभूत सुविधाओं में और सुधार लाया जा सके।जिला शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य व प्रधान पाठकों की बैठक आज नगर पालिका सभाकक्ष में आयोजित किया गया। जहां नगर पालिका अध्यक्ष ने शिक्षा व स्वच्छता के क्षेत्र में कवर्धा शहर को विकसित शहर के रूप में मूर्त लेने हेतु आवश्यक चर्चा कर सुझाव भी लिये। बैठक में विद्यालय परिसरों की स्वच्छता, पेयजल, शौचालय सुविधा, कक्षाओं की स्थिति तथा सामुदायिक सहभागिता जैसे बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने इन विषयों पर शीघ्र कार्यवाही हेतु आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। श्री चंद्रवंशी ने यह भी आश्वासन दिया कि नगर पालिका परिषद शिक्षा और स्वच्छता से जुड़ी हर पहल में विद्यालयों का पूर्ण सहयोग करेगी।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष के साथ जिला शिक्षा अधिकारी वाय डी साहू, नकुल पनागर, विकास खंड शिक्षा अधिकारी संजय जायसवाल, स्कूल जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष पीयूष टाटिया, जसवंत छाबड़ा, अजय कुमार गुप्ता, रामकुमार ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू, आर पी सिंह, विजय खरे, प्रधान पाठक सी डी भट्ट, केस लाल साहू, लखन वारते, संगीता सिंह सहित सभी स्कूलों के प्राचार्य, प्रधान पाठकगण उपस्थित रहे।




# स्वावलंबी भारत के निर्माण में खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की अहम भूमिका: मुख्यमंत्री



**भिलाई, 17 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष राकेश पांडेय के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर राष्ट्रीय बांस मिशन अंतर्गत 10 महिला हितग्राहियों को बांस टूल किट प्रदान की गई। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कहा कि पांडेय ने लंबे समय से संगठन में कार्य किया है। उनकी कुशल संगठन क्षमता के बारे में हम सभी अवगत हैं। निश्चित ही अब उनके अनुभवों का लाभ छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड को मिलेगा। उन्होंने कहा कि लोकल फॉर वोकल, स्वावलंबी भारत के निर्माण एवं स्थानीय रोजगार सृजन में खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा खादी एवं ग्रामोद्योग के उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए हम सबको प्रेरित करते हैं। वे कहते हैं कि खादी हमारी आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि वे हर वर्ष एक बार स्वयं दुकान जाकर खादी का वस्त्र खरीदते हैं और पहनते हैं। छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के पास राष्ट्रीय बांस मिशन का भी कार्य है। उन्होंने कहा कि आज बांस से न केवल गुलदस्ते, ट्री गार्ड, बल्कि क्रैश बेरियर तक बनाए जा रहे हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन भी हो रहा है। उन्होंने बेमेतरा जिले के एक गांव का उल्लेख किया, जहाँ बांस के ऊंचे मीनार और क्रैश बेरियर बनाए जा रहे हैं, जिसकी प्रशंसा केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बस्तर दौरे पर आए थे, तब महिला स्व-सहायता समूह की बहनों ने उन्हें बांस से निर्मित गुलदस्ता भेंट किया, जिसकी उन्होंने सराहना की। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि इन उत्पादों में रंगों का उपयोग किया जाए, तो उनका आकर्षण और मूल्य दोनों ही बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे उत्पादों को अधिक आकर्षक और बाज़ार योग्य बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए और मुझे विश्वास है कि बोर्ड इस दिशा में आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हर घर खादी पहुंचे, इस दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष राकेश पांडेय को नए दायित्व के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, गजेंद्र यादव, अमर अग्रवाल, अनुज शर्मा, धरमलाल कौशिक, प्रेमप्रकाश पांडेय, पूर्व सांसद सुश्री सरोज पांडेय सहित विभिन्न निगम, मंडल, आयोग के अध्यक्षगण, गणमान्य नागरिकगण एवं छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया और राहुल के खिलाफ कारवाई राजनीति से प्रेरित : कांग्रेस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,17 अप्रैल।** मोदी सरकार द्वारा कांग्रेस नेतृत्व पर की जा रही कथित राजनीतिक प्रताड़ना के विरोध में कबीरधाम जिला कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस भवन सिग्नल चौक कवर्धा में एक दिवसीय आक्रोशपूर्ण धरना प्रदर्शन किया. कार्यक्रम में जिला कांग्रेस के नेताओं ने धरना को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार लोकतांत्रिक व्यवस्था को कुचलने पर आमादा है।

नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ की गयी कार्रवाई को उन्होंने राजनीति से प्रेरित और संविधान विरोधी करार दिया. कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह केवल एक कानूनी कार्रवाई नहीं, बल्कि विपक्ष की आवाज को दबाने की एक सुनियोजित साजिश है. उन्होंने जोर देते हुए कहा, गांधी परिवार का देश की आज़ादी से लेकर अब तक के राष्ट्र निर्माण में गौरवशाली योगदान रहा है. देश जब भी संकट में पड़ा, गांधी परिवार ने नेतृत्व किया और बलिदान देने से पीछे नहीं हटा. जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के पदाधिकारी ने ए भी कहा कि भाजपा सरकार जितना भी संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर ले, कांग्रेस और राहुल गांधी को न तो डराया जा सकता है और न ही दबाया जा सकता है ।

# तीन दिवसीय सतनाम मेला में शामिल हुए पूर्व सीएम भूपेश बघेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,17 अप्रैल।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम पुतकी में आयोजित तीन दिवसीय सतनाम मेला के अवसर पर पहुंच कर गुरुद्वारा में पूज्य बाबा गुरुघसीदास जी की पूजा अर्चना किया तत्पश्चात समिति के पदाधिकारी व आसपास से जनप्रतिनियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया स्वागत अभिनंदन से अभिभूत होकर धन्यवाद करते हुए आयोजित संत समागम सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भूपेश बघेल जी बताया कि पूज्य बाबा गुरुघासीदास जी का संदेश मनखे मनखे एक समान जो हम सबको आपसी प्रेम भाईचारा सदभाव रखने का प्रेरणा देते हैं एक अनजान इंसान की पहचान आप नहीं कर सकते कि वह कौन से जाति से है जाति धर्म तो पाखंड इंसान का बनाया हुआ है जब भगवान ने हम सब पर भेद नहीं किया तो आप को जाति धर्म के आधार पर भेद करने का अधिकार किसने दिया है हम सब बराबर हैं इसी प्रकार से बघेल साहब ने कबीर साहब ,सिख गुरु ,रविदास गुरु जैसे महामानव के सन्देशों को श्लोक के माध्यम से उदाहरण देते हुए कहा कि उनके उपदेशों को जीवन में आत्मसात कर हम अपने आप को कृतार्थ कर सकते हैं हमारी कांग्रेस सरकार के समय में मैंने प्रयास किया कि इन महापुरुषों के मार्गो में चलकर आम जनता को ज़्यादा से ज़्यादा उन्हें राहत देने का कार्य किया है ख़ास तौर पर किसान मज़दूर युवा महिलाओं व बेरोजगारों के लिए अनेक योजना बनाकर लाभ देने का काम किया जिससे पाँच साल तक राहत सुख चैन रहा पर आज का समय झूठ फरेब का समय आ गया है हमारे छत्तीसगढ़ के भोले भाले किसानों मजदूरों एव युवाओं के साथ धोखा किया गया है नौकरी कर सैकड़ों शिक्षक साथियों को जाब से बाहर कर दिया है जिससे आज उनके परिवार के साथ अन्याय हो गया उनके सामने जीवन निर्वाह के समस्या खड़ी हो गई है और अपनी मांगों के लिए आंदोलन व संघर्ष करने के मजबूर हैं चाहे तो सरकार कुछ न रास्ता निकाल सकते है पर सरकार के अनदेखी के चलते इन परिवारों के सामने बड़ा समस्या खड़ा हो गया है दो करोड़ नौकरी के आस में हमारे बेरोजगार को भविष्य की चिंता सता रही है डबल इंजन की सरकार की कथनी और करनी से आम जानता की मोह भंग होता दिख रहा है

उक्त अवसर पर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सीमा अनंत जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीलाल साहू पूर्व अध्यक्ष श्री नीलकंठ चंद्रवंशी पूर्व मंडी अध्यक्ष लालजी चंद्रवंशी ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर राधेलाल भास्कर बाबूदास गोप अशोक सिंह डॉ आर्य चंद्राकर घनश्याम साहू आनंद सिंह ठाकुर गोपाल चंद्रवंशी वीरेंद्र जांगड़े सुधांशु बघेल चंद्रभान कोशले जलेश यादव रूप सिंह भरत बर्मन आयोजक समिति के अध्यक्ष कुमार बघेल साहूकार टोंडे तिजाऊ टंडन दयाराम लहरे खेमका भास्कर फूलसिंह पाटले शैलू टोंडे गजपति बघेल जितेन्द्र टोंडे मणिराम टिंडे कृष्णा टंडन ग्रामपंचायत सरपंच श्री मणिराम कोसले , सुरेश दिवाकर सरपंच भरेवा सहित सैकड़ो लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।

## विनय शर्मा के छायाचित्रों की एकल प्रदर्शनी का आयोजन



**भिलाई, 17 अप्रैल।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित, इंदिरा प्लेस, सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में 17 अप्रैल को वरिष्ठ फोटोग्राफर एवं राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता विनय शर्मा द्वारा खींचे गए छायाचित्रों की एकल प्रदर्शनी दृष्टिकोण- कैमरे की नज़रों से का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी का उद्घाटन 17 अप्रैल को संध्याकाल 5:30 बजे मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक ए के जोशी द्वारा किया जायेगा। यह तीन दिवसीय फोटोग्राफी प्रदर्शनी 17 से 19 अप्रैल तक प्रतिदिन संध्या 5.30 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक आम जनता के अवलोकनार्थ खुली रहेगी।

## रोबोटिक्स पर कार्यशाला का आयोजन



**भिलाई, 17 अप्रैल।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा संचालित बी.एस.पी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-10 में अटल टिंकरिंग लैब (एटीएल) सक्रिय रूप से संचालित एक अनोखी विज्ञान प्रयोगशाला है। नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन की अगुवाई में प्रारंभ की गई । डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर एटीएल द्वारा सामुदायिक सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 16 अप्रैल को बी.एस.पी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-10 की प्राचार्या श्रीमती सुमिता सरकार एवं एटीएल प्रभारी वरिष्ठ व्याख्याता तरुण कुमार साहू के नेतृत्व में पाँच छात्रों की टीम द्वारा भिलाई विद्यालय, सेक्टर-2 के छात्रों हेतु एक रोबोटिक्स प्रदर्शन कार्यशाला आयोजित की गई।

# भाजपा सक्रिय सदस्य सम्मेलन में सांसद विजय बघेल ने भरा जोश



**भिलाई, 17 अप्रैल।** भाजपा सक्रिय सदस्य सम्मेलन अहिवारा विधानसभा स्तरीय सांस्कृतिक भवन जामुल नंदिनी रोड में किया गया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल अति विशिष्ट अतिथि डोमनलाल कोर्सेवाडा विधायक अहिवारा, अध्यक्षता पुरुषोत्तम देवांगन अध्यक्ष, भाजपा जिला भिलाई, विशिष्ट अतिथि सरस्वती बंजारे अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग, जागेश्वर साहू पूर्व मंत्री, सांवला राम डाहरे पूर्व विधायक, ईश्वर ठाकुर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जामुल विशेष अतिथि रविशंकर सिंह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रेम लाल साहू महामंत्री भाजपा जिला भिलाई विजेंद्र सिंह महामंत्री-भाजपा जिला भिलाई नेता प्रतिपक्ष, न. पा. नि. भिलाई चरोदा अशोक बाफना उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद अहिवारा शशि बघेल, पूर्व पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर, उपासना साहू, मिथलेश खिचरिया, सीता साहू, सुषमा जेठानी, श्याम प्रसाद मुखर्जी दीनदयाल उपाध्याय भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर यह सम्मेलन कार्यकर्ताओं के और पाट्री के प्रति समर्पण का प्रतीक बना कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा विश्व की सबसे बड़ी भाजपा पार्टी है, जिसके बारह करोड़ कार्यकर्ता पूरे देश में सबसे ज्यादा सक्रिय सदस्य हैं। प्रधानमंत्री मोदीजी कहते हैं सबका साथ सबका विश्वास आप सभी के चेहरे पर प्राफुलता दिखाती है जिसका प्रमाण है। ये वक्त बदलाव का है। सबकी भूमिका बराबर है। जो आप को छोटा मानते हैं ऐसा नहीं है इतिहास के पन्नों को देखते हुए उस समय न मोबाइल था न उतने कोई संसाधन थे जो जैसा है उस का सम्मान दे। किसी की सदस्यता से कोई हटा नहीं सकता। आज कुछ लोग कार्यकर्ता को घर का नौकर समझते हैं ऐसा नहीं होना चाहिए। भारत विश्व गुरु बनेगा। पाट्री के ध्वज से बनेगा। बिजेंद्र सिंह अनुज साहू महामंत्री भाजपा मंडल ने किया विजय जायसवाल विनोद सिंह प्रशांत गुप्ता जामुल वरुण यादव, गौरी शंकर चरोदा कुमन साहू मुरमुन्दा रामजी निर्मलकर अहिवारा एवं घनश्याम साहू जेवरा सिरसा सहित अत्यधिक संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 6.25 प्रतिशत संपत्तिकर छूट का लाभ ले रहे हैं लोग



**भिलाई, 17 अप्रैल।** संपत्तिकर जमा करने पर अभी 6.25 प्रतिशत छूट प्राप्त करने के लिए नगर निगम भिलाई के काउन्टर में अच्छी भीड़ हो रही है। बहुत सारे जागरूक नागरिक वर्ष 2025-26 का संपत्तिकर जमा करने के लिए नगर निगम भिलाई के काउंटर पर पहुंच रहे हैं। इसके साथ ही जो नागरिक वर्ष 2024-25 का संपत्तिकर जमा नहीं किए है। उनको 18 प्रतिशत अधिभार एवं 1000 रुपये पेनाल्टी शुल्क जमा नहीं करने का लाभ मिल रहा है, 30 अप्रैल तक ही छूट प्राप्त होगा। ागरिकों की सुविधा के लिए अवकाश के अवधि में नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय के संपत्तिकर काउंटर खुले रहेंगे। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि जो भी मकान, दुकान मालिक हैं और जिनके द्वारा संपत्तिकर की राशि अभी तक जमा नहीं किए हैं वे सभी नागरिक जल्द से जल्द अपना बकाया संपत्तिकर की राशि समय अवधि में निगम के संपत्तिकर काउंटर पर जमा कर दें। जिससे उनके बकाया करों पर लगाने वाले अतिरिक्त अधिभार से बचा जा सके। साथ ही वित्तीय वर्ष का संपत्तिकर जमा कर 6.25 प्रतिशत छूट का लाभ भी ले सकते हैं। वसूली एजेंसी के कर्मचारी घर पर भी जाकर संपत्तिकर प्राप्त कर रहे हैं। उन्हे भी दिया जा सकता है, उनके द्वारा रसीद प्रदान की जायेगी। सुविधा के लिए घर बैठे संपत्तिकर जमा करने के लिए ऑनलाईन वेबसाईट पर संपत्तिकर जमा किया जा सकता हैं।

# शिवसेना ने की बंगाल सरकार को बर्खास्त करने की मांग



**भिलाई, 17 अप्रैल।** शिवसेना यूबीटी के प्रवक्ता राजू गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि बंगाल राज्य के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा दंगा के विरोध में मशाल जलाकर घटना की कड़ी निंदा कर बंगाल सरकार ममता बनर्जी सरकार को बर्खास्त करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति को कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया गया। समाजसेवी अशोक राव तांदुलकर एवं राजू गुप्ता ने कहा कि ममता सरकार में हिन्दुओं को निशाना बनाकर उन्हें आतंकित किया जा रहा। हिन्दू वहां से पलायन करने मजबूर हो रहे हैं। हिंसाकारी प्रदर्शनकारी बहुतायत संख्या में उनके मकान दुकान में आगजनी कर तोड़ फोड़ कर रहे हैं। हिन्दू महिलाएं बहन बेटी को शर्मसार कर बेइज्जत कर रहे हैं जो शब्दों में बयां नही कर सकते हैं। एक तरफा हिन्दुओ पर वहां हिंसक कार्यवाही हो रही है। हिंसा कारी घरों पर बम फेंक रहे हैं, घरों एवं सड़कों पर पत्थरबाजी कर रहे हैं। इन हिंसक प्रदर्शन कारियों को ममता सरकार का मौन स्वीकृति है

# छत्तीसगढ़ की पीडीएस व्यवस्था पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ: मुख्यमंत्री

रायपुर, 18 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के शंकर नगर स्थित बीटीआई ग्राउंड में छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव के पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव को पदभार ग्रहण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी ने छत्तीसगढ़ पृथक राज्य का निर्माण किया। 2003 में जनादेश के बाद डॉ रमन सिंह छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बनाए गए जिनके नेतृत्व में प्रदेश का तेजी से विकास हुआ। मुझे गर्व होता है यह बताते हुए कि डॉ सिंह के नेतृत्व में प्रदेश में जो पीडीएस व्यवस्था बनाई गई। वह आज पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ पीडीएस व्यवस्था है। उन्होंने नवनियुक्त अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव की प्रशंसा करते हुए कहा कि बेहद अनुभवी हैं रायपुर नगर निगम में सभापति और रायपुर विकास निगम के अध्यक्ष का दायित्व भी उन्होंने निभाया है।



विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि यह कॉर्पोरेशन सिर्फ एक संस्था नहीं है, बल्कि सरकार और जनता के बीच विश्वास का सेतु है। यह एकमात्र निगम है जो प्रदेश की 75 प्रतिशत जनता से जुड़ा हुआ है। राशन की एक-एक दुकान की मॉनिटरिंग, वेयर हाउस की निगरानी, समय पर जन-जन तक खाद्यान्न सप्लाई सुनिश्चित करने तक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव, खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल नवनियुक्त अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल, श्रम एवं उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक सर्व श्री किरण सिंह देव, श्री धरमलाल कौशिक, श्री पुन्नूलाल मोहले, श्री प्रबोध मिंज, श्री अमर अग्रवाल, श्री अनुज शर्मा, श्री सुशांत शुक्ला, श्री राजेश अग्रवाल, श्री पुरंदर मिश्रा, रायपुर महापौर श्रीमती मीनल चौबे, राज्य अक्षय ऊर्जा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री भूपेंद्र सवन्नी, भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष श्री रामप्रताप सिंह, पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष श्री राजा पांडेय, राज्य केश शिल्पी कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष सुश्री मोना सेन, राज्य समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत, बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष श्री चंद्रहास चंद्रकार, छत्तीसगढ़ वक्फ़ बोर्ड के अध्यक्ष श्री सलीम राज, छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार बोर्ड के अध्यक्ष श्री ध्रुव कुमार मिर्धा, छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री अमरजीत सिंह छाबड़ा, छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष श्री संदीप शर्मा, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष श्री अनुराग सिंह देव मौजूद रहे।

## एक नजर

### हरीश साहू बने नगरी नगर पंचायत में नेता प्रतिपक्ष

**नगरी,17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष दीपक बैज,प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंग गैन्दू के निर्देशानुसार शरद लोहाना अध्यक्ष ज़िला कांग्रेस कमेटी धमतरी ने नगर पंचायत नगरी के नेता प्रतिपक्ष हरीश साहू की नियुक्ति की हैं, विदित हो कि हरीश साहू अपने लोकप्रियता की वजह से दूसरी बार पार्षद बने है उन्हें नगरपंचायत का अच्छा अनुभव है और उम्मीद की जा रही है कि श्री साहू अपने कर्तव्यों पर खरा उतरेंगे। यह नियुक्ति आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है इसकी जानकारी दीपक बैज प्रदेश अध्यक्ष मलकीत सिंग गैन्दू प्रभारी महामंत्री विनोद तिवारी संगठन प्रभारी धमतरी ज़िला अंबिका मारकाम विधायक भूषण साहू ब्लॉक अध्यक्ष नगरी को दी गई हैं हरीश के नेताप्रतिपक्ष नियुक्ति पर सभी कांग्रेस जनों ने बधाई दी है।



### सहकारिता मंत्री से मिले जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा

**छुरिया ,17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महाराष्ट्र सरहद से लगे छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर कल्लुबंजारी में स्थानीय ग्रामीणों व क्षेत्र



वासियों की मांग को देखते हुए,बीते दिनों मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के प्रवास पर आए केदार कश्यप मंत्री,वन,सिंचाई एवं सहकारिता मंत्री से मुलाकात कर क्षेत्र वासियों के परेशानियों से अवगत कराते हुए अतिशीघ्र कल्लूबंजारी में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के शाखा खोलने हेतु आवेदन देकर निवेदन किया है,श्री सिन्हा ने आगे बताया कि बैंक शाखा खुल जाने से वनांचल क्षेत्र के 35 गांवों के किसानों व खाताधारकों को इसका लाभ मिलेगा यह जानकारी से मंत्री जी को अवगत कराया, जिस पर मंत्री जी ने जल्द शाखा खोले जाने आश्वासन दिया है । इस अवसर पर मुख्यरूप से जगजीत सिंह भाटिया वरिष्ठ नेता, आत्मा राम चंद्रवंशी,राजेश्वर ध्रुवे भी मौजूद रहे

### मोर दुआर, साय सरकार महाअभियान 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक



**छुरिया,17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मै श्रीमती किरणरविन्द्र वैष्णव अध्यक्ष जिला पचांयत राजनांदगांव अपील करती हूँ कि छत्तीसगढ़ राज्य में नये आवास सर्वेक्षण को शत-प्रतिशत पूर्ण कराने हेतु मोर दुआर, साय सरकार महाअभियान के तहत 15 अप्रैल 2025 से 30 अप्रैल 2025 की अवधि में विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें समय सीमा में सर्वे को पूर्ण करने एवं पात्र परिवारों के चिन्हांकन हेतु सकारात्मक वातावरण तैयार किया जा रहा है जिसमें इस बार हमारी मंशा है कि जिला राजनांदगांव में कोई भी पात्र परिवार सर्वे से वंचित न हो, इसके लिए जिले के सभी ग्राम पंचायतों में सर्वे कार्य के लिए रोजगार सहायक एवं आवास मित्र को नियुक्त किया गया है जिससे संपर्क कर अपना सर्वे करावें या अपने स्मार्ट फोन के माध्यम से आवास प्लस 2.0 एप डाउनलोड कर 30 अप्रैल 2025 से पूर्व स्वयं अपना वांछित जानकारी प्रविष्ट कर सर्वे कर सकते है।

### राजनांदगांव के विकास के नए अध्याय की शुरुआत

**राजनांदगांव ,17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पटेवा में लगभग 350 करोड़ रूपए की लागत से इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (ईएमसी-2.0) एवं ग्राम बिजेतला में लगभग 25 करोड़ रूपए की लागत से प्रदेश के पहले स्पेस मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (एसएमसी) की स्थापना राजनांदगांव जिले के लिए अभूतपूर्व पहल है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि इस ऐतिहासिक निर्णय से राजनांदगांव जिले में इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्माण और स्पेस जैसी वैश्विक स्पर्धा में दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ेगा। साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। जिससे हमारा क्षेत्र औद्योगिक विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। विधानसभा अध्यक्ष ने इस महत्वपूर्ण घोषणा के लिए राजनांदगांव जिले की ओर से मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय तथा प्रदेश के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

### हमें मां कर्मा के आदर्शों पर चलने की जरूरत:मधुसूदन

**राजनांदगांव ,17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर निगम अंतर्गत पुराना ढाबा वार्ड में नगर साहू संघ द्वारा कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव ने अपने संबोधन में मां कर्मा के आदर्शों पर चलने की बात कही अध्यक्षता कर रहे हैं जिला संघ के अध्यक्ष भागवत साहू ने मां कर्म के आदर्शों पर चलने की आवश्यक बताई।

जिला साहू संघ राजनांदगांव अंतर्गत नगर साहू संघ राजनांदगांव के वार्ड पुराना ढाबा में कर्मा जयंती कार्यक्रम 13अप्रैल दिन रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम शोभा यात्रा में मां कर्मा मूर्ति के साथ वार्ड भ्रमण करते हुए भव्य कलश यात्रा के साथ निकलीं तत् पश्चात् कर्मा की सामूहिक पूजा एवं ध्वजारोहण किया गया जहां मुख्य अतिथि श्री मधुसूदन यादव जी महापौर राजनांदगांव नगर निगम रहे अध्यक्षता भागवत साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ राजनांदगांव द्वारा किया गया विशेष अतिथि पूर्व अध्यक्ष मोती साहू जी महामंत्री नीलमणी साहू नगर अध्यक्ष कुलेश्वर साहू उपाध्यक्ष नरेंद्र साहू साहू द्वारा किया गया।

# बार-बार बिजली बंद होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने रात में किया चक्काजाम.

डोंगरगढ़ , 18 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

अघोषित रूप से विघुत कटौती के विरोध में आधा दर्जन से अधिक आक्रोशित ग्रामवासियों के द्वारा मंगलवार बुधवार की देर रात डोंगरगढ़ चिचोला मार्ग को जाम कर दिया गया. इसकी भनक लगते ही डोंगरगढ़ राजनांदगांव चिचोला पुलिस सहित सक्षम अधिकारी मौके पर पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया गया परंतु ग्रामीण अपनी मांग को लेकर अडे रहे. ग्रामीणों का आरोप लगाया गया कि लालबहादुर नगर, मानिकपुर, गोविंदपुर, मक्का टोला, खुबाटोला, बरमपुर सहित आसपास गाँव में विघुत विभाग के द्वारा अघोषित रूप से किसी भी समय विघुत आपूर्ति ठप्प कर दी जाती है साथ ही साथ जब विघुत प्रवाह संचालित रहती है उस समय लोड शेड की समस्या निर्मित हो जाती है जिसके कारण पेयजल से लेकर बच्चों की पढ़ाई से लेकर किसानी कार्य ठप्प सा पड़ जाता है और यह समस्या पिछले कई महीनों से निर्मित है जिसकी जानकारी विभाग के आलाधिकारियो को देने के बाद भी समस्या नित प्रतिदिन बढ़ती जा रही है. आलम यह हो गया है कि क्षेत्रवासियो को पीने का पानी तक नसीब नहीं हो रहा है. क्षेत्रवासी इस कदर आक्रोशित थे कि मौके



पर उपस्थित अधिकारियों से यह मांग करते हुए दिखाई दिए कि पीने का पानी नहीं दे सकते तो जहर देकर मार दो, हम लोग मरने को तैयार है. यह कस्मकश देर रात 2.00 बजे तक चलता रहा. इस दौरान सैकड़ो वाहन चक्काजाम में फंसे रहे वहीं वाहन में सफर करने वाले कई परिवारों को भी भारी परेशानियो का सामना करना पड़ा. इसको लेकर विघुत विभाग के डी.ई.ई नरेंद्र साहू से चर्चा करने पर बताया गया कि लालबहादुर नगर के फीडर में लोड शेड अधिक होने के कारण आये दिन इस क्षेत्र में परेशानी बनी रहती हैं 15 अप्रेल को दिन के समय लाल बहादुर नगर के फीडर में ब्लास्ट हो गया था जिसके कारण विघुत आपूर्ति ठप्प पड़ गई थी जिसके बाद जिले से टेक्निशियन को बुलाकर देर रात को सुधार कार्य कराये गए. श्री साहू का कहना है कि इस क्षेत्र की समस्या उस समय तक हल नहीं हो सकती जब तक भंडारपुर स्थित 132 केबी सब. स्टेशन तैयार हो जाने के बाद ही स्थिति में सुधार हो पायेगा.

**विघुत विभाग में भ्रष्टाचार का आरोप-**मौके पर उपस्थित आक्रोशित ग्रामीणों का आरोप था कि विघुत विभाग के अंदर भारी भ्रष्टाचार का बोलबाला है. सक्षम अधिकारी, कर्मचारी मोटी रकम लेकर मापदंड के विरुद्ध मनमाने ढंग से अस्थाई कनेक्शन दे दिए गये है जिसके परिणाम स्वरूप लोड शेड की स्थिति निर्मित हो गई है जिसके कारण अस्थाई रूप से कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. भ्रष्टाचार के आरोप पर अधिकारी कर्मचारियो में खामोशी छाई रही. इसको लेकर अनुविभागीय पुलिस अधिकारी आशीष कुंजाम से प्रतिक्रिया लेने पर बताया गया कि ग्रामीणों के आरोप को एसडीएम मनोज मरकाम के द्वारा गंभीरता से लेते हुए लाल बहादुर नगर क्षेत्र के पटवारी को अस्थाई कनेक्शन की जांच कराने को आदेशित किया गया है. शिकायत सही पाए जाने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी. इस दौरान विघुत विभाग के आलाधिकारियो से लेकर कई थाना के प्रभारी व पुलिस बल उपस्थित होने के बाद भी लगभग 04 घंटे तक इस मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा.

# जल संरक्षण के लिए किया जागरूक

**राजनांदगांव 17 अप्रैल।** जिला प्रशासन व विभिन्न संगठनों एवं जनसामान्य द्वारा जिले में जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए नागरिकों में जागरूकता लाने विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पद्मश्री फूलबासन यादव के नेतृत्व में जनपद पंचायत डोंगरगांव के ग्राम किरगी में नीर और नारी जल यात्रा के संदेश के साथ ग्रामवासियों के सहयोग से जल कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा के माध्यम से जल संरक्षण एवं जल संरक्षण के लाभ से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। पद्मश्री फूलबासन यादव ने ग्रामीणों को बताया गया कि राजनांदगांव जिला सेमीक्रिटिकल जोन घोषित हो गया है, ऐसी स्थिति में जिलेवासियों की जल संरक्षण को गंभीरता से लेते हुए भविष्य में पेयजल समस्या से बचने के लिए आवश्यक कदम उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी में मानव ही संजोने व संवारने का काम कर सकते हैं, प्रकृति से मिले इस जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करना होगा। मानव को सभी जीव-जंतुओं के बारे में भी सोचना चाहिए, जिनको जल संकट से परेशानी हो सकती है। जल कलश यात्रा में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री मनीष कुमार साहू, जनपद सदस्य श्री उमेश साहू, सरपंच ग्राम पंचायत किरगी ब श्रीमती इंद्रानी साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधि, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।




# दौड़ में गोल्ड मेडल जीतने वाली किरण साहू का समाज ने किया सम्मान

राजनांदगांव , 18 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर दिल्ली से गृह लौटी नगर किरण साहू का जिला साहू संघ एवं नगर साहू संघ द्वारा विशेष सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणि साहू ने कहा कि किरण साहू पर साहू समाज को गर्व है। उम्मीद है कि समाज बेटों के समान ही बेटियों को इस तरह प्रतिभा निखारने का अवसर देता रहेगा। ताकि समाज में और भी प्रतिभावान पीढ़ी समाज को गौरव दिलाती रहेगी। जिला साहू संघ अंतर्गत नगर साहू संघ की होनहार बिटिया किरण साहू मैराथन धाविका का नगर आगमन पर जिला साहू संघ द्वारा स्वागत किया इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला साहू संघ महामंत्री नीलमणि साहू के साथ डाक्टर महेश साहू चंद्रशेखर विजय साहूअनील साहू बसंत साहू उमाशंकर तरुण साहू धनेश साहू नरसिंह साहू प्रभा साहू ऋत्विक साहू



इंदु साहू भुनेश्वरी ठाकुर तुलसी साहू सपना साहू संजू साहू सुमन साहू नंदलाल साहू योगेश साहू खेमलाल साहू सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# भविष्य की चिंता में डूबे पंचायत सचिव

**डोंगरगढ़,17 अप्रैल।** विधानसभा चुनाव में भाजपा द्वारा सरकार बनने पर 100 दिन के भीतर पंचायत सचिवों का शासकीय करण करने का वादा किया गया था , और उस वादा को बकायदा मोदी की गारंटी का नाम दिया गया जिसके कारण पूरे प्रदेश स्तर के पंचायत सचिव भाजपा का सरकार बनाने में बस्तर से लेकर सरगुजा ,दुर्ग से लेकर बिलासपुर संभाग तक समस्त सचिव गण सरकार बनाने के लिये एड़ी चोटी का जोर लगा दिये और सचिवों की बदौलत सरकार बन भी गयी ,सरकार बनने के बाद सचिवों द्वारा 7जुलाई 2024 को बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम रायपुर में नवगठित सरकार एवं उसके मंत्रियों का सम्मान समारोह रखा गया और उस सम्मान समारोह में 11694 पंचायत सचिवों की भीड़ को देखकर माननीय मुख्यमंत्री जी ने ग्राम पंचायत सचिवों की शासकीय करण करने हेतु कमेटी गठन का घोषणा किया और 30 दिन में कमेटी को रिपोर्ट सौंपने का समय सीमा दिया गया लेकिन उस कमेटी ने अपना रिपोर्ट आज तक सरकार को नहीं सौंपा और सरकार ने कमेटी के अनुसंशा के भरोसे सचिवों का



भविष्य अधर में छोड़कर सुध लेना भी छोड़ दिया , सरकार द्वारा किये गये मोदी की गारंटी शासकीय करण की मांग को लेकर एवं सरकार को उसके द्वारा किये वादा को याद दिलाने 17/3/2025 को ज्ञापन सौंपा गया लेकिन सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंगा,मजबूरन छत्तीसगढ़ के 33 जिलों के 146 विकासखंड के 11694 पंचायत सचिवों को हड़ताल पर बैठना पड़ा ,आज हड़ताल करते एक माह बीत गया लेकिन सरकार अभी भी कुंभकर्णी नींद में सोये हुये है कुंभकर्णी नींद से सरकार को जगाने के लियेदिनांक 13/4/2025 से क्रमिक भूख हड़ताल आंदोलन प्रारंभ किया गया है इसी दौरान दिनांक 15/4/2025 को क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे 54 वर्षिय सचिव राजकुमार कश्यप ग्राम पंचायत कुटेलामुड़ा जनपद पंचायत पाली जिला कोरबा आकस्मिक दुख्खद मृत्यु हो गया और साथ में दो अन्य सचिव मोहित साहू ग्राम पंचायत उतेकेल जनपद पंचायत पिथौरा जिला महासमुंद, रामेश्वर चौहान ग्राम पंचायत बनकोम्बो जनपद पंचायत कुनकुरी जिला जशपुर की भी असामायिक मृत्यु हो गया , सचिव संघ हित में अपनी जान गवाने वाले जांबाज साथियों को ब्लाक ईकाई डोंगरगढ़ में ब्लाक अध्यक्ष राजाराम उईके के नेतृत्व में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

# कलेक्टर के आदेश पर जंगल के नैसर्गिक वनोपज कोकून ( कोशा ) की खरीदी शुरू

नगरी , 18 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

वनांचल क्षेत्र नगरी के ग्राम पंचायत भैंसामुडा के अंतर्गत ग्राम सभा खुदूरपानी के जंगलों में नैसर्गिक रूप से हो रहे कोशा की खरीदी रेशम विभाग के द्वारा शुरू किया गया। जिसके तहत पहले दिन पंद्रह हजार कोकून खरीदा गया है। बता दें ग्राम सभा खुदूरपानी, भैसामुडा, मटियाबहरा, चारगांव एवं चंदनबहरा में सामुदायिक वन संसाधन प्राप्त होने के बाद ग्रामीणों के द्वारा वन संरक्षण करने लगे है, इसके परिणाम स्वरूप तीन वर्षो तक जंगल में आग नही लगने से यहां के वृक्षों में कोकून का पैदावार होने लगा है, इसका फायदा लगभग चार सौ पचास परिवार को मिला है, और यहां के ग्रामीणों को दस हजार से पचास हजार रुपए तक का फायदा हुआ है, उल्लेखनीय है कि विगत दिनों धमतरी कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा, का खुदूरपानी आगमन हुआ था जहां पर ग्रामीणों



से रूबरू चर्चा के दौरान संदर्भ केंद्र खुदूरपानी खोज संस्था के माध्यम से कलेक्टर के समक्ष कोकून खरीदी का प्रस्ताव ग्राम सभा खुदूरपानी द्वारा रखा गया था, जिस पर कलेक्टर ने तत्वरित रेशम विभाग के डारेक्टर उईके को आदेशित किया कि ग्राम खुदूरपानी एवं आस पास संग्रहण कर रहे कोकून को खरीदी की जाये और कोकून से रेशम धागा करण का प्रक्रिया चालू किया जाए जिसके परिपालन में रेशम विभाग के द्वारा दिनांक 15/4/2025 को कोसा खरीद कर रेशम धागा निकालने की प्रक्रिया के तहत महिला सदस्यों को रेशम विभाग के डारेक्टर उईके जी के निर्देशानुसार जय सिंह नेताम जी की टीम ने रेशम धागा निकालने वाली मशीन की सहायता से धागा निकालने व मशीन चलाने की जानकारी दी गई, कलेक्टर के इस पहल से वनांचल के ग्रामीणों के लिए रोजगार के द्वार खुल गया है, इसके लिए ग्राम सभा के सदस्यों द्वारा जिला कलेक्टर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# भाजपा संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है : कांग्रेस

राजनांदगांव , 18 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा राजनैतिक विद्धेषवश सत्ता के ताकत का दुरूपयोग करते हुए केन्द्रीय एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय जैसी संवैधानिक संस्थाओं का गलत



इस्तेमाल कर देश के प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी एवं लोकसभा नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी सहित कांग्रेस के अन्य नेताओं का नाम प्रर्वतन निर्देशालय द्वारा दाखिल आरोप पत्र में दर्ज किया है। जिसके विरोध में शहर जिला कांग्रेस व जिला ग्रामीण कांग्रेस के नेतृत्व में 16 अप्रैल को धरना-प्रदर्शन कर केन्द्र सरकार पर जमकर निकाले भड़ास।

जानकारी देते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि केन्द्र की भाजपा सरकार केन्द्रीस एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय जैसी संवैधानिक संस्था का दुरूपयोग करते हुए नेशनल हेराल्ड अखबार मामले पर विपक्ष के प्रमुख नेता पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी, लोकसभा के नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी व अन्य कांग्रेसी नेताओं पर चार्जशीट दाखिल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोप लगाया है। जो कि यह पूर्णरूप से प्रायोजित अपराध है, यह बदले की राजनीति और विद्धेषवश सत्ता के ताकत का दुरूपयोग है जिसको लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार 16 अप्रैल को पोस्ट आफिस के सामने फ्लाई ओवर के नीचे धरना-प्रदर्शन कर केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# धामनसरा में मितान महोत्सव

राजनांदगांव , 18 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

समीपस्थल ग्राम धामनसरा मितान महोत्सव कार्यक्रम 26 अप्रैल शनिवार को शाम 5 शुभारंभ किया जाएगा जिसमें प्रदेश 400 लोक कलाकार शामिल होगा प्रमुख जस सम्राट दुकालू यादव जसगीत दुर्ग अल्का चंदाकर लोक गायिका विवेक शर्मा लोक गायक सुश्री कंचन जोशी लोक गायिका तरुणा साहू पंडवानी सुश्री आरू साहू लोक गायिका घेवर यादव एवं भोला साहू हास्य कलाकार शिवा साहू छत्तीसगढ़ हीरो लोक प्रयाग राजिम राजेश साहू मयारु संगी टेडेसरा नरेन्द्र साहू संगी के मया गुण्डरदेही राजेश साहू गीतमन उग्रसेन तथा मितान संस्था सभी कलाकार अध्यक्ष राजेश मारू धरती के श्रृंगार संचालक महेशवर प्रसाद साहू धरोहर संचालक महादेव हिरवानी स्वरधारा विष्णु कश्यप पूर्व जनपद सदस्य योगेंद्र दास वैष्णव सरपंच प्रतिनिधि कृतलाल पटेल जनपद प्रतिनिधि अभिषेक चंदाकर पूर्व सरपंच लोकेश कुमार गंगवीर जिवराखन पटेल चुरामन पटेल जानू पटेल चुम्मन निषाद सहित आयोजन समिति सदस्य जगह चयन स्थल निरीक्षण किया



# चांद सूरज गांव में धूमधाम से मनाई कर्मा जयंती

राजनांदगांव , 18 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जिले के बोरतालाब रेलवे स्टेशन से लगे महाराष्ट्र के सीमावर्ती गांव चांद सूरज में तहसील साहू संघ लाल बहादुर नगर के चारभाटा परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती समारोह 13 अप्रैल को धूमधाम से मनाया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित साहू समाज के लोगों ने समारोह पूर्वक आयोजित इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिला साहू संघ अंतर्गत तहसील साहू संघ लालबहादुर नगर के परिक्षेत्र चारभांठा में शामिल महाराष्ट्र अंतर्गत ग्राम चांद सूरज में कर्मा जयंती कार्यक्रम 13अप्रैल दिन शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम शोभा यात्रा में मां कर्मा मूर्ति के साथ ग्राम भ्रमण करते हुए भव्य कलश यात्रा के साथ निकलीं तत् पश्चात् कर्मा की सामूहिक पूजा एवं ध्वजारोहण किया गया जहां मुख्य अतिथि श्री संजय पराम जी विधायक आमगांव देवरी अध्यक्षता डाक्टर नीरेंद्र साहू संरक्षक जिला साहू संघ राजनांदगांव महामंत्री नीलमणी साहू तहसील अध्यक्ष लालबहादुर नगर




जिला उपाध्यक्ष महेश्वर साहू डाक्टर महेश साहू चंद्रशेखर साहू श्रीमती सुजाता साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समाप्ति पश्चात् खिचड़ी प्रसादी भोजन भंडारा आदि वितरण किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में जिला साहू संघ के संरक्षक डाक्टर नीरेंद्र साहू ने कहा कि मां कर्मा भगवान श्री कृष्ण की महान भक्तों में से एक है हमें मां कर्मा से इसी भक्ति को सीखने की जरूरत है। इसलिए हमें मां कर्मा के जीवन से कुछ सीखने की जरूरत है तभी हमारा जीवन महान बनेगा। इस मौके पर उन्होंने सभी को मां कर्मा जयंती की बधाई व शुभकामनाएं दी। परिक्षेत्र अध्यक्ष कमलेश साहू सचिव, रोहित साहू सहित ग्राम के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## संपादकीय

# सोनिया,राहुल के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

जांच एजेंसी किसी मामले की जांच करती है और जांच वह यूं ही शुरू नहीं कर देती है, उसके पास शिकायत होती है और शिकायत में कुछ जांच करने योग्य बात मिलती है तो ही जांच की जाती है और जांच के बाद चार्जशींट संबंधित कोर्ट में पेश करती है। कानूनी मामलों में की लड़ाई कोर्ट में हो तो बेहतर होता है। लेकिन देश में कानूनी लड़ाई के साथ साथ राजनीतिक लड़ाई भी लड़ी जाती है। कई बार कानूनी लड़ाई से ज्यादा राजनीतिक लड़ाई लड़ी जाती है। जब किसी मामले में दो राष्ट्रीय दल आमने सामने होते हैं। जिस राष्ट्रीय दल के नेता के खिलाफ जांच के बाद कार्रवाई की जाती है वह कहता है कि यह तो कानूनी मामला नहीं है, यह तो राजनीतिक रूप से कानून का दुरुपयोग कर मामला बनाया गया है, राजनीतिक दल और उसके नेताओं को बदनाम करने के लिए। दूसरे राष्ट्रीय दल का साफ कहना होता है कि इसमें हमारी कोई भूमिका नहीं है। यह तो भ्रष्टाचार का मामला है, एजेंसी कानून के मुताबिक जांच कर रही है और कार्रवाई कर रही है। इस देश में कानून का राज चलता है, इस देश में कानून से ऊपर कोई नहीं है, जो कानून के खिलाफ कुछ करेगा उसके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।नेशनल हेराल्ड मामले में ऐसा ही हुआ है। इस मामले में सोनिया गांधी व राहुल गांधी पूछताछ के बाद बेल पर हैं। इस मामले में ईडी ने अब दोनों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। ईडी का आरोप है कि कांग्रेस नेताओं ने साजिश के तहत एसोसियेटेड जर्नल्स लिमि.(एजीएल) की 2000 करोड़ की संपत्तियों पर कब्जा करने के लिए उसका अधिग्रहण निजी स्वामित्व वाली कंपनी यंग इंडिया के जरिए केवल पचास लाख रुपए में कर लिया।इस कंपनी के ज्यादातर शेयर सोनिया गांधी व राहुल गांधी के पास हैं। इस मामले में अपराध से अर्जित आय 988 करोड़ रुपए मानी गई है। साथ ही संबंध्द संपत्ति का बाजार मूल्य 5000 करोड़ रुपए बताया गया है। इस मामले में आरोपी नंबर एक सोनिया गांधी, आरोपी नंबर दो राहुल गांधी हैं। इनके अलावा कांग्रेस नेता सुमन दुबे, सैम पित्रोदा, दो कंपनिया यंग इंडिया व डोटेक्स मर्चेंडाइज आरोपी है। माना जाता है कि आरोपपत्र दाखिल होने के बाद कोर्ट इस मामले का संज्ञान लेता है तो औपचारिक रूप से आरोपी घोषित किए जाते हैं।इसके बाद ट्रायल शुरू होगा। ट्रायल में दोनो पक्ष अपना साक्ष्य रखेंगे और कोर्ट साक्ष्य के आधार पर यह तय करेगा कि जब्त की गई संपित्त पर सरकार का स्थायी नियंत्रण हो या न हो। जहां तक सोनिया गांधी व राहुल गांधी की गिरफ्तारी का सवाल है तो वह अभी बेल प हैं, इसलिए उनकी गिरफ्तारी तो नहीं होगी लेकिन कांग्रेस इस मामले में कानूनी लड़ाई के साथ राजनीतिक लड़ाई भी लड़ती आ रही और आगे भी लड़ेगी इसलिए वह हमेशा की तरह विक्टिम कार्ड खेलने का प्रयास करेगी कि यह देश के सबसे सम्मानित परिवार को एक राजनीतिक दल द्वारा परेशान व बदनाम किया जा रहा है। देश में सबसे ज्यादा समय तक सत्ता में कांग्रेस रही है। इसलिए सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार के आरोप भी उस पर लगे हैं लेकिन जिसे दूसरे दल के लोग भ्रष्टाचार मानते हैं, उसे कांग्रेस नेता भ्रष्टाचार नहीं मानते हैं। वह तो उसे सत्ता मे ंरहने वालों का स्वाभाविक काम मानते हैं। ऐसा होता भी है जो भी सत्ता में रहता है वह बहुत कुछ काम ऐसा करता है जिसे सत्ता में रहनेवाले का अधिकार माना जाता है,स्वाभाविक काम माना जाता है। एक होता है परिवार के लिए संपत्ति बनाना और दूसरा होता है पार्टी के लिए पैसा जुगाड़ करना । जो सत्ता में रहता है वह बहुत कुछ ऐसा भी करता है और इस भरोसे पर करता है कि आने वाले समय में सत्ता तो हमारे पास ही रहनी है, सत्ता हमारे पास ही रहनी है तो इसका मतलब होता है कि हमने सरकार में रहते जो कुछ भी किया है,उसका पता किसी को चल नहीं सकता। किसी को चल नहीं सकता इसलिए कोई कुछ कह नहीं सकता। सत्ता में हम हैं तो सब कुछ हमारे हिसाब से होगा।कांग्रेस को भरोसा होता था जनता उनके अलावा किसी को चुन नहीं सकती। लेकिन वक्त बदलता है तो बहुत कुछ बदलता है। दस साल के बाद जनता ने पहली बार वह काम किया जो उसने कभी नहीं किया था, गैर कांग्रेस दल को बहुमत देने का काम। यानी सत्ता गैर कांग्रेस दल को सौंप दिया। वह भी बहुमत के साथ यानी कांग्रेस हमेशा की तरह उसे गिरा नहीं सकती थी, यह जनता का फैसला था और जनता के इस फैसले के बाद ही वह सब उस देश में होने लगा जो पहले कभी सोचा नहीं गया था। गांधी परिवार की खास सुरक्षा व्यवस्था हटा दी गई, उनको भी वही सुरक्षा दी गई जो देश के अन्य नेताओं को दी गई थी, उन्हें खास से आम नेता बना दिया गया। उनके खिलाफ स्वामी ने शिकायत की तो केस दर्ज कर जांच की गई और आज उनके खिलाफ आरोप पत्र भी पेश कर दिया है। कभी देश में गांधी परिवार का ऐसा दबदबा था कि उनके खिलाफ कोई आरोप नहीं लगा सकता था, किसी जांच एजेंसी की हिम्मत नहीं थी कि उनको पूछताछ के लिए बुला सके। किसी कोर्ट में उनको जमानत के लिए कभी जाने की नौबत नहीं आई। गांधी परिवार के लिए यह बहुत ही अपमानजनक है कि उनको बेल लेना पड़े, उनके खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया जाए लेकिन जब जनता बदलती है तो ऐसा ही होता है। जनता तो बदलती रहती है, इसलिए राजनीतिक दलों को यह कभी नहीं सोचना चाहिए कि जनता उनके साथ है तो हमेशा उनके साथ रहेगी। इस देश में दो अदालते हैं, एक न्यायपालिका है, और दूसरी जनता की अदालत। दोनों अपने ढंग से न्याय करते हैं। एक सबूतों के आधार पर न्याय करता है तो दूसरा जो कुछ पांच साल,दस साल देखता है उसके बाद न्याय करता है। दोनों सजा देते हैं कई बार न्यायपालिका जो सजा किसी राजनीतिक दल को नहीं दे पाती है, वह सजा जनता देती है। कांग्रेस दस साल से सत्ता में नहीं है, कई राज्यों में सत्ता में नहीं है, कांग्रेस 80 चुनाव हार चुकी है तो यह जनता का फैसला है। जनता ने कुछ तो देखा है कुछ तो उसे गलत लगा है इसलिए उसने कांग्रेस को इतनी बड़ी सजा दी है।बड़े गुनाह की बड़ी सजा मिलती है, सत्ता का दुरुपयोग करने की सजा सत्ता छीन कर दी जाती है। सत्ता में लंबे समय तक कांग्रेस रही है, इसलिए सत्ता का दुरपयोग भी उसने सबसे ज्यादा किया है, कई राजनीतिक दलों व नेताओं को उसने बरसों परेशान किया है। बारी सबकी आती है, मौका सबको मिलता है,इसलिए किसी को जब कोई दल बरसों परेशान करता है तो उसे यह सोचना चाहिए कि हम भी हमेशा सत्ता में नहीं रहेंगे और आज जो जिस दल या नेताओं को हम परेशान कर रहे हैं वह एक दिन सत्ता मे ंआ सकते हैं और वह भी हमे परेशान कर सकते हैं। इतिहास को जानने वाले मानते हैं कि हर देश में इतिसाह अपने को दोहराता है और जो दूसरों को परेशान करता है, उसे भी एक दिन उसको भी कोई उसी तरह परेशान करता है। कहते हैं न कर्म का फल अटल हैं। सत्ता मं रहने वाले अहंकार के चलते याद नहीं रख पाते हैं, उनको याद रखना चाहिए वह जैसा करेंगे, वैसा भरेंगे।

स्वास्थ्य

# बढ़ती उम्र के साथ सतर्कता का ध्यान रखना जरूरी

**किशन सनमुखदास भावनानी**

कुदरत द्वारा बनाई इस अनमोल सृष्टि में मानवीय जीवन की रफ्तार इतनी तेज हो गई है कि सुबह से शाम तो क्या बचपन से पचपन तक कैसे पहुंच गए पता ही नहीं चलता



वर्तमान परिपेक्ष में बढ़ती जीवन चक्र की प्रक्रिया में संघर्षों खुशियों, दुखों, रोजी-रोटी,घर परिवार सांसारिक मोह माया इत्यादि अनेक क्रियाओं के चक्कर में अधिकतम मानवी जी ऐसे उलझ गए हैं कि उन्हें अपने शरीर,बढ़ती उम्र का तकाजा ही नहीं रहा !हालांकि सच्चाई यह है कि बढ़ती उम्र के साथ-साथ सतर्कता का ध्यान रखना अत्यंत जरूरी है। यूं समझो बुढ़ापा जवानी नहीं, लाता जवानी बचपन नहीं लाती !इसलिए उम्र के बढ़ने के साथ सेहत में भी बदलाव आते हैं। सेहत का ध्यान रखना, फिटनेस टिप्स, घरेलू उपाय और तनाव से दूर रहना अत्यंत जरूरी है।

साथियों बात अगर हम चालीस प्लस उम्र की करें तो आपकी उम्र चालीस वें पड़ाव पर पहुंच चुकी है और चालीस की उम्र पर पहुंचने का मतलब है अपनी सेहत का पहले से अधिक ध्यान रखना। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती रहती है वैसे-वैसे सेहत में भी बदलाव आते रहते हैं।साथियों संभव हो तो हमें निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए (1) बढ़ती उम्र के साथ-साथ शरीर में विटामिन, मिनरल्स, कैल्शियम, आयरन और एंटीआक्सीडेंट की कमी महसूस होने लगती है। इसलिए भोजन में ऐसी चीजों को अधिक शामिल करें, जो इन सभी पोषक तत्वों की आपूर्ति कर सके। (2) अत्यधि?क गुस्सा और चिंता करने से बचें, साथ ही शारीरिक श्रम भी उतना ही करें, जितना आपके स्वास्थ्य के लिए सही हो। अत्यधिक परिश्रम करने से बचें। (3) बेहतर होगा कि चालीस से अधि?क उम्र होने पर, आप अपनी आदतों और दिनचर्या में बदलाव लाएं। इस अवस्था में आपका शरीर उतना स्वस्थ और उजार्वान नहीं होता। अपने खान-पान और दिनचर्या में बदलाव कर आप उर्जा के साथ ही लंबी उम्र भी पा सकते हैं। (4) घर पर बने पौष्टिक सूप आपकी सेहत के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। भोजन के बीच में भूख लगने पर आप इनका सेवन कर सकते हैं। (5) चालीस से अधिक उम्र वालों के लिए एंटी ऑक्सीडेंट युक्त आहार लेना बेहद आवश्यक है। इसलिए हरी सब्जि?यां, वेजिटेबल जूस, सलाद, फल, ग्रीन-टी आदि का सेवन अवश्य करें। (6) इस समय आपके शरीर के सभी अंगों और मांसपे?शि?यों ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है, इसलिए खान-पान को बैलेंस रखें ताकि आपका लिवर सुरक्षित रहे और शरीर से विषैले तत्वों को बाहर कर सके। (7) चालीस की उम्र के बाद अक्सर छोटी- छोटी बातों का तनाव और चिड़चिड़ापन होता है साथ ही दिमाग भी कमजोर होने लगता है। इसके लिए योगा, व्यायाम, मेडिटेशन, संगीत को अपनी दिनचर्या में शामि?ल करें। साथ ही वह काम करें जिसे करने में आपको आनंद आता है और जिसमें आपका मन लगता है। (8) साबुत अनाज को अपने भोजन में शामिल करें और फलों का भरपूर सेवन करें। इत्यादि के अलावा और भी आने की टिप्स है जिनकी सहायता से सतर्कता बरती जा सकती है।

साथियों बात अगर हम, बढ़ती उम्र के तकाजे से निपटने के लिए उपायों की करें तो, शारीरिक गतिविधि, पर्याप्त नींद, और स्वस्थ आहार अपनाना जरूरी है, साथ ही, संक्रमणों से बचने के लिए टीका लगवाना भीफायदेमंद होता है। एक स्वास्थ्य संस्थान के मुताबिक, शारीरिक गतिविधि से हृदय स्वास्थ्य बेहतर रहता है और वजन नियंत्रित रहता है--(1) बढ़ती उम्र के लक्षणों को कम करने के लिए, ये उपाय अपनाए जा सकते हैंः (2) रोजाना दल चलें, साइकल चलाएं, या तैरें (3) योग करे (4) पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं(5) 6 से 7 घंटे की नींद लें (6) हेल्दी चीजें खाएं (7) नियमित रूप से एक्सरसाइज करे (8) टीका लगवाएं।बढ़ती उम्र में स्वस्थ रहने के लिए, इन बातों का ध्यान रखना चाहिएः(1) शारीरिक गतिविधि से शरीर में ब्लड का सर्कुलेशन सही रहता है (2) पर्याप्त नींद लेने से त्वचा की डैमेज रिपेयर होती है (3) नियमित एक्सरसाइज से हार्ट डिजीज और कैंसर का खतरा कम होता है (4) शारीरिक गतिविधि से मूड अच्छा रहता है (5) शारीरिक गतिविधि से हड्डियां मजबूत होती हैं (6) पर्याप्त नींद लेने से झुर्रियां पड़ने की प्रक्रिया धीमी होती।

तो क्या जीवन अगर बाकी है तो उसे आनंद लेते हुए और मनोरंजन के साथ नहीं जीना चाहिए, यह प्रश्न उन लोगों को अपने आप से करना जरूरी हो जाता है जो पहले की तरह स्वतंत्र, मुक्त और बेफिक्र होकर जिंदगी व्यतीत करना चाहते रहे हैं? सन्‌ 1950 में जहां एक भारतीय की औसत आयु 35 वर्ष थी वहां अब यह दोगुनी होकर 70 तक पहुंच गई है। इसका अर्थ यह हुआ कि इसके बाद भी 80 से 100 वर्ष तक जीने की कल्पना की जा सकती है। इसी तरह दुनिया में ऐसे बहुत से देश हैं जिनमें औसत आयु 80-85 वर्ष है अर्थात वहां रहने वाले सौ साल से अधिक जीने के बारे में सोच सकते हैं। बढ़ती उम्र में यदि इसी सोच के साथ जीने की कोशिश की जाए कि हमारी सोच अभी भी वैसी है जैसी कि तब थी जब हम अब से आधी उम्र के थे तो वृद्धावस्था का डर नहीं रहेगा और व्यक्ति आनंदपूर्वक जी सकेगा। अपने शौक हों या कोई भूली बिसरी इच्छा हो अथवा घूमने-फिरने, नई जगहों पर जाने का मन हो, यहां तक कि अपने रिश्तों का दायरा बढ़ाने की इच्छा हो तो इस उम्र में पीछे मुड़कर न देखना और उम्र को मनोरंजन की एक शैली मानते हुए जीना ही सबसे बेहतर है। और अब तो सरकार भी रिटायर्ड लोगों को नौकरी देने के बारे में सोच रही है क्योंकि उम्र कभी भी युवा होने की सोच पर हावी नहीं हो सकती। उम्र के असर से बचकर रहना है तो अपने खाने पीने, सोने जागने, सेहत का ध्यान रखते हुए अपने शरीर और मन की जांच पड़ताल कराते हुए ही जीना सर्वश्रेष्ठ है।

साथियों बात अगर हम पचास प्लस उम्र की करें तो, पचास साल की उम्र के बाद कुछ कारक हो सकते हैं, जिनके कारण भोजन का सेवन कम हो सकता है। इसमें शामिल है भूख की कमी, स्वाद या गंध पहचानने की कमी, चबाने या निगलने में कठिनाई, शारीरिक शक्ति या गतिशीलता की कमी, गंभीर बीमारी या दवाओं का सेवन, भावनात्मक स्थिति, वित्तीय सुरक्षा शामिल आदि।पचास साल या इससे ज्यादा की उम्र के लोगों को समझना जरूरी है कि उन्हें क्या करना चाहिए क्या नहीं। आसानी से पचने वाले, आसानी से अवशोषित होने वाले, छोटे-छोटे टुकड़ों में लगातार भोजन लें। शक्कर, मीठे पेय पदार्थ, अनडाइल्यूटेड जूस के सेवन को कम करें। फलों को प्राथमिकता दें। अपने आहार में बहुत सारे तरल पदार्थ शामिल करें, क्योंकि वे आपको हाइड्रेटेड रखते हैं और पाचन बेहतर करते हैं। रिफाइन्ड अनाज और दालों की जगह साबुत अनाज और दालों का इस्तेमाल करें। आहार में फाइबर की संरचना मध्यम होनी चाहिए। शारीरिक रूप से सक्रिय रहें। हर दिन के भोजन में मौसमी फलों के दो-तीन सर्विंग्स शामिल करने चाहिए।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा मन की बात की 87वीं कड़ी में 126 वर्षीय बाबा शिवानंद के उल्लेख की करें तो उनके फिटनेस के बारे में उन्होंने कहा, एक पद्म सम्मान समारोह में आपने बाबा शिवानंद जी को जरुर देखा होगा। 126 साल के बुजुर्ग की फुर्ती देखकर मेरी तरह हर कोई हैरान हो गया होगा और मैंने देखा, पलक झपकते ही, वो नंदी मुद्रा में प्रणाम करने लगे। मैंने भी बाबा शिवानंद जी को झुककर बार-बार प्रणाम किया। 126 वर्ष की आयु और बाबा शिवानंद की फिटनेस, दोनों, आज देश में चर्चा का विषय है। मैंने सोशल मीडिया पर कई लोगों का कॉमेंट देखा, कि बाबा शिवानंद, अपनी उम्र से चार गुना कम आयु से भी ज्यादा फिट हैं। वाकई, बाबा शिवानंद का जीवन हम सभी को प्रेरित करने वाला है। मैं उनकी दीर्घ आयु की कामना करता हूँ। उनमें योग के प्रति एक पैशन है और वे बहुत हैल्थी लाइफस्टाइल जीते हैं। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि बढ़ती उम्र का तकाजा है, बढ़ती उम्र के साथ सतर्कता का ध्यान रखना अत्यंत जरूरी है। बुढ़ापा जवानी नहीं लाता, जवानी बचपन नहीं लाती,उम्र के बढ़ने के साथ सेहत में भी बदलाव आता है। सेहत का ध्यान रखने, फिटनेस टिप्स, घरेलू उपाय और तनाव से दूर रहना जरूरी है।

## राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए समस्याओं से निजात दिलाने वाला रहेगा। आपका कोई काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। आप अपने घर के रेनोवेशन आदि के बारे में भी सोच सकते हैं। आपको अपनी संतान की संगति पर भी विशेष ध्यान देना होगा। परिवार में बुजुर्गों की सेवा भाव के लिए भी आप काफी समय निकालेंगे। यदि कुछ पारिवारिक समस्याओं के बावजूद रिश्ते में दूरियां आ गई थी, तो वह भी दूर होगी।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए सामाजिक कामों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपकी छवि अच्छी रहेगी और आपको एक नई पहचान मिलेगी, लेकिन आप अपने मन में प्रेम और सहयोग की भावना बनाए रखें। माताजी को आप ननिहाल पक्ष के लोगों से मेल-मिलाप कराने लेकर जा सकते हैं। आपका कोई मित्र आपसे धन को लेकर कोई मदद मांग सकता है। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

मिथुन- आज का दिन विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई-लिखाई में एकाग्र होकर जुटने के लिए रहेगा। आप इधर-उधर के कामों पर ध्यान ना लगाएं। आपको धन संबंधित मामलों को मिल बैठकर निपटना होगा। कोई कानूनी मामला आपके लिए सिरदर्द बन सकता है। आपके आसपास में कोई वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। आपने कोई बात यदि जीवनसाथी से गुप्त रखी थी, तो वह आज उनके सामने उजागर हो सकती है। आपको किसी से कोई वादा सोच समझकर करना होगा।

कर्क- आज का दिन आपके लिए भागदौड़ से भरा रहने वाला है। आपको एक साथ कई काम हाथ लग सकते हैं, लेकिन आपको एक-एक करके निपटाना बेहतर रहेगा। आप किसी धार्मिक संस्था से जुड़कर अच्छा नाम कमाएंगे। आपके मित्र के रूप में कुछ शत्रु हो सकते हैं। नौकरी में कार्यरत लोगों को मनपसंद काम मिल सकता है, जिससे उनके मन में खुशियां रहेंगी। जीवनसाथी के लिए आप कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

सिंह- आज का दिन आपके लिए बिजनेस के लिहाज से कुछ कमजोर रहने वाला है, क्योंकि आपको बिजनेस में मन मुताबिक लाभ न मिलने से आप परेशान रहेंगे। आपकी किसी नई संपत्ति को खरीदने की इच्छा पूरी हो सकती है। आपको किसी नए काम को करना बेहतर रहेगा। आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी मिले, तो आप उसे तुरंत आगे ना बढ़ाएं। आपके परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की हो सकती है।

कन्या- आज आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं। आप अपने भाई के लिए कुछ धन का इंतजाम करेंगे। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आपने यदि किसी को धन उधार दिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। आपकी किसी नहीं संपत्ति को खरीदने की इच्छा पूरी हो सकती है। आपको किसी गलती के कारण अपने बॉस से डांट खानी पड़ सकती है। नौकरी में कार्यरत लोग किसी दूसरी नौकरी के लिए भी अप्लाई कर सकते हैं।

तुला- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखना होगा। आप बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध न करें। संतान यदि आपको जिम्मेदारी देंगे, तो वह उसमें ढील दे सकते है। आपका शेयर मार्केट में भी कोई नुकसान हो सकता है। आपको जीवनसाथी की भावनाओं का भी सम्मान करना होगा। आपके मन में किसी बात को लेकर संशय बना हो, तो आप उस काम में बिल्कुल आगे ना बढ़ें।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा वाला रहने वाला है। आपको एक साथ कई काम लगने से आप परेशान रहेंगे, लेकिन आपके स्वभाव में भी चिड़चिड़ापन रहेगा, जिससे परिवार के सदस्य भी परेशान रहेंगे। आपको राजनीति में सोच समझकर कदम बढ़ाना होगा, क्योंकि वहां विरोधी आपके खिलाफ कोई ना कोई चाल चलते रहेंगे। आपको अपने बिजनेस को लेकर कोई लोन आदि लेना पड़ सकता है, तभी आप अच्छा इन्वेस्टमेंट कर पाएंगे।

धनु- आज का दिन आपके लिए किसी कानूनी मामले में सफलता दिलाने वाला रहेगा, क्योंकि आपकी किसी पैतृक संपत्ति की प्राप्ति हो सकती हैं। आप किसी को बिना मांगे सलाह देने से बचें। बिजनेस में आपकी कोई डील यदि अटकी हुई थी, तो वह आपके किसी मित्र की मदद से फाइनल हो सकती है। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको धन लाभ मिलने आ सकता हैं। आपको सेहत में उतार-चढ़ाव रहने से मन परेशान रहेगा। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे।

मकर- आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपके लिए दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। आप कहीं घूमने-फिरने जाएं, तो वाहनों का प्रयोग आप सावधान रहकर करें, क्योंकि वाहन की अकस्मात खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है। यदि आपने किसी से धन उधार लिया था, तो वह भी आपसे वापस मांग सकते हैं। आप किसी की कहीसुनी बातों का भरोसा ना करें। आप अपने मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए ईषालु और झगड़ालु लोगों से दूरी बनाकर रखने के लिए रहेगा। परिवार में ही आपके खिलाफ कोई सदस्य षडयंत्र रच सकता है। आपको अपनी बुद्धि का प्रयोग करके लोगों से अपने काम निकालने होंगे। रक्त संबंधी रिश्तों में दूरियां आ सकती है। आप अपनी वाणी की सौम्यता बनाए रखें, क्योंकि किसी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। धार्मिक कामों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे, जिससे आपको मानसिक शांति मिलेगी।

मीन- आज आपकी कार्यक्षेत्र में किसी बात को लेकर वाद-विवाद होने की संभावना है, इसलिए आप किसी छोटे-से छोटी बात को नजरअंदाज करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। परिवार के किसी सदस्य से धन को लेकर कोई वादा बहुत ही सोच समझ कर करें। आपकी कोई इच्छा यदि अधूरी थी, तो वह पूरी हो सकती है, जिससे आपको खुशी होगी। नवविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है।

व्यंग्य

# बाबूजी धीरे चलना!

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

नगर निगम कार्यालय में जैसे ही सूरज अपनी पहली किरणें फेंकता, वैसे ही बाबुओं की नींद खुलती। घड़ी में सुबह के नौ बजते ही कार्यालय के गेट पर चाय-बीड़ी की महक फैल जाती। कुछ बाबू फाइलों से ऐसे बचते मानो वे फाइलें न होकर सांप-बिच्छू हों। काम को धकेलने में उनकी कला इतनी विकसित थी कि अगर यही कला ओलंपिक में शामिल होती, तो वे स्वर्ण पदक की दुकान खोल लेते। सर, फाइल दबा दीजिए, जनता को कौन सी जल्दी है! झ एक अनुभवी बाबू ने नौसिखिए को समझाया। नौसिखिया बोला, लेकिन साहब, जनता परेशान हो जाएगी। अनुभवी ने गुरू ज्ञान दिया, जनता का काम तो भगवान भी नहीं कर पाया, हम किस खेत की मूली हैं? फाइलों पर जमी धूल उनकी उम्र की गवाही देती थी। किसी फाइल का पेंच फंसे तो मामला सीधा बाबूजी की जेब में आकर रुकता। बाबूजी का सिद्धांत था झ फाइल वही आगे बढ़ेगी, जिसकी चाय और समोसा पेट में जाएगा। नगर निगम के चपरासी भी अपने अधिकारों से परिचित थे। वे अक्सर कहते, हमारी औकात को मत समझिए, बिना हमारे कोई कागज इधर से उधर नहीं होता। एक दिन रामलाल नामक वृद्ध अपने मकान का नक्शा पास कराने आया। बाबूजी ने उसे ऊपर से नीचे तक ऐसे देखा जैसे शादी में नाचने वाला नाचता नहीं, बल्कि स्कैन करता हो। पचास हजार लगेंगे! झ बाबूजी ने ऐसे कहा मानो सब्जी के भाव बता रहे हों। वृद्ध कांपते हुए बोला, बेटा, मेरी सारी पूंजी तो इसी मकान में लगी है! बाबूजी हंसे, तो थोड़ा और लगा दो न! ईंट-गारे में ही सही, बाबुओं का भी तो भविष्य उज्ज्वल होना चाहिए! रामलाल की आंखों में आंसू थे, लेकिन बाबूजी को इससे फर्क नहीं पड़ा। उनके लिए जनता के आंसू वैसे ही थे जैसे सरकारी ऑफिस में कंप्यूटर झ मौजूद तो होता है, पर चलता नहीं। आखिरकार, रामलाल ने जैसे-तैसे पैसे जुटाए और बाबूजी के चरणों में अर्पित कर दिए। फाइल सरक गई। बाबूजी का सिद्धांत था झ कोई भी काम असंभव नहीं, बस सही जगह चिकनाई लगानी चाहिए। जिस दिन फाइल पास हुई, उस दिन रामलाल ने सोचा, काश, ईश्वर की भी कोई बाबूगिरी होती, तो प्रार्थनाएं भी रिश्वत से पास हो जातीं! पर कहानी में ट्विस्ट तब आया जब अगले दिन नगर आयुक्त ने औचक निरीक्षण का फरमान जारी किया। बाबूजी के चेहरे पर ऐसी चमक आ गई मानो कक्षा में बच्चे से सवाल पूछा गया हो और उसे जवाब न पता हो। उन्होंने तुरंत चायवाले को बुलाया, आज दो कप एक्स्ट्रा बनाना, साहब को खुश करना है। निरीक्षण शुरू हुआ। साहब के आने की सूचना मिलते ही ऑफिस के सारे बाबू ऐसे सक्रिय हो गए जैसे परीक्षा के एक दिन पहले पढ़ाई करने वाले छात्र। फाइलें जो वर्षों से धूल खा रही थीं, अचानक व्यवस्थित हो गईं। नगर



आयुक्त साहब की नजरें बाबूजी की मेज पर पड़ीं। वे बोले, इतनी सारी फाइलें क्यों रुकी हुई हैं? बाबूजी ने मुस्कराते हुए कहा, सर, जनता बड़ी आलसी है, जरूरी कागज लाकर ही नहीं देती! साहब बोले, अच्छा? फिर यह नक्शे की फाइल कैसे पास हुई? बाबूजी हकलाए, वोङ्क वोङ्क रामलाल जी का केस था, बहुत गरीब आदमी थेङ्क दया आ गई सर! साहब ने व्यंग्य कसा, वाह, समाजसेवा? या समाज-से-सेवा? पूरे ऑफिस में ठहाके गूंज गए। इंस्पेक्शन के बाद रिपोर्ट बनी। अगले दिन अखबार में हेडलाइन छपी झ नगर निगम में बाबूगिरी का बोलबाला, घूसखोरी की खुली पोल! बाबूजी ने जैसे ही अखबार पढ़ा, उनका रक्तचाप बढ़ गया। वे झुंझलाकर बोले, मीडिया वालों को फाइल पास कराने भेजो, तब पता चलेगा कि असली मेहनत क्या होती है! शाम तक आदेश आया झ बाबूजी सस्पेंड! यह सुनते ही बाबूजी के चेहरे पर वही भाव था जो जनता के चेहरों पर फाइल अटकने पर आता था। बाबूजी घर लौटे। बीवी ने ताने मारे, अब घर बैठकर पेंशन का इंतजार करो! बेटे ने कहा, पापा, आप तो कहते थे, सिस्टम को समझो! अब समझ आया? बाबूजी गहरी सोच में पड़ गए। उन्होंने पहली बार बिना रिश्वत के काम करवाने की सोची। मगर सरकारी दफ्तर में बिना घूस काम करवाना वैसा ही था जैसे बिना टिकट फिल्म देखने जाना झ दोनों ही चीजें नामुमकिन थीं। कुछ दिनों बाद बाबूजी को नौकरी तो वापस मिल गई, मगर इस शर्त पर कि वे अब फाइलों को तेजी से निपटाएंगे। उन्होंने तय किया कि अब वे सही तरीके

राजनीति

# तमिलनाडु में भाजपा परचम फहराने को तत्पर

**ललित गर्ग**



आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में परंपरागत रूप से भारतीय जनता पार्टी कमजोर रही है, लेकिन अब भाजपा दक्षिण में अपनी जड़ों को न केवल मजबूत करना चाहती है बल्कि दक्षिण के राज्यों में सत्ता पर काबिज भी होना चाहती है। तमिलनाडु में अगले वर्ष अप्रैल-2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) ने 2026 के विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ने की घोषणा कर दी है। शुक्रवार को अपनी महत्वपूर्ण चैन्नई यात्रा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस अहम राजनीतिक गठबंधन का ऐलान करते हुए स्पष्ट किया कि राज्य में एनडीए एडप्पादी के. पलानीस्वामी के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगा, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही गठबंधन का चेहरा होंगे। तमिलनाडु की भाजपा में भी एक बड़ा बदलाव सामने आया है और भाजपा की तमिलनाडु इकाई की कमान नैनार नागेंद्रन को मिल गई है। भाजपा की राजनीतिक यात्रा में 2026 का तमिलनाडु चुनाव मील का पत्थर साबित होगा, वर्षों की प्यास को बुझायेगा, कमल खिलायेगा। यह बात तो जगजाहिर है कि दक्षिण में हिन्दू मन्दिरों एवं संस्कृति का वर्चस्व होते हुए भी भाजपा अब तक अपनी जमीन मजबूत नहीं कर पाई है, जबकि केरल हो, कर्नाटक हो, आंध्र प्रदेश या तमिलनाडु हो, भाजपा अपनी जड़ों को सुदृढ़ करने की जद्दोजहद करती रही है। भाजपा के प्रयास दक्षिण में बेअसर ही रहे हो, ऐसी बात भी नहीं है, समय-समय पर उसके प्रयास रंग लाते रहे हैं। दक्षिण के चार में से तीन राज्यों में भाजपा अपना प्रभाव और प्रभुत्व दिखा चुकी है। कर्नाटक में कई बार भाजपा सत्ता आसीन हो चुकी है, आंध्र प्रदेश में इस समय सत्ता की भागीदार है, तेलंगाना में भी भाजपा मजबूत पकड़ बना चुकी है, केवल तमिलनाडू ही है जहां भाजपा कई दशकों से उपस्थिति दर्ज कराने के बावजूद सत्ता तक नहीं पहुंच पायी है। मोदी के प्रभाव और भाजपा के विशाल संसाधनों के बावजूद तमिलनाडू जीतना उसके लिए मुश्किल रहा है। पिछले 78 सालों में यहां कभी भी भाजपा-संघ की राष्ट्रवादी विचारधारा या हिंदुत्व के उनके संस्करण को स्वीकार नहीं किया है। यह सिर्फ भाजपा के लिए ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी एक बड़ी वैचारिक लड़ाई है। लेकिन इस बार भाजपा की रणनीति एवं तैयारियों एवं मोदी-शाह के संकल्पों एवं इरादों में दम है, तमिलनाडु में आमूल-चूल परिवर्तन होता हुआ दिख रहा है। तमिलनाडु में भाजपा की राजनीतिक रणनीति में किये गये बदलाव एवं रणनीतियां एक बड़ा मोड़ है, एक नया उजाला है। राजनीति के चाणक्य अमित शाह का यह भरोसा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगा और राज्य में सरकार बनाएगा, कोरी हवा में उछाली गयी बात नहीं है।

एआईडीएमके और भाजपा के बीच गठबंधन 1998 से बनते-बिगड़ते रहे हैं। 1998 की अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार बनाने और फिर 13 महीने बाद उसे गिराने का श्रेय भी एआईडीएमके को जाता है। जे. जयललिता का जब तक जीवनकाल रहा तब तक भाजपा नेतृत्व के साथ एआईडीएमके की नजदीकियां बनी रही। जब 1999 में जयललिता ने कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया तो करुणानिधि ने डीएमके को भाजपा के साथ जोड़ लिया और 2004 तक सत्ता का सुख लेते रहे। 2004 के आम चुनाव में फिर से एआईडीएमके भाजपा के साथ आई लेकिन तमिलनाडु में लोकसभा की सीटें नहीं जीत सकी। लेकिन मोदी-शाह की नजरें हमेशा इस राज्य पर लगी रही। क्योंकि सामरिक रूप से तमिलनाडु एक संवेदनशील राज्य है, श्रीलंका के साथ उसका सीधा जुड़ाव है। चीन श्रीलंका के माध्यम से भारत में पैठ बनाना चाहता है, ऐसे में तमिलनाडु में केंद्र की आंख बंद कर विरोध करने वाली पार्टी का सत्तासीन रहना देश हित के लिए गंभीर सवाल पैदा करता है, अनेक संकटों का कारण बन सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अपने तीसरे कार्यकाल की बड़ी चुनौतियों में बंगाल, तमिलनाडु, केरल को जीतना है। वैसे इन राज्यों में भाजपा की जीत एक करिश्मा ही होगा, लेकिन मोदी-शाह ऐसे आश्चर्यकारी करिश्में घटित करते रहे हैं। सर्वविदित है कि भाजपा के लिए तमिलनाडु केवल राजनीतिक संघर्ष का मैदान नहीं है, वैचारिक लड़ाई भी लड़ी जानी है। स्टालिन सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति को विवादित करने और त्रिभाषा सिद्धांत को हिंदी थोपने की कोशिश के रूप में प्रचारित करने से केंद्र आहत है, इसीलिये भाजपा अपने राजनीतिक सिद्धांतों, योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नीतियों को गंभीर चुनौती दे रहे इन नेताओं और दलों को वैचारिक धरातल पर परास्त करने का रास्ता भी खोज रही है। प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्राओं एवं अन्य चचाओं में यह बताते रहे हैं कि पूरे तमिलनाडु की जनता एवं राज्य उनके दिल में हैं, वे उसके कल्याण एवं विकास के लिये तत्पर है। तमिल लोगों के दिलों को जीतने का काम अकेले भाजपा के द्वारा संभव नहीं है, इसीलिये एआईडीएमके की बैशाखियां उसके लिये जरूरी है। भाजपा के राजनीतिक समीकरणों की सार्थक निष्पत्ति का एक हिस्सा है एआईडीएमके और भाजपा के ताजा गठबंधन की घोषणा। इस गठबंधन को सहज बनाने और पार्टी के अनुरूप इसका स्वरूप देने का श्रेय गृहमंत्री अमित शाह को जाता है, क्योंकि इस बार यह काम उतना आसान नहीं था। शाह एक कद्दावर नेता होने के साथ राजनीतिक गणित को समझने में माहिर है। अमित शाह जमीनी हकीकत से हमेशा वाकिफ रहते हैं। उनके पास तमिलनाडु को लेकर साफ तस्वीरें हैं, सुस्पष्ट एजेंडा है। वह एआईडीएमके के साथ अभी से उदार एवं लचीली सोच से चलना चाहते हैं लेकिन उन्हें अपना लक्ष्य पता है। डीएमके एवं स्टालिन का अहंकार ही उनका मुख्य हथियार होगा। विकास के लिये सत्ता परिवर्तन जनता के लिए यदि जरूरी है तो उसे हासिल करने का तरीका भला अमित शाह से ज्यादा कौन जानता होगा।

तमिल में भाजपा के पांव जमते हुए दिख रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है भाजपा की सोच में बदलाव आना, तमिलों की बारीकियों एवं भावनाओं को समझते हुए राजनीतिक दांव चलना। भाजपा के पास द्रविड़ समाज को आकार देने का भले ही संस्थागत इतिहास नहीं है, लेकिन राज्य के विकास में उसने गहरे.संसाधन लगाये हैं। वह एक नया वोट-आधार तैयार कर रही है। लोकसभा चुनाव से पहले मोदी ने काशी और तमिलनाडु के बीच विभेद को खत्म करने की कोशिश की। धार्मिक राजत्व का तमिल प्रतीक सेंगोल संसद में स्थापित किया गया। ऐसे अनेक सकारात्मक प्रयास भाजपा के द्वारा लगातार किये जा रहे हैं। त्रिभाषा फामूर्ला भी तमिल लोगों को भाषा के नाम पर जोड़े रखने का एक उपक्रम है। मोदी और शाह दोनों ने तमिल भाषा के प्रति पार्टी के सम्मान को परिभाषित किया। पिछले दशक का एक बड़ा राष्ट्रीय घटनाक्रम यह रहा है कि भाजपा ने चुपचाप अपने नारे हिंदी, हिंदू और हिंदुस्तान में सुधार किया है।

अब वे ह्यहिंदी और सभी क्षेत्रीय भाषाओंह्न की बात करते हैं। इन सबके चलते यदि तमिल के जातीय-मतदाता भाजपा को उसके मौजूदा स्वरूप में स्वीकार करेंगे, तब यह भारतीय सेकुलर राजनीति की एक क्रांतिकारी घटना होगी। शाह की रणनीति सही दिशा में काम कर रही है। बावजूद यह डगर चुनौतीपूर्ण है। क्योंकि डीएमके दुबारा सत्ता में आने के लिए जो नुस्खा तैयार कर रही है उसमें तमिल स्वाभिमान और भाषा विवाद का घोल मिलाया जा रहा है। स्टालिन और उनका पूरा परिवार इस समय घोर भ्रष्टाचार और गैर कानूनी कामों में लिप्त है लेकिन उन्होंने हिंदी विरोध, दक्षिण के साथ केन्द्र का कथित सौतेला व्यवहार और मनमाने परिसीमन जैसे मुद्दों को आगामी चुनाव का एजेंडा बनाया है। इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तमिलनाडु यात्रा में जानबूझ कर मुख्यमंत्री स्टालिन गायब हो गए, जबकि यह एक सामान्य शिष्टाचार होता है कि प्रधानमंत्री प्रांत में आये तो मुख्यमंत्री उनका स्वागत करें। लेकिन ऐसा न करके स्टालिन ने यह जताया कि डीएमके भाजपा विरोध के साथ-साथ केंद्र से टकराव की राजनीति पर है।

एक नजर

## पोषण पखवाड़ा से जन समुदाय में बढ़ रही स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता

**दंतेवाड़ा, 17 अप्रैल ।** दंतेवाड़ा विकासखंड के परियोजना बचेली अंतर्गत सेक्टर भाँसी एवं गंजेनार में 8 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक पोषण पखवाड़ा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान हर वर्ष की तरह इस बार भी महिलाओं और बच्चों में एनीमिया व कुपोषण की रोकथाम के उद्देश्य से संचालित हो रहा है। अभियान के अंतर्गत थीम आधारित गतिविधियाँ जैसे एनीमिया मुक्त भारत,स्वच्छता व हाथ धुलाई के महत्व,पौष्टिक आहार का संदेश,नारा लेखन, साइकिल रैली, रंगोली निर्माण,रेडी-टू-ईट फूड से बने व्यंजनों का प्रदर्शन,÷जिंदगी के पहले 1000 दिन÷ और ÷पोषण भी पढ़ाई भी÷ पर आधारित गतिविधियां संचालित की जा रही है। इसके अलावा इन गतिविधियों के माध्यम से समुदाय को पोषण शपथ दिलाने और लोगों स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। पोषण पखवाड़ा अभियान के तहत घर पर पौष्टिक भोजन को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं की व्यक्तिगत काउंसलिंग, बच्चों में मोटापे की समस्या से निपटने हेतु स्वस्थ जीवन शैली संबंधी जानकारी साझा की गई। साथ ही, ''एप्प'' क्रेश्चन ट्रैक्टर'' में उपलब्ध ''बेनिफिशियरी मॉडल और सी-से माड्यूल'' के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। जनभागीदारी और जागरूकता के माध्यम से यह अभियान जिले में पोषण स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम साबित हो रहा है।

## क्षीर सागर मिल्क प्लांट से संबंधित उपकरण लगाये जाने के संबंध में निविदा आमंत्रित

**दंतेवाड़ा, 17 अप्रैल ।** कार्यालय उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार जिला प्रशासन के तत्वाधान में क्षीर सागर मिल्क प्लांट में दुग्ध उत्पादन से संबंधित विभिन्न उपकरण लगाये जाने के संबंध में फर्मो से निविदा आमंत्रित की गयी है। इसके तहत निविदा प्रपत्र की प्राप्ति नगद या बैंक ड्राफ्ट (सात सौ पच्चीस रूपये मात्र) से भुगतान कर 17 अप्रैल से कार्यालयीन समय पर प्राप्त किया जा सकता है। डाक से निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु डाक व्यय (दो सौ रूपये मात्र) अतिरिक्त भुगतान करना होगा। निविदा प्रपत्र क्रय की देय राशि वापसी योग्य नहीं होगी। इस संबंध में निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 23 अप्रैल, जमा करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल, निविदा खुलने की अंतिम तिथि 28 अप्रैल निर्धारित है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिले के बेवसाईड दंतेवाड़ा डॉट एनआईसी डॉट इन का अवलोकन कर सकते है एवं निविदा प्रपत्र डाउनलोड की जा सकती है।

## हेल्थ केयर एवं आईटी ट्रेड में 10 दिवसीय इंटर्नशिप आयोजित

**दंतेवाड़ा, 17 अप्रैल ।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर, दंतेवाड़ा में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संस्थान के हेल्थ केयर एवं आई.टी. ट्रेड अन्तर्गत 10 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम विगत 15 अप्रैल को संपन्न हुआ। इस क्रम में 54 छात्राओं को इंटर्नशिप प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता एवं उपाध्यक्ष श्री कैलाश मिश्रा, कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्षा एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कमला विनय नाग ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की।

## अध्यक्ष मछुआ कल्याण बोर्ड ने मत्स्य पालकों से किया संवाद

**दंतेवाड़ा, 17 अप्रैल ।** मत्स्य विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी विगत दिवस अध्यक्ष मछुआ कल्याण बोर्ड (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) छत्तीसगढ़ शासन श्री भरत मटियारा जी द्वारा कार्यालय जिला पंचायत दंतेवाड़ा के सभाकक्ष में प्रवास के दौरान समस्त मछुआ सहकारी समिति एवं निजी मत्स्य कृषकों से मछली पालन संबंधित विभिन्न विषयों पर आवश्यक चर्चा कर उन्हें मत्स्य पालन से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभ उठाने का आग्रह किया। इसके अलावा उन्होंने मत्स्य कृषकों को मछली पालन के आधुनिक तौर-तरीके अपनाने की सलाह दी। इस बैठक के दौरान विभाग के प्रभारी श्री दीपक कुमार बघेल एवं अशोक कुमार पुनेम मनसीलाल नेताम विद्याभूषण फील्ड अधिकारी द्वारा मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी कृषकों के समक्ष दी गयी।

# इंद्रावती जल संकट,बस्तर के खनिज संसाधनों के निजीकरण ईडी के दुरुपयोग के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 17 अप्रैल।** आज संभाग मुख्यालय जगदलपुर में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर ग्रामीण के संयुक्त नेतृत्व में जलसंकट में जूझ रही बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती नदी,बस्तर के खनिज संसाधनों के निजीकरण व देश के लोकप्रिय नेता राहुल गांधी , सोनिया गांधी पर आरोप पत्र दाखिल कर ED.CBI के दुरुपयोग के खिलाफ एवं इंद्रावती नदी में तत्काल पानी छोड़ने व मटनार,देउर गांव में बैराज बनाने सहित रावघाट रेल परियोजना जल्द से जल्द शुरू करने की मांग को लेकर कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा सरकार में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ काले झंडे के साथ विरोध प्रदर्शन किया गया। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने बताया,प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और भाजपा सरकार इंद्रावती विकास प्राधिकरण के कार्यालय में ताला लगाकर अपनी उद्योगिग् नीति हेतु बैठक शहर के आलीशान होटल में करती है, भाजपा की सरकार बस्तर के खनिज सम्पदा को अपने पूंजीपति मित्रो सौंपने जा रही है,बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती नदी के सूखने के कगार पर है..बस्तर के आदिवासियों की जल, जंगल,जमीन को उजाड़ कर बस्तर की सुंदरता के साथ साथ खिलवाड़ यह सरकार कर रही है..एक बार फिर से बस्तर के लोंगों का लोकतांत्रिक अधिकार खतरे में है। हमारे जल, जंगल, जमीन हमारी संस्कृति पर सरकार और सरकार के पूंजीपति मित्रों की नजर लग चुकी है।आज बस्तर की प्राणदायिनी इंद्रावती नदी पूरी तरह से सूख चुकी है, पिछले कई दिनों से इंद्रावती से सटे किसान इंद्रावती नदी में पानी की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं, परंतु डबल इंजन की सरकार किसानों की मांग को अनसुना कर रही है,विगत 14 महीना से रा'य में भाजपा की सरकार है, जल संसाधन मंत्री बस्तर से ही आते हैं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बस्तर से हैं जो कि स्वयं जगदलपुर के विधायक हैं बावजूद इसके केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत 9 बड़े प्रोजेक्ट आज तक इंद्रावती नदी में इस सरकार ने आरंभ नहीं करा पाया है वही उड़ीसा सीमा से चित्रकूट जलप्रपात के बीच 10 छोटे एनीकेट बने हैं जिनमें से वर्तमान स्थिति में चार एनीकेट पूरी तरह से सूख चुके हैं, मटनार बैराज और देउरगांव बैराज को प्रशासनिक स्वीकृति ये सरकार नहीं दे रही है और ना ही ओडिशा सरकार पर खातिगुड़ा डैम से पानी छोड़ने दबाव बनाया जा रहा है भाजपा सरकार बताए रावघाट रेल परियोजना , मटनार और देउरगांवँ बैराज कब बनेगा? वही कांग्रेस के विरोध पश्चात शहर के आलीशान होटल में होने वाली समीक्षा बैठक को जिला कार्यालय कलेक्ट्रेट में किया गया और आनन फानन में की गई समीक्षा बैठक में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की तस्वीर लगाना ही भूल गए।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री मौर्य ने कहा आज कुल मिलाकर भाजपा सरकार सिर्फ सत्ता की लोलुपता में मस्त है आज भाजपा सरकार की लापरवाही से इन्द्रावती और बस्तर दोनों बहुत बड़े संकट में है..आज हाथ में काले झंडे लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा शांतिपूर्ण आंदोलन करने निकले कार्यकर्ताओं को बलपूर्वक रोका गया और अलग अलग थानों में नज़रबंद किया गया जिसका कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करती है..अगर सरकार हमारी मांग नहीं मानेगी तो आगामी समय में उग्र आंदोलन किया जाएगा । मौर्य ने आगे वही भाजपा सरकार लगातार एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है हाल ही में श्रीमती सोनिया गांधी, श्री राहुल गांधी और हमारी पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ श्वष्ठ द्वारा आरोप पत्र दाखिल करना रा'य की शक्ति का एक भयावह दुरुपयोग दर्शाता है। यह लोकतांत्रिक विपक्ष के विचार पर सीधा हमला है, सत्तारूढ़ शासन द्वारा राजनीतिक धमकी का एक भद्दा प्रयास है जो पूरी तरह से पागल हो चुका है। यह बदले की राजनीति के अलावा और कुछ नहीं है।कांग्रेस पार्टी और उसका नेतृत्व कभी चुप नहीं रहेगा।इस दौरान प्रेमशंकर शुक्ला, रेखचंद जैन, अतिरिक्त शुक्ला, हनुमान द्विवेदी,कविता साहू, रविशंकर तिवारी,जाहिद हुसैन, सेमीयल नाथ,सुषमा सुता, शहर अध्यक्ष महिला कांग्रेस लता निषाद, चम्पा ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष सहदेव नाग, अल्पसंख्यक अध्यक्ष रोजबीन दास,यूंका अध्यक्ष अजय बिसाई, आदित्य बिसेन, एनएसयूआई अध्यक्ष विशाल खंबारी, पार्षद सूर्यापानी, गौतम पाणिग्रही, कोमल सेना, अफरोज बेगम, लोकेश चौधरी, जस्टिन भवानी, अनुराग महतो,विक्रांत सिंह, कमलेश पाठक,ललिता राव, शादाब अहमद,एस नीला,'योति राव, अंकित सिंह,लव मिश्रा,तरणजीत सिंह,सायमा अशरफ,सुनीता दास,मनिता राउत, गोपाल शर्मा,राजेश साहू, फूलसिंह बघेल, राजेंद्र पटवा, भारत बघेल, मनोज,शामकुमारी ध्रुव,सलीम जाफर, अभिषेक अवस्थी,हर्षवर्धन शर्मा, नितेश जोशी, अंकित नागवंशी, तन्मय चौहान, रुद्रप्रताप, रक्षित, रेहान रिजवी,अंशु नाग, कुणाल पांडे,नरेंद्र, खीरेंद्र यादव,समीर खान आदि मौजूद रहे..

## करीगुण्डम में प्रशासनिक पहल से शांति व्यवस्था बहाल



**सुकमा,17 अप्रैल(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना किष्टाराम के ग्राम पंचायत करीगुण्डम मे विगत दिनों धर्मान्तरण के विषय पर हुयी ग्रामीणों के बैठक के उपरांत कुछ परिवार के सामानो सहित ग्राम छोड़ने की सुचना प्राप्त होने पर कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और एसपी श्री किरण चव्हाण के मार्गदर्शन में प्रशासनिक अमला तत्काल गांव पहुंचा। प्रशासन व पुलिस की संयुक्त टीम तहसीलदार कोंटा श्री गिरीश निम्बलकर, एसडीओपी मराइगुडा श्री शिखर मरावी, थाना प्रभारी किष्टाराम श्री सुरेंद्र पामभोई के साथ करीगुण्डम पहुँचे। गांव में पंच, सरपंच व जनप्रतिनिधियों के साथ सभी पक्ष व सामाजिक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में थाना किष्टाराम में बैठक आयोजित की गई। इसके पश्चात ग्राम सबकी आपसी सहमति से विवाद का निराकरण किया गया।थाने मे आयोजित बैठक मे दोनों ही पक्षों के विषयो को सुनने के उपरांत बैठक मे सर्वसम्मति से ग्राम में शांति व सौहार्द स्थापना व साथ में मिलजुल कर रहने व सामाजिक परंपराओं का सम्मान करने हेतु सहमति बनी। मीटिंग के उपरांत तहसीलदार श्री गिरीश निम्बालकर व एसडीओपी श्री शिखर मरावी पुलिस टीम व जनप्रतिनिधियों के साथ ग्राम करीगुंडम गये तथा जो परिवार अपना सामान लेकर ग्राम से बाहर जा रहे थे उन्हें भी ग्राम में ही मिलजुल कर रहने, किसी प्रकार का भी परस्पर विवाद ना करने को लेकर सभी पक्षों में आपस में समझौता कराया गया तथा ग्राम मे शांति व क़ानून व्यवस्था के यथोचित पालन हेतु तहसीलदार कोंटा की उपस्थिति मे दोनों ही पक्षो के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गयी।

## मुरलीगुड़ा सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को सहायता राशि स्वीकृत

**सुकमा,17 अप्रैल(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग महानदी भवन, नया रायपुर के आदेशानुसार 14 अगस्त 24 को ग्राम मुरलीगुड़ा में घटित सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को 5-5 हज़ार रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। सुकमा जिले में यह आर्थिक अनुदान राशि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) कोंटा श्री शबाब ख़ान के द्वारा जारी किया गया है। अधिक जानकारी के लिए एसडीएम कार्यालय कोंटा में संपर्क किया जा सकता है।

# तीन दशक से ट्रांसपोर्ट नगर का इंतज़ार,किरंदुल में ट्रकों की अव्यवस्थित पार्किंग से दुर्घटना का खतरा बढ़ा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल (दंतेवाड़ा)।** औद्योगिक नगर पालिका क्षेत्र किरंदुल में भारी वाहनों की सुरक्षित पार्किंग व्यवस्था की दशकों पुरानी मांग अब तक पूरी नहीं हो सकी है। ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना की योजना लंबे समय से केवल कागजों तक सीमित है, जिससे आम नागरिकों को रोजाना असुविधा और दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, बीते 30 वर्षो से एनएमडीसी द्वारा लोहा अयस्क चूर्ण एवं लम्प्स की ढुलाई के लिए सैकड़ों भारी वाहनों को किराए पर लिया जाता है। ये वाहन छत्तीसगढ़ समेत अन्य राज्यों में लौह अयस्क का परिवहन करते हैं, लेकिन इनकी पार्किंग व्यवस्था पर कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया है।स्थानीय हालात यह हैं कि इन वाहनों को मजबूरी में मुख्य मार्गों पर ही खड़ा कर दिया जाता है। नतीजतन, सड़कों के दोनों ओर लगे ट्रकों के कारण पैदल यात्रियों, दोपहिया और चारपहिया वाहनों को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। कई बार यह स्थिति सड़क दुर्घटनाओं का कारण भी बनती है।इसके विपरीत, महज 10 किलोमीटर दूर स्थित बचेली नगर में नगरीय प्रशासन ने ट्रकों के लिए नगर से दूर एक सुव्यवस्थित पार्किंग स्थल विकसित किया है, जिससे वहां की आम जनता को राहत मिली है। लेकिन किरंदुल में, परिवहन संघ का मुख्यालय यहीं होने और पदाधिकारियों के स्थानीय रूप से मौजूद होने के बावजूद इस गंभीर समस्या की अनदेखी की जा रही है।जनता की मांग है कि इस ओर शीघ्र संज्ञान लिया जाए। ट्रक पार्किंग की समस्या केवल अव्यवस्था नहीं, बल्कि सीधे तौर पर लोगों की सुरक्षा और जीवन से जुड़ी है। एनएमडीसी, परिवहनकर्ता संघ और नगरीय प्रशासन को मिलकर इस दिशा में ठोस और तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि दुर्घटनाओं की आशंका को कम किया जा सके और नागरिकों को सुरक्षित वातावरण मिल सके। ट्रांसपोर्ट नगर को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष राजु रेड्डी ने प्रशासन से की चर्चा, समाधान की उम्मीदकिरंदुल (दंतेवाड़ा)। किरंदुल नगर में भारी वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग और ट्रांसपोर्ट नगर की आवश्यकता को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजु रेड्डी ने नगर पालिका प्रशासन से बातचीत की है। उन्होंने बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर नगर पालिका के सीएमओ से चर्चा हुई, जिसमें समाधान हेतु ठोस सुझाव दिए गए हैं। राजु रेड्डी ने जानकारी दी कि नगर क्षेत्र में प्रतिदिन सैकड़ों ट्रक लोहा अयस्क चूर्ण की ढुलाई के लिए आते हैं, लेकिन उनमें से अधिकांश वाहन एक-दो घंटे में आगे बढ़ जाते हैं। केवल 30 से 40 ट्रक ही ऐसे होते हैं जो एक-दो दिन के लिए नगर में रुकते हैं। ऐसे वाहनों के लिए अलग से एक उचित पार्किंग स्थल विकसित किया जा सकता है।उन्होंने बताया कि सीएमओ ने इस सुझाव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है और आश्वासन दिया है कि जल्द ही इस विषय पर गंभीरता से विचार कर कोई व्यावहारिक समाधान निकाला जाएगा।जनता को उम्मीद है कि यदि यह योजना अमल में लाई जाती है तो ट्रकों की अव्यवस्थित पार्किंग से होने वाली दुर्घटनाओं और ट्रैफिक अवरोध से काफी हद तक राहत मिल सकेगी।

## दंतेवाड़ा के युवाओं को सशक्त बनाने की पहल

**दंतेवाड़ा, 17 अप्रैल ।** शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में नवाचार की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए, दंतेवाड़ा जिला प्रशासन ने एक और प्रभावशाली पहल के तहत स्थानीय युवाओं को डिजिटल दुनिया से जोड़ने और उन्हें रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से, नवगुरुकुल संस्था के सहयोग से शैक्षणिक सत्र 2025, 26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। यह कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क एवं आवासीय है, जिसमें छात्रों को कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, व्यावसायिक और पेशेवर कौशलों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।उल्लेखनीय है कि नवगुरुकुल का यह कार्यक्रम विशेष रूप से उन युवाओं के लिए डिजाइन किया गया है जो सीमित आर्थिक संसाधनों के बावजूद कोडिंग एवं बिजनेस एजुकेशन के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं। इस प्रशिक्षण की अवधि 18 से 24 महीने की होगी, जिसमें छात्रों को निःशुल्क हॉस्टल, लैपटॉप, इंटरनेट और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। ज्ञात हो कि नवगुरुकुल द्वारा इसके पाठ्यक्रम को इस प्रकार से तैयार किया गया है कि प्रतिभागी प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद आत्मविश्वास के साथ रोजगार की दुनिया में प्रवेश कर सकें। मालूम हो कि अब तक दंतेवाड़ा जिले के शत प्रतिशत से अधिक छात्र इस कार्यक्रम में शामिल हो चुके हैं।

## बहनुमान जनमोत्स्व पर निकाली गई आकर्षक झांकी



**बचेली, 17 अप्रैल।** हनुमान जनमोत्स्व के अवसर पर रविवार दिनांक 13 अप्रैल को लौहनगरी बचेली भक्ति, आस्था और शौर्य के रंग में पूरी तरह रंगा नजर आया हनुमान जनमोत्स्व समिति पुराना मार्केट बंगाली कैम्प के सदस्यों की नेतृत्व में निकाली गई भव्य शोभायात्रा में आकर्षक झांकी ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया भगवान श्रीराम,सीता माता, भगवान हनुमान जी, एवं हाथी के साथ सजे रथ आकर्षण का केंद्र रहा इस झांकि को देख श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ डी से निकलती भक्तिमय संगीत की धुन पर थिरकते हुये वातावरण को भक्तिमय कर दिया भगवान बजरंगबली की शक्तिशाली व विशाल स्वरूप वाली प्रतिमा ने गजानन हाथी के साथ सजे भव्य रथ व शोभायात्रा की भव्यता को और बढ़ा दिया हनुमान जी की झांकी में बजरंगबली की शक्ति और भक्ति का सुंदर समावेश देखने को मिला यह झांकि ने न केवल धार्मिक आस्था को जागृत किया, बल्कि सांस्कृतिक परंपरा की भी झलक प्रस्तुत की इस शोभा यात्रा में जुटी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने इस झांकि की खूब सराहना की और आयोजन को ऐतिहासिक बताया हनुमान जयंती के अवसर पर निकली इस विशाल शोभायात्रा झांकि एवं आतिशबाजी ने लौहनगरी बचेली में आस्था, एकता और संस्कृति की एक अनूठी मिशाल पेश की हैं हनुमान जन्मोत्सव समिति पुराना मार्केट बंगाली कैंप के सदस्यों ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से हर्षोल्लास के साथ यह शोभा यात्रा निकाली जा रही है इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए नगर वासियों का भी भरपूर सहयोग मिलता रहा है। साथ ही इस शोभायात्रा से नगर में एक भक्तिमय माहौल बन जाता है।

## 2 प्रकरण में आदतन चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**बचेली, 17 अप्रैल।** मामला इस प्रकार है कि दिनांक 14-04-2025 को प्रार्थी आलोक बैनर्जी एवं खकेन्द्र साउथ ने थाना उपस्थित आकर एक-एक लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 13-04-2025 एवं 14-04-2025 के मध्य रात्रि में चोर द्वारा प्रार्थी आलोक बैनर्जी का मोटर सायकल ह्क्र 10 श्व 9041 एवं मंदिर में रखे 4000/-रू तथा प्रार्थी खकेंद्र के स्कूटी क्रमांक ष्टत्र 18 रु1516 को चोरी कर ले गया है के लिखित आवेदन पर पृथक-पृथक अपराध पंजीबद्ध कर घटना की सूचना पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियो श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री गौरव राय जिला दंतेवाड़ा के दिशा-निर्देशानुसार, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नक्सल ऑप्स) श्री स्मृतिक राजनाला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा कुमार, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रामकुमार बर्मन दंतेवाड़ा एवं श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री कपिल चंद्रा किरन्दुल के मार्गदर्शन में दिनांक 15.04.2025 को मुखबीर से सूचना मिला कि पूर्व आदतन चोर सुरेन्द्र अपने साथियो के साथ अलग-अलग वाहनो में घूम रहे है और काफी पैसा खर्च कर रहे है जिसकी तस्दीक पर थाना बचेली पुलिस द्वारा टीम बनाकर दबिश देकर पकड़कर कड़ाई से पूछताछ किया जो आरोपी सुरेन्द्र अलामी व उसका बड़ा भाई राजू अलामी व साथी राहुल ध्रुव ने रेल्वे कालोनी के सांई मंदिर में दानपेटी व हीरो होण्डा मोटर सायकल व बहादुर पारा बचेली से सुजूकी स्कूटी को चोरी करना स्वीकार किया आरोपियो से चोरी के 24 घंटे के भीतर चोरी हुये संपूर्ण मशरूका को बरामद करने पर बचेली पुलिस सफलता हासिल किया है आरोपीगण सातिर चोर है पूर्व में भी इनके विरूद्ध चोरी व नकबजनी के अपराध दर्ज हुये है जिसमें जेल जा चुके है। आरोपीगणो को गिरुफतार कर रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## जिला चिकित्सालय का मूल्यांकन पूर्ण

**बीजापुर 17 अप्रैल ।** जिला चिकित्सालय बीजापुर में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (ह्वक्रस्) के तहत दिनांक 14.04.2025 से 16.04.2025 तक बाह्य मूल्यांकन हेतु ह्वाॠष्ट दिल्ली से गठित तीन सदस्यी दल प्रवास पर था जिसमे श्री तरुण भारद्वाज, अलीगढ़ उत्तरप्रदेश सुश्री वैष्णव सुंदरी, बांसवाड़ा राजस्थान एवं श्रीमती शिवानी डेहरिया, छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश ने मूल्यांकन किया। प्रमाण पत्र प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

# इंद्रावती नदी से छत्तीसगढ़ के हिस्से को मिल रहा पानी 16 प्रतिशत से बढ़कर हो गया है 49 प्रतिशत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 17 अप्रैल ।** जल संसाधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इंद्रवती नदी से छत्तीसगढ़ के हिस्से को मिल रहा पानी सोलह प्रतिशत से बढ़कर 49 प्रतिशत मिलने लगा है। यही नहीं आने वाले समय में जल संकट का सामना न करना पड़े, इसके लिए भी कवायद चल रही है। नदी में साढ़े तीन करोड़ की लागत से इंद्रावती-जोरानाला के अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में जमा सिल्ट,लूज बोल्डर,पत्थर,रेत की बोरी,मिट्टी इत्यादि को स्थाई रूप से नदी से बाहर करने हेतु उड़ीसा राज्य के द्वारा तैयारी किया जा रहा है जिससे पानी का बहाव नैसर्गिक तरीके से होता रहेगा एवं छत्तीसगढ़ राज्य को अपने हिस्से का 50 प्रतिशत पानी मिलना शुरू होगा। इस पर आने वाला खर्च भी उड़ीसा सरकार देगी। स्वीकृति मिलने के बाद एजेंसी तय कर जून 2025 तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और सिंचाई मंत्री श्री केदार केश्यप की पहल से यह साकार हो रहा है। गर्मी शुरू होते ही इंद्रावती में जल संकट गहराने लगा था,सिंचाई मंत्री केदार कश्यप ने राजस्थान के उदयपुर में केंद्रीय मंत्री सी आर पाटिल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जल परिषद की बैठक में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। बैठक में उड़ीसा के सीएम और जल संसाधन विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे। समस्या को देखते हुए तय हुआ कि इसका समाधन निकाला जाए। इसी बीच मुख्यमंत्री श्री साय ने उड़ीसा प्रवास के दौरान वहां के सीएम श्री मोहन चरण मांझी के साथ मुलाकात में इस मुद्दे पर ध्यान दिलाया और इसके बाद तत्काल कवायद शुरू हो गई। दोनों राज्यों के सिंचाई विभाग एवं प्रशासनिक अमले के द्वारा संयुक्त अवलोकन किया। इसके बाद अस्थाई तौर पर छत्तीसगढ़ की ओर जल प्रवाह में रुकावट बन रहे समस्याओं का निराकरण किया गया और हुआ ये कि 16 प्रतिशत जो पानी छत्तीसगढ़ को मिलता था वह बढ़कर पहले 40,फिर 42, फिर 45 और अब 49 प्रतिशत पहुंच गया है। समझौते के अनुसार दोनों राज्यों को 50-50 प्रतिशत पानी का करार है। इस तरह से अस्थाई व्यवस्था में 49 प्रतिशत पानी मिलने लगा है, छत्तीसगढ़ जल संसाधन विभाग द्वारा 11 अप्रैल को हाइड्रोलिक कंट्रोल स्ट्रक्चर को किए गए मापन में देखा गया की इंद्रावती नदी में जल का प्रवाह 11 क्यूमेक हो गया जो मार्च के अंतिम सप्ताह में 2 क्यूमेक तक गिर गया था,इंद्रावती में बढ़े जल प्रवाह का लाभ छत्तीसगढ़ राज्य को भी मिल रहा है अब राज्य की ओर 5.4 क्यूमेक जल प्रवाहित हो रहा है अगर इसी प्रकार की स्थिति रही तो बस्तर जिले में जल की उपलब्धता प्रभावी रूप से हो सकेगी साथ ही किसानों को सिंचाई के लिए प्रयाप्त जल मिल सकेगा।

### अवरोधों को हटाया तो मिलने लगा पानी

बस्तर जिले में गर्मी के मौसम में पेयजल संकट को देखते हुए छत्तीसगढ़ और उड़ीसा के अधिकारियों ने 27 फरवरी और 21 मार्च 2025 को इन्द्रावती-जोरा नाला के मुहाने का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान बनी सहमति के अनुसार, हाइड्रोलिक कंट्रोल स्ट्रक्चर के अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम में जमा रेत, लूज बोल्डर, रेत बोरी और अन्य अवरोधों को हटाकर अस्थायी रास्ता बनाया गया। इस कार्य को 30 मार्च 2025 तक पूरा किया गया।

### स्थायी समाधान की दिशा में प्रयास

दोनों राज्यों के बीच सचिव स्तरीय वार्ता में बस्तर जिले में गहराते पेयजल संकट को दृष्टिगत रखते हुए श्री राजेश सुकुमार टोप्पो सचिव जल संसाधन छत्तीसगढ़ के द्वारा छत्तीसगढ़ के हितों की रक्षा और जल बंटवारे को सुनिश्चित करने के लिए स्थायी समाधान द्यपर जोर दिया गया एवं इन्द्रावती-जोरा नाला मुहाने पर बने हाइड्रोलिक कंट्रोल स्ट्रक्चर के दोनों ओर जमा रेत,पत्थर,मिट्टी और अन्य अवरोधों को स्थायी रूप से हटाने के लिए जल संसाधन विभाग उड़ीसा द्वारा उड़ीसा सरकार को प्रस्तुत साढ़े तीन करोड़ रुपये के प्राक्कलन को यथाशीघ्र स्वीकृति हेतु सचिव जल संसाधन उड़ीसा से आग्रह किया जिस पर सचिव उड़ीसा ने सहमति दी है। स्वीकृति मिलने के बाद एजेंसी तय कर जून 2025 तक कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

### 50:50 प्रतिशत पानी के बंटवारे के लिए पक्के का तैयार किया जाएगा स्ट्रक्चर

जोरा नाला की समस्या की जड़ ग्राम सूतपदर है, जहां उड़ीसा सीमा पर इन्द्रावती दो धाराओं में बंट जाती है। एक धारा इन्द्रावती नदी के रूप में पांच किलोमीटर उड़ीसा में बहकर ग्राम भेजापदर से छत्तीसगढ़ में प्रवेश करती है। यह धारा आगे जगदलपुर और चित्रकोट होते हुए गोदावरी में मिलती है। दूसरी धारा जोरा नाला के रूप में 12 किलोमीटर बहकर शबरी (कोलाब) नदी में मिलती है। पहले दोनों धाराओं में पानी बराबर बंटता था। समय के साथ जोरा नाला का बहाव बढ़ता गया और इन्द्रावती का बहाव घटता गया। छत्तीसगढ़ और उड़ीसा के प्रमुख अभियंताओं की बैठक में निर्णय लिया गया कि इन्द्रावती-जोरा नाला संगम पर 50-50 प्रतिशत जल बंटवारे के लिए पक्का स्ट्रक्चर बनाया जाएगा। इंद्रावती का उद्गम उड़ीसा राज्य के कालाहांडी जिले के रामपुर धुमाल नाम के गांव से हुआ है।

इंद्रावती नदी 164 किमी उड़ीसा राज्य में बहने के बाद 9 किमी लंबाई में छत्तीसगढ़ और उड़ीसा की सीमा बनाते हुए छत्तीसगढ़ में प्रवेश करती है एवं 232 किमी छत्तीसगढ़ में बहने के बाद 129 किमी महाराष्ट्र एव छत्तीसगढ़ की सीमा बनाते हुए गोदवारी नदी में मिलती है। इस प्रकार ये नदी 534 किमी बहने के बाद उद्गम स्थल से बहने के बाद गोदावरी में मिलती है।

## हर घर जल योजना से बदली गांव की तस्वीर

**महासमुंद, 17 अप्रैल ।** जिले के पिथौरा विकासखण्ड का ग्राम गबोद, जो अपनी हरियाली और स्वच्छता के लिए ÷ग्रीन गाँव÷ के नाम से प्रसिद्ध है, अब एक और बड़ी उपलब्धि के साथ नई पहचान बना रहा है। यह गांव अब ÷हर घर जल ग्राम÷ घोषित हो चुका है। 14 जनवरी 2025 को गबोद गांव को यह उपाधि तब मिली जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना के तहत यहां हर घर में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो गई। यहां गांववासियों का अनुशासन और देशभक्ति भी तारीफे काबिल है। हर सुबह 7:30 बजे गांव का हर नागरिक अपने घर के बाहर आकर राष्ट्रगान में भाग लेता है।मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में 89.39 लाख रुपये की लागत से गांव में 40 किलोलीटर की उच्चस्तरीय जलागार और 760 मीटर पाइपलाइन के साथ 138 घरों में नल कनेक्शन प्रदान किए गए। इस योजना के तहत अब गांव के हर घर तक शुद्ध जल पहुंच रहा है। इससे पहले महिलाओं और बच्चों को गांव के 5 हैंडपंप और कुछ कुओं से पानी लाना पड़ता था। बरसात के समय पानी लाने में कई परेशानियों का सामना करना पड़ता था, और कभी-कभी विवाद भी हो जाते थे। अब यह समस्या पूरी तरह समाप्त हो चुकी है। महिलाओं को स्वच्छ जल मिलने से स्वास्थ्य में सुधार हुआ है और समय की बचत होने से वे अब आर्थिक गतिविधियों में भाग ले रही हैं। बच्चों को पढ़ाई का समय मिलने लगा है और गर्भवती महिलाओं को भी विशेष लाभ मिला है, जिससे गर्भपात जैसी समस्याएं कम हुई हैं।

## एक नजर

### रेत व कबाड़ तस्करों पर गिरी पुलिस की गाज



**रायगढ़।** पूंजीपथरा पुलिस ने बुधवार को दो अलग-अलग मामलों में तगड़ी कार्रवाई करते हुए बिना दस्तावेज रेत और कबाड़ का परिवहन कर रहे चार वाहनों को जब्त किया है। कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आकाश मरकाम और उप पुलिस अधीक्षक (साइबर सेल) अनिल विश्वकर्मा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश मिश्रा के नेतृत्व में की गई।

आज सुबह पुलिस टीम ने तराईमाल मेन रोड पर ट्रैक्टर क्रमांक सीजी13 बीबी 2454 को बिना रॉयल्टी के रेत परिवहन करते पकड़ा, जिसे आमापाल निवासी गौरी प्रसाद राठिया पिता आशराम राठिया उम्र 40 साल सा0 आमापाल थाना पूंजीपथरा चला रहा था। वहीं देलारी मेन रोड पर एक 18 चक्का डंपर क्रमांक सीजी 13 एएल 5571 को भी अवैध रेत परिवहन करते रोका गया, जिसे किशन कुमार चौहान पिता शनीलाल चौहान उम्र 28 साल ग्राम धौराभांठा थाना सारंगढ़, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ छ0ग0 चला रहा था। इसी क्रम में लाल रंग के बिना नंबर के एक अन्य ट्रैक्टर को भी चुमन राठिया पिता भरतलाल राठिया उम्र 23 साल सा0 आमापाली थाना पूंजीपथरा द्वारा बिना वैध कागजात के रेत परिवहन करते हुए पकड़ा गया। तीनों वाहनों को रेत सहित थाने में खड़ा कर उनके चालकों के विरुद्ध बीएनएसएस की धारा 106(1) के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की गई है।वहीं दूसरी कार्रवाई के दौरान पेट्रोलिंग के दौरान तमनार चौक पर मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दस चक्का ट्रक क्रमांक सीजी13 एल 8250 को कबाड़ परिवहन करते पकड़ा। वाहन चालक मोहम्मद समीम, पिता गफ्फुर मोह0 उम्र 33 वर्ष सा0 रानी बगीचा थाना सुन्दरगढ जिला सुन्दरगढ़ उडिसा, कबाड़ का कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। शक के आधार पर वाहन को जप्त कर जांच की गई, जिसमें करीब 22 टन लोहे का स्क्रैप कबाड़ बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 6 लाख 60 हजार रुपये बताई गई। आरोपी के विरुद्ध बीएनएसएस की धारा 35(क)(ड) एवं बीएनएस की धारा 303(2) के तहत इअपराध पंजीबद्ध किया गया।

### चाइल्ड हेल्पलाइन के संविदा पदों के लिए पात्र-अपात्र सूची जारी

**गरियाबंद,17 अप्रैल।** मिशन वात्सल्य योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत चाईल्ड हेल्पलाईन 1098 गरियाबंद में परियोजना समन्वयक, काउंसलर, चाईल्ड हेल्पलाईन सुपरवाईजर एवं केश वर्कर के विभिन्न रिक्त संविदा पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदनों का पात्र-अपात्र सूची जिला स्तरीय चयन समिति के द्वारा तैयार की गई है। इसकी विस्तृत जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला गरियाबंद के सूचना पटल पर एवं गरियाबंद जिले के वेबसाईट पर देखी जा सकती है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि ऐसे अभ्यर्थी जिनको इस सूची में कोई आपत्ति हो, तो वे इस संबंध में दावा-आपत्ति 23 अप्रैल तक सायं 5 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला गरियाबंद के कक्ष क्रमांक- 80 में आवक-जावक शाखा में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि पश्चात् प्रस्तुत दावा आपत्तियों पर चयन समिति के द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।

### दीपक महस्के के अनुभव से छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी नई दिशा

**गरियाबंद,17 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नवनियुक्त अध्यक्ष दीपक महस्के से भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय रोहरा ने मुलाकात के दौरान राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने, औषधि आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने और ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर अजय रोहरा ने दीपक महस्के को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई और सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा,दीपक महस्के जैसे अनुभवी और समर्पित व्यक्तित्व का सी.जी.एम.एस.सी.जैसे महत्वपूर्ण संस्थान की कमान संभालना स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए सकारात्मक संकेत है। उनका प्रशासनिक अनुभव, कुशल प्रबंधन और समाज के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण निश्चित रूप से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में एक नई ऊर्जा का संचार करेगा।सी.जी.एम.एस.सी.स्वास्थ्य क्षेत्र की रीढ़ है, । ऐसे में इसकी कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, तीव्र और जनहितकारी बनाने की आवश्यकता है।

# मां-बेटी मर्डर : आईजी ने मौके का किया निरीक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़,17 अप्रैल।** जिले में मां-बेटी की हत्या हो गई। अज्ञात आरोपी ने घटना को अंजाम दिया। इस मामले को लेकर बिलासपुर रेंज के आईजी डॉ. संजीव शुक्ला पुसौर पहुंचे और बारीकी से पूरे मामले की जांच की। हालांकि, अभी इसे लेकर पुलिस अधिकारी कुछ भी बताने को तैयार नहीं है, लेकिन सूत्रों की माने तो पुलिस के हाथ आरोपी के गिरेबां तक पहुंच चुके हैं और जल्द ही इस मामले का खुलासा हो जाएगा।

पुसौर के गायत्री मंदिर के पास रहकर रोजी मजदूरी करने वाली उर्मिला सवंरा और उनकी बेटी पूर्णिमा संवरा की हत्या की गई। ऐसे में इस बात की चर्चा है कि यह मर्डर लूट और चोरी की नीयत से नहीं की गई है, बल्कि मामला कुछ और ही है।

बुधवार को बिलासपुर रेंज आईजी डॉ संजीव शुक्ला मौके पर पहुंचे और पुलिस अधिकारियों से घटना की पूरी जानकारी ली। यही नहीं निर्माणाधीन पीएम आवास घर के ऊपर के साथ ही आसपास का भी निरीक्षण किया गया। ताकि हत्या से जुड़ा कुछ क्लू पुलिस के हाथ लग सके। बताया जा रहा है कि डबल मर्डर की इस गुत्थी को सुलझाने के लिए अलग-अलग टीम बनाई गई है। यह भी बताया जा रहा है कि मृतका पूर्णिमा संवरा की शादी केनसरा गांव में तय हुई थी। वहीं इस एंगल को लेकर भी पुलिस जांच कर रही है। हांलाकि इस पर कोई कुछ स्पष्ट तौर पर नहीं बता रहा है, लेकिन गांव में कई तरह की चर्चाएं जरूर हैं।

#### कपड़ा दुकान में काम करती थी युवती

मृतका की बहन कल्पना संवरा ने बताया कि उसकी बड़ी बहन गांव में कपड़ा दुकान में काम करती थी। उसने बताया कि किसी से कोई पुरानी दुश्मनी नहीं थी। कल्पना फर्स्ट ईयर की पढ़ाई करने के साथ ही डांस प्रतियोगिता में डांस करने जाती थी। अभी 9 अप्रैल से लगातार डांस प्रतियोगिता के लिए जा रही थी। घटना वाली रात भी वह कलमी गांव में डांस प्रतियोगिता में शामिल होने गई थी।

#### मामले में जांच की जा रही

इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम ने बताया कि बिलासपुर रेंज आईजी आए थे। मौका मुआयना किया गया। मामले में अलग-अलग टीम बनाकर जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी को पुलिस पकड़ लेगी, फिलहाल जांच जारी है।

#### आज हो सकता है खुलासा

सूत्रों की मानें तो मां-बेटी हत्या कांड की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है, बताया जाता है कि आरोपी पुलिस की जांच टीम के हत्थे चढ़ गया है,

संदिग्ध आरोपी से पुलिस बारिकी से पूछताछ कर रही है, यह भी जानकारी लगी है कि उक्त हत्याकांड पैसे के लेन-देन को लेकर हुआ है और संदिग्ध आरोपी पड़ोसी होने की जानकारी मिल रही है। हालांकि पुलिस ने अभी इस मामले की पुष्टि नहीं की है।

# विधायक एवं कलेक्टर ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से चर्चा कर उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की ली जानकारी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद,17 अप्रैल।** राजिम विधायक रोहित साहू एवं कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने आज जिला चिकित्सालय पहुंचकर विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों को चिकित्सालय में मिलने वाली चिकित्सकीय एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। जिला चिकित्सालय निरीक्षण के दौरान ओपीडी कक्ष, महिला-पुरुष वार्ड, लैब, प्रसुति वार्ड सहित विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाएं, साफ-सफाई, मरीजों को मिलने वाले भोजन, मेडिकल स्टाफ सहित अन्य आवश्यक जानकारी ली। विधायक एवं कलेक्टर ने मरीजों से बातचीत की और यहां उपलब्ध कराये जा रहे चिकित्सा सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान मरीजों ने बताया कि उन्हें चिकित्सकीय सुविधाओं के साथ भोजन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्राम तांवरबाहरा की श्रीमती राजबाई साहू व श्रीमती बुधिया बाई, ग्राम गोंदलाबाहरा की रत्ना मरकाम सहित अन्य मरीजों ने बताया कि वे उन्हें अस्पताल में चिकित्सकों एवं नर्स द्वारा चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है तथा दवाई को समय पर सेवन करने के लिए भी कहा जाता है। जिससे उनका स्वास्थ्य पहले से काफी बेहतर हो रहा है। उन्होंने बताया कि जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा उनके साथ अच्छा व्यवहार किया जाता है। विधायक एवं कलेक्टर ने भर्ती मरीजों के और अच्छे से उपचार करने के लिए चिकित्सकों को निर्देशित किया। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों से अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों का बेहतर से बेहतर ईलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम लोगों की सुविधा के लिए जन औषधि केन्द्र को चौबिसों घंटे खुले रखने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने आम लोगों को सस्ता एवं सुलभ जेनेरिक दवाई देने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिये हैं। इस दौरान सीएमएचओ डॉ गार्गी यदु पाल, सिविल सर्जन डॉ. टी.सी. पात्रा, डॉ हरीश चौहान, डॉ गजेन्द्र ध्रुव सहित अन्य चिकित्सकीय स्टॉफ मौजूद थे।

### विधायक एवं कलेक्टर ने ली जीवनदीप समिति की बैठक

**गरियाबंद,17 अप्रैल।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में आज जिला अस्पताल के सभाकक्ष में जीवनदीप समिति अंतर्गत कार्यकारिणी सभा की बैठक आयोजित हुई । बैठक में कलेक्टर ने जीवनदीप समिति के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों एवं विभिन्न एजेंडाओं पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में मरीजों के ईलाज की बेहतर सुविधा एवं जिला अस्पताल में पर्याप्त बिस्तरों की उपलब्धता की जानकारी ली । कलेक्टर ने बैठक में जीवनदीप समिति के बजट की जानकारी लेते हुए आय-व्यय एवं समिति द्वारा नियुक्त कर्मचारियों पर खर्च राशि की भी जानकारी ली। उन्होंने समिति अंतर्गत पिछले दो वित्तीय वर्ष के बचे आय-व्यय का ऑडिट सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने समिति द्वारा नियुक्त कर्मचारियों से भी चर्चा की तथा उन्हें निर्धारित यूनिफार्म में ड्यूटी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने अस्पताल में कार्यरत सभी कर्मियों को मोबाईल से फेस रीडिंग आधारित बायोमैट्रिक्स ऑनलाईन उपस्थिति शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

# कांग्रेस का इतिहास आरक्षण,संविधान एवं डॉ अंबेडकर विरोधी रहा : विजय अग्रवाल




**रायगढ़, 14 अप्रैल।** डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती से लेकर 25 अप्रैल तक भाजपा डॉ बाबा साहब का सम्मान समारोह मना रही है।इसमें प्रदेश स्तर से लेकर मंडल स्तर तक कार्यक्रम किए जाएंगे इसी कार्यक्रम के अंतर्गत आज जिला भाजपा कार्यालय में रायगढ़ के पूर्व विधायक भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय अग्रवाल ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा की राहुल गांधी ने अपनी हालिया अमेरिकी यात्रा के दौरान कहा कि वह 'आरक्षण हटा देंगे',यह वही धुन है जो राहुल गांधी का परिवार नेहरू के जमाने से गाता आ रहा है।कांग्रेस पार्टी ने 55 वर्षों तक देश पर शासन किया,लेकिन इस दौरान उसने अपने राजनैतिक उद्देश्यों को साधने के लिए संवैधानिक प्रक्रियाओं का दुरुपयोग किया और सामाजिक उद्देश्यों की उपेक्षा की। कांग्रेस ने कभी भी संविधान के मूलभूत आरक्षण सिद्धांतों को सही भावना और रूप में लागू करने की राजनैतिक इच्छा शक्ति नहीं दिखाई। यहां तक नेहरू सरकार ने 1956 में पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने की काका कालेलकर रिपोर्ट को खारिज कर दिया,नेहरू ने 1961 में मुख्य मंत्रियों को पत्र लिखकर कहा कि आरक्षण से अक्षमता और दोयम दर्जे का मानक पैदा होता है।नेहरू के पदचिन्हों में चलते हुए इंदिरा गांधी ने मंडल आयोग की रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डालकर ओबीसी आरक्षण में देरी की। कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री स्व श्री राजीव गांधी ने 3 मार्च 1985 को एससी आरक्षण पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि आरक्षण के माध्यम से हमें बुद्धुओं को बढ़ावा नहीं देना चाहिए।राजीव गांधी ने मंडल आयोग की रिपोर्ट का विरोध किया और 1990 में लोकसभा में आरक्षण का पुरजोर विरोध किया और मुसलमानों को आरक्षण देने की वकालत की,जो बाबा साहब के मूल संविधान के खिलाफ था।जामिया मिलिया (2011) और ए एम यू(1981)जैसे सरकारी सहायता प्राप्त संस्थानों को अल्पसंख्यक संस्थानों के रूप में वर्गीकृत किया गया,जिससे अनुसूचित जाति,जनजाति एवं पिछड़ों को आरक्षण देने से इंकार कर दिया गया।93वें संवैधानिक संशोधन (2005)के तहत अल्प संख्यक संस्थानों को आरक्षण प्रदान करने में छूट दी गई।इस एक कदम से सैकड़ों संस्थानों से पिछड़े समुदायों के अधिकार छीन लिए गए। डॉ आंबेडकर और संविधान सभा ने संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण को मान्यता नहीं दी थी,फिर भी ओबीसी कोटा से आंध्र प्रदेश में 4प्रतिशत ,केरल में 8 प्रतिशत और तमिल नाडु में 3.5 प्रतिशत आरक्षण मुस्लिम समुदाय को देकर संविधान का उल्लंघन किया। अग्रवाल जी ने आगे कहा कि 1975 में इंदिरा गांधी जी ने आपातकाल लगाकर संविधान की आत्मा को कुचला था, 1966 से 1977 तक संविधान में 25 बार संशोधन हुआ।42वें संशोधन में 41 अनुच्छेदों में संशोधन और 11 नए अनुच्छेद जोड़े गए। 2014 के बाद मोदी जी के कार्यकाल में संविधान में केवल आठ बार संशोधन हुआ था,यह अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर किया गया था।इनमें कुछ महत्वपूर्ण संशोधन यह थे 2017 में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग(एनसीबीसी)को संवैधानिक दर्जा दिया गया। 2019 में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्लयूएस )के लिए आरक्षण की शुरुआत।2019 में वित्त आयोग और संविधान की छठी अनुसूची से सम्बंधित प्रावधानों में संशोधन,2019 में लोकसभा और विधानसभाओं में अनुसूचित जाति एवं जनजाति आरक्षण का 10 वर्षों के लिए विस्तार किया गया।2021 में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अपनी ओबीसी सूची में परिवर्तन करने का अधिकार प्रदान किया गया।देश 1947 में आजाद हुआ 55 वर्षों से केंद्र में कांग्रेस की सरकार रहते हुए संविधान दिवस नहीं मनाया गया।प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 2015 से शासकीय स्तर पर संविधान दिवस मनाना चालू किया,उसके बाद प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने 2015 में संसद के दोनों सदनों में संविधान पर चर्चा कराने का निर्णय लिया जिसका की कांग्रेस ने विरोध किया।2010में जब संविधान के 60वर्ष पूरे हुए,तो गुजरात के मुख्यमंत्री के अपने कार्यकाल के दौरान हमारे मोदी जी ने संविधान गौरव यात्रा आयोजित की जिसमें यात्रा में संविधान की प्रति को हाथी के मस्तक पर रखकर पूरे शहर में निकालकर सम्मानित किया गया।

# नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 20 साल की सजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद,17 अप्रैल।** जिले के देवभोग थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना ने न केवल एक नाबालिग बालिका के जीवन को झकझोर दिया, बल्कि पूरे समाज को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि आखिर कब तक मासूमों के साथ ऐसी हैवानियत होती रहेगी। लेकिन न्याय की आवाज ने न केवल पीड़िता को इंसाफ दिलाया, बल्कि समाज में एक कड़ा संदेश भी दिया कि अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वासनिकर ने इस मामले में दोषी, उड़ीसा के सीनापाली निवासी 24 वर्षीय जनार्दन कश्यप को पॉक्सो एक्ट और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत 20 साल, 5 साल और 2 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही जुर्माना और पीड़िता के लिए 5 लाख रुपये के प्रतिकर का आदेश भी दिया गया। यह फैसला न केवल एक कानूनी जीत है, बल्कि उन सभी माता-पिताओं और बालिकाओं के लिए उम्मीद की किरण है, जो ऐसी त्रासदी से गुजरते हैं। यह दुखद घटना 8 मार्च 2024 की रात की है, जब एक मासूम नाबालिग बालिका अपने घर से अचानक लापता हो गई। उसका परिवार रातभर बेचैन रहा, और सुबह होते ही पीड़िता के




पिता ने थाना देवभोग पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। एक पिता की आंखों में अपनी बेटी के लिए डर, चिंता और अनजाने का दर्द साफ झलक रहा था। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की और हर संभव प्रयास किया कि बालिका को सुरक्षित ढूंढ लिया जाए। कई दिनों की खोजबीन के बाद, 31 मार्च को पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली। आरोपी जनार्दन कश्यप को बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया, और उसी के साथ मासूम पीड़िता को भी सुरक्षित बरामद कर लिया गया। लेकिन जो सच सामने आया, वह किसी के भी रोंगटे खड़े कर देने वाला था।

**शादी का झांसा और विश्वासघात**-जांच में पता चला कि जनार्दन कश्यप पीड़िता के गांव में टेंट लगाने के काम के सिलसिले में आया था। उसने अपनी मासूमियत और मीठी बातों के जाल में बालिका को फंसाया। उसने नन्हीं सी जान को शादी का झांसा दिया और उसका भरोसा जीत लिया। रात के अंधेरे में वह उसे अपने साथ भगा ले गया। इसके बाद उसने पीड़िता को तेलंगाना सहित कई राज्यों में घुमाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। एक मासूम लड़की, जो शायद अपने सपनों की दुनिया में जी रही थी, उसे इस क्रूर इंसान ने अपनी हवस का शिकार बनाया। यह सोचकर ही दिल कांप उठता है कि उस बच्ची ने उन दिनों में कितना दर्द, डर और असहायता महसूस की होगी।

**पुलिस और कानूनी कार्रवाई**-देवभोग पुलिस ने इस मामले में त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई की। आरोपी के खिलाफ लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो), 2012 की धारा 4(2) और 6, तथा भारतीय दंड संहिता की धारा 363 (अपहरण) और 366 (विवाह के लिए प्रलोभन देकर अपहरण) के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने अपनी जांच को तेजी से आगे बढ़ाया और 25 मई 2024 को चार्जशीट न्यायालय में प्रस्तुत की। विशेष लोक अभियोजक हरिनारायण त्रिवेदी ने इस मामले में पूरी तन्मयता के साथ पैरवी की। उन्होंने पीड़िता की पीड़ा को न्यायालय के सामने इस तरह रखा कि हर सुनवाई में उस मासूम की आवाज गूंजती रही।

**न्यायालय का ऐतिहासिक फैसला**- न्यायाधीश यशवंत वासनिकर की अध्यक्षता में फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय ने इस मामले को गंभीरता से लिया। सभी पक्षों की सुनवाई, साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर जनार्दन कश्यप को दोषी ठहराया गया। न्यायालय ने निम्नलिखित सजा सुनाईःपॉक्सो एक्ट की धारा 4(2) और 6ः 20 वर्ष सश्रम कारावास और 5,000 रुपये जुर्माना।- आईपीसी की धारा 366ः 5 वर्ष सश्रम कारावास और 2,000 रुपये जुर्माना।- आईपीसी की धारा 363ः 2 वर्ष सश्रम कारावास और 1,000 रुपये जुर्माना।इसके अतिरिक्त, न्यायालय ने पीड़िता के पुनर्वास और भविष्य को ध्यान में रखते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देश दिया कि उसे 5 लाख रुपये की प्रतिकर राशि प्रदान की जाए। यह राशि न केवल पीड़िता के लिए आर्थिक सहायता होगी, बल्कि उसे एक नया जीवन शुरू करने में भी मदद करेगी।

**समाज के लिए एक संदेश**-यह फैसला केवल एक कानूनी कार्रवाई नहीं, बल्कि समाज के लिए एक बड़ा संदेश है। यह बताता है कि बालिकाओं के खिलाफ अपराध करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। फास्ट ट्रैक कोर्ट की त्वरित कार्रवाई और संवेदनशील दृष्टिकोण ने यह साबित किया कि न्याय व्यवस्था पीड़ितों के साथ खड़ी है।

# देवी देवताओं की विदाई के साथ चिकटराज मेले का हुआ समापन



**बीजापुर, 17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बुधवार को जिले भर से आये देवी देवताओं की विधि विधान अनुसार विदाई के साथ चिकटराज मेला उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ तीन दिवसीय इस मेले मे मंगलवार का दिन खास होता है इस दिन पारंपरिक पूजा पाठ के साथ देवी देवताओं का मिलन होता और सामुहिक रुप से आदिवासी परंपरा अनुसार नृत्य होता है इस मौके पर जिले सहित अन्य जिले के श्रद्धालु गण भी यहां पहुंच कर बाबा चिकटराज का माथा टेकटर आशिर्वाद पाते है मन्नते मागने का भी शुभ अवसर होता है । इस प्रकार बीजापुर का यह मेला अपनी विशिष्ट पहचान लिए हुये है आस्था का यह केंद्र आदिवासी परंपरा को जीवित रखा है इसलिए इस मेले की प्रति क्षेत्र के लोगों मे गहरी आस्था है तीन दिवसीय इस मेले का समापन बुधवार को जिले भर से आये देवी देवताओं की विदाई के साथ संपन्न हुआ। इस वर्ष मेले को भव्य रूप से मनाने नगरपालिका परिषदने साफ सफाई के साथ मेला स्थल को व्यवस्थित करने मे अहम भूमिका निभाई इस आयोजन मे मेला समिति का भी विशेष रूप से योगदान रहा। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि बीजापुर तहसील का यह अंतिम मेला था जो पूरे उत्साह और उमंग से मनाया गया।

## गोंडवाना संस्कृति का भव्य समागम

**बीजापुर, 17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोए गोंड समुदाय एक बार फिर एकजुट होने जा रहा है। गोंडवाना समन्वय समिति द्वारा आगामी 21 अप्रैल, 2025 से 23 अप्रैल, 2025 तक बीजापुर जिले में तीन दिवसीय पेन करसाड़ एवं सामाजिक संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में जिले भर से हजारों की संख्या में गोंड, मुरिया, दोरला, माडिया, धुरवा समुदाय के लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। गोंडवाना समन्वय समिति के अध्यक्ष, अमित कोरसा ने इस आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि गोंडवाना संस्कृति विश्व की प्राचीनतम संस्कृतियों में से एक है और हमारी पेन शक्ति (देव) संस्कृति प्रकृति के संरक्षण का मूल आधार है। यह संस्कृति मानव जीवन को सुखमय और शांतिपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा देती है। इसी महान पेन शक्ति संस्कृति, अर्थात गोंडी धर्म (कोयापूनेम) को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय इस तीन दिवसीय पेन करसाड़ एवं सामाजिक संगोष्ठी का आयोजन गोंडवाना समाज समन्वय समिति, जिला बीजापुर द्वारा किया जा रहा है।यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम गोंडवाना समाज भवन, मुसालूर-धनोरा, गुण्डाधुर चौक में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नीलकंठ टेकाम (द्रूस), विधायक केशकाल एवं प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ गोंडवाना गोंड महासभा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विक्रम शाह मण्डावी, विधायक बीजापुर करेंगे।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में जानकी कोरसा, अध्यक्ष जिला पंचायत बीजापुर, पेरे पुल्लैया, उपाध्यक्ष जिला पंचायत बीजापुर, जग्गूराम तेलामी, अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज जिला-बीजापुर, एवं गोंडवाना समाज समन्वय समिति के ब्लॉक एवं जिला स्तर के सभी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य आदि गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहेंगे। यह तीन दिवसीय आयोजन गोंड समुदाय के लोगों के लिए अपनी संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक मुद्दों पर विचार-विमर्श करने का एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। हजारों की संख्या में समुदाय के लोगों की भागीदारी इस कार्यक्रम को और भी महत्वपूर्ण बना देगी।

## पोषण क्रांति की ओर बीजापुर ,पहले 1000 दिन पर केंद्रित विशेष पखवाड़ा शुरू

**बीजापुर, 17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के नेतृत्व में बीजापुर जिला एक नई पोषण क्रांति की ओर बढ़ चला है। जिले में 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक ÷पोषण पखवाड़ा÷ मनाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य कुपोषण और एनीमिया के खिलाफ निर्णायक कदम उठाकर स्वस्थ भविष्य की नींव रखना है। इस विशेष अभियान का केंद्र बिंदु नवजात शिशुओं के जीवन के पहले 1000 दिन हैं। विशेषज्ञों के अनुसार यह समय शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिले की हर ग्राम पंचायत में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।आंगनबाड़ी केंद्र अब केवल बच्चों की देखभाल का स्थान नहीं, बल्कि पोषण ज्ञान के केंद्र बन चुके हैं। यहां गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और देखभालकर्ताओं को स्तनपान की महत्ता, शिशु आहार और स्वच्छता की आदतों की जानकारी दी जा रही है। विशेषज्ञ व्यक्तिगत परामर्श देकर व्यवहार में बदलाव लाने का प्रयास कर रहे हैं।




**अभियान की प्रमुख गतिविधियां इस प्रकार हैं:**-कोई बच्चा पीछे न छूटे अभियान के तहत सभी बच्चों का वजन मापा जा रहा है।गांव-गांव पोषण का नारा पंचायतों में जागरूकता रैली और कार्यक्रमों का आयोजन।गंभीर व मध्यम कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।घर-घर दस्तक - आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हर घर तक पोषण का संदेश पहुंचा रही हैं। स्कूलों में फैंसी ड्रेस व चित्रकला प्रतियोगिता के जरिए बच्चों को पोषण के महत्व से जोड़ा जा रहा है।छात्रों द्वारा पोषण शपथ लेकर स्वस्थ रहने का संकल्प लिया जा रहा है।स्थानीय पौष्टिक खाद्य पदार्थों का प्रदर्शन और स्वाद परीक्षण किया जा रहा है।स्वास्थ्य शिविरों में एनीमिया जांच और कृमिनाशक गोलियों का वितरण किया जा रहा है।आंगनबाड़ी और स्कूल परिसरों में पोषण वाटिकाएं विकसित की जा रही हैं।मासिक धर्म स्वच्छता और प्रबंधन पर विशेष चर्चा सत्र भी आयोजित हो रहे हैं।इस अभियान को जन-आंदोलन का रूप देने के लिए जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन, स्व-सहायता समूह, शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायत, कृषि जैसे विभाग एक साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं। यूनिसेफ और वर्ल्ड विजन जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का भी सहयोग प्राप्त हो रहा है।मितानिन और एएनएम कार्यकर्ता कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उन्हें उपचार और पोषण सेवाओं से जोड़ रही हैं। वहीं, बेहतर कार्य करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और स्वयंसेवकों को सम्मानित किया जाएगा।कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा, यह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, एक संकल्प है - बीजापुर के हर बच्चे को कुपोषण से मुक्त कर एक स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य दे।

## भटपल्ली में जल जीवन मिशन की सौगात

**बीजापुर, 17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला मुख्यालय से लगभग 65 किलोमीटर दूर भोपालपटनम विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत तिमेड़ के आश्रित ग्राम भटपल्ली के निवासियों को अब शुद्ध पेयजल के लिए हैंडपंप पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत यहां हर घर नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है।इस योजना के तहत ग्राम भटपल्ली के 60 परिवारों के 254 ग्रामीणों को समूह जल प्रदाय योजना के माध्यम से घर-घर नल कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व ग्रामीणों को पेयजल की पूर्ति के लिए 15 हैंडपंपों पर निर्भर रहना पड़ता था।ग्राम भटपल्ली को 08 अगस्त 2022 को ग्रामसभा के माध्यम से 'हर घर जल' प्रमाणीकरण प्रदान किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच कु. मीना गोटा, सचिव राधा कोरमराका, ग्रामवासी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारीगण एवं जिला समन्वयक श्री टोपेश्वर साहू उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर शत-प्रतिशत घरों में नल कनेक्शन की पुष्टि की।कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों को जल जीवन मिशन की विस्तृत जानकारी दी और बताया कि यह योजना न केवल आज की आवश्यकता है, बल्कि आने वाले समय के लिए सुरक्षित जल की नींव भी है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि योजना के भविष्य में संचालन, संधारण और प्रबंधन की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत को सौंपी गई है, जिससे ग्रामीण स्तर पर स्वावलंबन को बढ़ावा मिलेगा।

## एक नजर

### शराब की अवैध बिक्री करने वाले तीन लोग गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना लवन पुलिस पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 16 अप्रैल को थाना लवन की पुलिस टीम द्वारा ग्राम जुड़ा में घेराबंदी कर, अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले 03 आरोपी शराब कोचियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से 4600 कीमत मूल्य का 23 लीटर अवैध महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर, आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रकिया की जा रही है। आरोपियों के नाम बिटावन बघेल उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम जुड़ा थाना लवन, ताराचंद मिरी उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम जुड़ा थाना लवन, रमशेर बंजारे उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम जुड़ा थाना लवन है।

### सेना अग्निवीर भर्ती के लिए 25 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन

**बलौदाबाजार, 17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय सेना अग्निवीर की भर्ती जनरल ड्यूटी, टेक्निकल, क्लर्क/स्टोर कीपर एवं अग्निवीर ट्रेड्समेन के लिए 10वीं पास तथा अग्निवीर ट्रेड्समेन 8वीं, 10वीं पास, महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्म गुरु, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदो के लिए अधिसूचना जारी की गई है। भारतीय सेना (अग्निवीर) भर्ती के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 25 अप्रैल 2025 तक भारतीय सेना की वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर अपना पंजीकरण करा सकते हैंइस बार से अभ्यर्थी अग्निवीर के दो पदों के लिए अपनी योग्यता अनुसार आवेदन कर सकते है। अग्निवीर क्लर्क के अभ्यर्थीयों को ऑनलाइन परीक्षा सीईई के समय टाइपिंग टेस्ट भी देना होगा ऑनलाइन परीक्षा सीईई जून 2025 में होने की संभावना है। किसी भी अन्य जानकारी और समस्या के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर दूरभाष नंबर 0771-2965212, 0771-296524 पर संपर्क कर सकते है।

### युवती के साथ छेड़छाड़ व मारपीट करने वाले अपचारी बालक के खिलाफ कार्रवाई

**बलौदाबाजार, 17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 13 अप्रैल को प्रार्थिया युवती के साथ आरोपी अपचारी बालक द्वारा छेड़छाड़ किया गया, जिसका विरोध करने पर आरोपी द्वारा प्रार्थिया के साथ गाली गलौज कर, मारपीट किया गया है तथा अपने हाथ में पहने कड़ा से प्रार्थिया के बाई आंख के पास मारपीट कर चोट पहुंचाया गया है। कि रिपोर्ट पर आरोपी अपचारी बालक के विरुद्ध थाना सुहेला में अपराध क्र. 86/2025 धारा 296, 115(2), 74 बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना सुहेला पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी अपचारी बालक को हिरासत में लिया गया, जिसके द्वारा प्रार्थिया युवती के साथ छेड़छाड़ कर मारपीट की घटना करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में दिनांक 15.04.2025 को अपचारी बालक के विरुद्ध विधिवत कार्यवाही कर, उसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया है।

राजस्व मंत्री ने मोहरा से जिले में मोर दुआर-साय सरकार महाअभियान का किया शुभारंभ

# हर पात्र हितग्राही का पक्का मकान का सपना होगा पूरा : टंकराम वर्मा

**हितग्राहियों के घर पहुंच कर स्वयं किया सर्वे, विष्णु की पाती भी सौंपा**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 17 अप्रैल।** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने बुधवार को सिमगा विकासखंड के ग्राम मोहरा से प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के लिए जिले में मोर दुआर-साय सरकार महाभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने मोहरा के कई हितग्राहियों के घर पहुंचकर स्वयं सर्वेक्षण किया। सर्वेक्षण के दौरान मोबाइल एप्प से हितग्राहियों का जिओ टैगिंग किया। उन्होंने हितग्राहियो को आश्वस्त किया कि हमारी सरकार सभी पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देगी जिससे उनके पक्के मकान का सपना जल्द पूरा होगा। उन्होंने हितग्राहियो को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पाती भी सौंपा।

मोहरा के गायत्री मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री वर्मा ने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आवास प्लस 2.0 के अंतर्गत सर्वेक्षण के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार गांव- गांव में हर परिवार का सर्वे किया जा रहा है जिसमें मुख्यमंत्री स्वयं पहुँच रहे है। इसीतरह मंत्री, सांसद, विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी हितग्राहियों घर पहुंचकर सर्वे कर रहे है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने अपने अधिकांश वायदे को पूरा कर दिया है। हमारी सरकार ने गरीब, मजदूर, महिला, किसान, युवा सबके लिए योजना बनाई है और उसका लाभ मिल रहा है जिससे प्रदेश में खुशहाली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ को भी विकसित प्रदेश बनाना होगा। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम मोहरा के शासकीय हाई स्कूल परिसर की समतलीकरण के लिए 15 लाख एवं रामायण चौक के जीर्णोद्धार के लिए 5 लाख रुपये देने की घोषणा की।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल ने बताया कि आवास प्लस 2.0 अंतर्गत जिले में सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है जिसमें अब तक **80711 परिवारों का सर्वे हो चुका है। वर्ष:** 2024- 25 में जिले को प्रधानमंत्री आवास योजनाओं ग्रामीण अंतर्गत 48000 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। अब तक 41125 आवासों की स्वीकृति हुई है जिसमें करीब 12903 आवास पूर्ण हो गये हैं। जिला बलौदाबाजार -भाटापारा का अधिक संख्या में आवास पूर्ण कराने वाले जिलों में प्रदेश में दूसरा स्थान है।कार्यक्रम को जनपद सदस्य दौलत पाल एवं जिला पंचायत सदस्य डॉ मोहन लाल वर्मा ने भी सम्बोधित किया।

पात्र परिवारों का किया सर्वे, हितग्राही को सौंपा आवास की चाबी- राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने मोहरा के जगर बाई फेकर पति मंगल फेकर के घर पहुंच कर बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आप लोगों के सुध लेने भेजा है और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आप आवास के लिए पात्र हैं, आपका पक्का मकान बन जाएगा। यह सुनते ही फेकर बाई की चेहरा में खिल उठा और कहा कि कच्चा मकान में बहुत परेशानी है। पक्का मकान मिल जाएगा तो समस्या नहीं रहेगा। जगर बाई ने बताया कि वह अपने पति के साथ बहु बेटों से अलग रहती है। उन्हें महतारी वंदन योजना का भी लाभ मिल रहा है। इसीतरह अनीता फेकर पति कुमार फेकर ने बताया कि परिवार मजदूरी पर निर्भर है और सीमित आय के चलते पक्के मकान नहीं बना पा रहे है। महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है।उन्होंने राजस्व मंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि अब उनका पक्का मकान का सपना जल्द पूरा होगा। इस दौरान राजस्व मंत्री वर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही सुमित्रा पति मंगल राम को आवास पूर्ण होने पर चाबी सौंपा। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण कराने पर बधाई दी।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आवास प्लस 2.0 के तहत सर्वेक्षण के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के विशेष पहल पर 15 दिवसीय मोर दुआर-साय सरकार महाभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा। मोर दुआर-साय सरकार महाभियान का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के ऐसे ग्रामीण परिवारों की पहचान करना है, जिन्हें अब तक किसी भी आवासीय योजना के तहत पक्का आवास नहीं मिल सका है। उन्हें पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराना है।

इस अवसर पर सरपंच तारिणी वर्मा, जनपद सदस्य पुष्पा चेलक, हेमंत वर्मा, जनपद सीईओ अमित दुबे सहित अन्य अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# स्काउटर कभी रिटायर्ट नहीं होता:जगदीश साहू



**तैयार रहो, जीवन भर सेवा करो यह सिखाता है स्काउट गाइड**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 17 अप्रैल।** 16 अप्रैल को भारत स्काउट गाइड जिला कार्यालय बलौदाबाज़ार मे जिला डी ओ सी सूरज कसार, जिला सचिव राज्य लीडर ट्रेनर जगदीश साहू, की उपस्थिति मे आजीवन सदस्यता ग्रहण करने वाले भाटापारा हाई स्कूल बिटकुली के प्रभारी प्राचार्य रमेश वर्मा ने कहा कि अभी भीषण गर्मी मे लोग अपने घर के कुलर की हवा मे आराम कर रहे है ऐसे मे स्काउट गाइड से जुड़े छात्र छात्रा नीम पेड़ के नीचे मटकी मे पानी लेकर राहगीरों को शीतल जल का प्याऊ घर खोलकर प्यास बुझा रहे है और पशु पक्षियों के लिए दाना पानी का इंतजाम कर सेवा कार्य कर रहे है। रमेश वर्मा को बलौदा बाजार जिला स्काउट संघ की आजीवन सदस्य बनने पर बधाई देकर स्वागत किये, इस मौके पर भाटापारा सचिव श्रवण सिंगरौल, शरद चंद्र देऊलकर, सुनील ब्राम्हणकर, सुश्री पुष्पा वर्मा, कसडोल सचिव जे आर बारले, मानिकपुरी, मुरित श्रीवास सहित अन्य स्काउटर गाइडर उपस्थित थे।

# प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रकारों की वर्तमान स्थिति पर डाला प्रकाश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 17 अप्रैल।** पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ मानी जाती है, जो समाज में व्याप्त बुराइयों और असमानताओं पर प्रहार कर समाज को जागरूक करता है। लेकिन वर्तमान में पत्रकारिता के इस महत्वपूर्ण पेशे में कार्यरत पत्रकार स्वयं शोषण और उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं।

आज के पत्रकार न केवल खबरों की खोज में लगे रहते हैं, बल्कि उन्हें अपने पेशेवर अधिकारों की भी रक्षा करनी पड़ती है। कई मीडिया संस्थान अपने कर्मचारियों से अत्यधिक कार्य करवाते हैं, लेकिन उन्हें उचित मेहनताना नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि पत्रकारों को अपनी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए संघर्ष करना पड़ता है।

इसके अलावा, पत्रकारों को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। उन्हें उच्च रक्तचाप, शुगर जैसी बीमारियों का सामना करना पड़ता है, जो उनके कार्य की अत्यधिक दबाव और तनाव का परिणाम हैं।

इन सभी चुनौतियों के बावजूद, पत्रकार समाज की सेवा में निरंतर लगे रहते हैं। वे अपने पेशे को कलंकित होने से बचाने के लिए संघर्ष करते हैं और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए आवाज उठाते हैं।

पत्रकार महासंघ छत्तीसगढ़ इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सभी पत्रकारों से अपील करता है कि वे एकजुट होकर अपने अधिकारों की रक्षा करें और पत्रकारिता के सम्मान को बनाए रखें। हमें मिलकर एक मजबूत और स्वतंत्र पत्रकारिता की दिशा में कदम बढ़ाना होगा।

# आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित निरीक्षण करें अधिकारी : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बालोद, 17 अप्रैल।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यो की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों के अलावा सभी परियोजना अधिकारियों एवं सेक्टर सुपरवाईजरों को आंगनबाड़ी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण कर वहाँ सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। इसके अलावा उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों को फील्ड में भी लगातार दौरा कर शासकीय योजनाओं का निर्धारित समयावधि में समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी डीपी सिंह, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अजय गेडाम, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन अभियंता सहित परियोजना अधिकारी, सेक्टर सुपरवाईजर एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक में चन्द्रवाल ने सभी परियोजना अधिकारियों से अपने-अपने परियोजना के अंतर्गत आंगनबाड़ी भवन निर्माण एवं मरम्मत कार्य के अलावा आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के अलावा शौचालय निर्माण के कार्य की प्रगति के संबंध में बारी-बारी से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को इन सभी कार्यों को प्राथमिकता के साथ निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान चन्द्रवाल ने अधिकारियों से आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं तथा बच्चों की दर्ज संख्या के अलावा उनकी उपस्थिति के आंकलन के संबंध में प्रारंभ किए गए पोषण ट्रेकर एप्प में ऑनलाईन एंट्री के कार्य के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को इस कार्य को शत प्रतिशत सही एवं त्रुटिरहित ढंग से पूरा कराने तथा इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं तथा विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को समुचित प्रशिक्षण भी प्रदान कराने के निर्देश दिए। इस संबंध में उन्होंने सभी परियोजना अधिकारियों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देने को कहा। चन्द्रवाल ने जिले के सभी शौचालय विहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय निर्माण हेतु विभाग को प्रस्ताव भेजने के भी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु चल रहे भर्ती प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने जिले में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर में चल रहे भर्ती प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी ली।

### संस्था व पाठ्यक्रम परिवर्तन के लिए आवेदन 22 तक

**बलौदाबाजार, 17 अप्रैल।** जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय कालेज पॉलिटेक्निक व औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आदि के सस्था प्रमुख व छात्रवृत्ति प्रभारी एवं विद्यार्थी शिक्षा सत्र 2024-25 हेतु संस्था परिवर्तन, पाठ्यक्रम परिवर्तन, संस्था एवं पाठ्यक्रम दोनों परिवर्तन, वर्ष परिवर्तन की प्रक्रिया राज्य स्तर से प्रारंभ कर दिया गया है। परिवर्तन हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 22 अप्रैल तक निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथियों के पश्चात प्रेषित जानकारी पर विचार नहीं किया जायेगा।

# मालवाहक का पब्लिक परिवहन में उपयोग करने वाले वाहनचालकों पर कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 17 अप्रैल।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु मालवाहक वाहनों का उपयोग पब्लिक सवारी के रूप में करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चेकिंग कार्यवाही भी लगातार जारी है।

पूर्व में माल वाहक वाहनों में सवारी भरकर जिले के भाटापारा-बलौदाबाजार रोड डीपीएस स्कूल के पास सड़क दुर्घटना में 16 लोगों की मृत्यु हुई थी। मालवाहक वाहनों का उपयोग सवारी भरने के लिए करना सडक दुर्घटना को आमंत्रण देना है। इसी क्रम मे आज दिनांक 15.04.2025 को यातायात पुलिस द्वारा मालवाहक वाहनों का उपयोग पब्लिक परिवहन के रूप में करने वाले वाले वाहन मालिकों/चालकों पर सख्त कार्रवाई किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में मालवाहक वाहनों में सवारी भरकर ले जाने वाले 09 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 18,000 समन शुल्क वसूला गया है।

सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन करें एवं मालवाहक वाहनों का उपयोग कभी भी सवारी बैठाने के लिए ना करें।

# राधे शक्ति स्पंज एंड पावर लिमिटेड चांपा कोटा की जनसुनवाई शांतिपूर्वक हुई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 17 अप्रैल।** जब-जब भी कोई नया उद्योग लगता है या उद्योगों का विकास की बात होने लगती है तब कुछ स्वार्थी तत्व इसका विरोध भी करते हैं किंतु स्थानीय जनप्रतिनिधि जिला प्रशासन और ग्रामीणों की सकारात्मक सोच के परिणाम स्वरूप उद्योग का विकास भी होता है इसके साथ-साथ औद्योगिक घराना भी अपने कर्तव्य का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करते हैं ग्राम कोटा चापा में खुलने वाले राधे शक्ति स्पंज एंड पावर लिमिटेड को जनसुनवाई अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल की उपस्थिति में ग्रामीणों की भारी मात्रा में उपस्थिति केसाथ सफ्लता पूर्वक सम्पन्न हुआ स्थानीय जनप्रिनिधियो ने कहा कि कारखाना लगेगा तो अच्छी बात यह है कि इसमें महिलाओं को भी रोजगार मिलेगी, खुलने वाले इस फैक्ट्री से रोजगार के अवसर भी काफी बढ़ेंगे, क्योंकि हजारों परिवार यहां नौकरी करने के लिए आएंगे, तो निश्चित उनके रहने से अन्य काम धंधा बढ़ेगा।कारखाने के भीतर ही माली, इलेक्ट्रीशियन, कारपेंटर, मेंटिनेंस, मेस आदि से जुड़ी व्यवस्थाओं से रोजगार के अवसर मिलेंगे क्षेत्रीय ग्रामीणों के फैक्ट्रीमें योग्यता अनुसार काम मिलेगा वही फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा स्थानीय लोगों को रोजगार देने की बात कही है। इन सभी बातों को देखते हुए जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने राधे शक्ति स्पंज एंड पावर लिमिटेड का समर्थन किया।


## नाम परिवर्तन

मैं नीरा बाई साहू पति जैतराम साहू निवासी ग्राम बरनाराकला पो. बरनाराकला थाना बोरतलाव तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ.ग. की निवासी हूं। मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम नीरा बाई साहू पति जैतराम साहू अंकित हैं एवं मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम निशा बाई साहू पति जैतराम साहू अंकित हैं जो कि मैं अपना नाम नीरा बाई साहू पति जैतराम साहू परिवर्तन किये जाने से नया नाम से जाना एव पहचाना जावे।

सूचना जाने।

भवदीय
(नीरा बाई साहू)

## नाम परिवर्तन

मैं अंकज अम्बादे पिता श्री ओंकार अम्बादे निवासी जेल रोड, राम नगर वार्ड नं. 21 डोंगरगढ़ थाना डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ.ग. का निवासी हूं। मेरे बैंक खाता पास बुक, आधार कार्ड, पेन कार्ड में मेरा नाम पंकज कुमार अम्बादे पिता ओंकार अम्बादे अंकित हैं जिसे मैं अपना नाम अंकज अम्बादे पिता ओंकार अम्बादे परिवर्तन किये जाने से नया नाम से जाना एव पहचाना जावे।

सूचना जाने।

भवदीय
(अंकज अम्बादे)

## नाम परिवर्तन

मैं दिलेश्वर उर्फ दिलेश्वर प्रसाद पाल पिता तीजराम जाति गड़रिया ग्राम धुर्राबांधा तह. भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) का निवासी हूं।

मैंने एक नग पालिसी संख्या 359373127 भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा कार्यालय भाटापारा से क्रय किया हूं जिसमें मेरा नाम 'दिलेश्वर प्रसाद पाल (Dileshwar Prasad Pal)' अंकित किया गया है। मेरे आधार कार्ड व पेन कार्ड में मेरा नाम 'दिलेश्वर (Dileshwar)' लिखा गया है, मेरे बैंक पासबुक बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा रेल्वे स्टेशन के पास शाखा भाटापारा में संधारित बचत खाता सं. 86740100022703 खुला है जिसमें मेरा नाम 'दिलेश्वर (Dileshwar)' दर्ज किया गया है।

मुझे, पालिसी में वर्णित नाम 'दिलेश्वर प्रसाद पाल (Dileshwar Prasad Pal)' एवं 'दिलेश्वर (Dileshwar)' नाम से जाना एवं पहचाना जाता है। दोनो नाम एक ही व्यक्ति के नाम हैं, मेरे अपने नाम हैं।

वर्णित पालिसी के संदर्भ में कि दिलेश्वर प्रसाद पाल (Dileshwar Prasad Pal)' एवं 'दिलेश्वर (Dileshwar)' एक ही व्यक्ति के नाम हैं, मेरे अपने नाम हैं, के कथन के समर्थन में मैं यह शपथपत्र निरूपित कर रहा हूं तथा वर्णित पालिसी के संबंध में प्राप्त होने वाली राशि कण्डिका 01 में वर्णित बैंक खाता के माध्यम से भुगतान करने की कृपा हो। इस संबंध में भविष्य में कोई दावा/आपत्ति आता है तो इसके लिए मैं शपथकर्ता स्वयं जवाबदार रहूंगा।

शपथकर्ता
दिलेश्वर

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.-202502142400012 /अ-2/2024-25
साकिनः-चारामा, प.ह.नं.-06

### उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि, आवेदक किशोर सोनकर पिता रोहिदास सोनकर, जाति सोनकर, निवासी ग्राम चारामा, तहसील चारामा जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा ग्राम चारामा, तहसील चारामा स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 244/3 रकबा 0.016 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 24.04.2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतः आज दिनांक 09.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.-202504142400008 /अ-2/2024-25
साकिनः-तेलगरा, प.ह.नं.-19

### उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि, आवेदक चेतनसिंह पिता बहादुर सिंह, जाति गोंड़, निवासी ग्राम तेलगरा, तहसील चारामा जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा ग्राम तेलगरा, तहसील चारामा स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 169/8 में से रकबा 0.02 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 30.04.2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतः आज दिनांक 16.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर

## न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202504092200017

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्- 2024-2025
मुरमुंदा प.ह.न. 00031 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- मीना बाई,
अनावेदक पक्षकार-

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मीना बाई पति फूलचंद जाति सतनामी सा. मुरमुंदा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदिका के भाई सुपेन्द्र आ. स्व. संमुद का मृत्यु दिनांक 06.08.2009 को ग्राम मुरमुंदा में हुआ है, के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 23.04.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/04/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरंगढ़

## न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202504092200018

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः-2024-2025
मुरमुंदा प.ह.न. 00031 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- मीना बाई,
अनावेदक पक्षकार-

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मीना बाई पति फूलचंद जाति सतनामी सा. मुरमुदा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदिका के माता प्रेमबाई पति सगुन का मृत्यु दिनांक 11.09.2008 को ग्राम मुरमुंदा में हुआ है, के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 23.04.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/04/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

## न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202504095300012 -ब/121-वर्ष 2024-25

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गीताबाई पति सुरेश कुमार जाति कलार निवासी ग्राम गातापारखुर्द तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा द्वारा ग्राम गातापारखुर्द पटवारी हल्का नं. 08 रा.नि.मं. मोहारा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में स्थित भूमि खसरा नं. 79/1, 92, 94/1, 95/1, 95/2, 105, 501/2 रकबा 0.332, 0.190, 0.065, 0.405, 0.307, 0.275, 0.405 हेक्टेयर कुल खसरा 07 कुल रकबा 1.979 हेक्टेयर भूमि आवेदिका के नाम पर दर्ज व स्थित है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका कही गुम हो चुका है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका कही गुम हो जाने के कारण आवेदिका को शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्य में परेशानी हो रही है। उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय बी-1, अदेय प्रमाण पत्र तथा प्रथम सूचना रिपोर्ट, चलान की मूल प्रति पेश किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 29.04.2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ (छ.ग.)

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर (छ.ग.)
(जल जीवन मिशन)

### 'ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना'
(तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना)

जिला बीजापुर अंतर्गत विकासखण्डों के ग्रामों में नलजल प्रदाय योजना में स्त्रोत निर्माण हेतु **नलकूप खनन कार्य** के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रपत्र 'ए' में ऑनलाईन (Online) निविदा (प्रमुख अभियंता, लो.स्वा.यां. विभाग रायपुर छ.ग. के यु.एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 में Amedment date 18.04.2023 (Amedment No. 09/2023-24) से प्रभावशील एवं निविदा जारी होने की तिथि तक समस्त संशोधन सहित आमंत्रित की जाती है। **ठेकेदार निविदाएँ साईट में अपलोड नये ड्राफ्ट एन.आई.टी. के नियम एवं शर्तों के आधार पर ही निविदा में भाग लेवें।** आमंत्रित निविदाएँ निम्नानुसार है-

| क्र. | निविदा क्रमांक/ दिनांक | सिस्टम क्रमांक | विकासखण्ड का नाम | ग्रामों की संख्या | नलकूप खनन की संख्या | Tender Call | कार्य की कुल अनु. लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 01/ 14.04.2025 | 167065 | BHAIRAMGARH | 13 | 19 | 3rd call | 19.19 | 14400/- |
| 4 | 02/ 14.04.2025 | 167044 | BIJAPUR | 28 | 49 | 3rd call | 49.49 | 37118/- |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की अंतिम तिथि दिनांक (Bid due date) **30.04.2025** तक आमंत्रित की जाती है। निविदाएं डाउनलोड करने की तिथि (Bid start date) **16.04.2025** से है। निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

जी-252600307/4

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर

एक नजर

## श्रीवास्तव ने अटल जी को अर्पित किया श्रद्धासुमन



रायपुर, 17 अप्रैल। छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव आज बीटीआई ग्राउंड में पदभार ग्रहण करने के पूर्व अवंती विहार स्थित अटल चौक पहुंचकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया, उक्त जानकारी देते हुए व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजकुमार राठी ने बताया कि नवनियुक्त अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव आज अटल चौक पहुंचकर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य बाजपाई की देन है एवं आज भारतीय जनता पार्टी अटल बिहारी बाजपाई की विचारधारा पर चलकर केंद्र में तीसरी बार एवं राज्य में चौथी बार सरकार बनाई है। अटल चौक पर संजय श्रीवास्तव का स्वागत व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजकुमार राठी, महामंत्री किशोर नायक, उपाध्यक्ष सुब्रत घोष, संतोष श्रीवास्तव, अभिषेक गुप्ता, सुजीत परिहार, विकास मिश्रा, जयराम कुकरेजा, अखिल चटर्जी, इंद्रपाल सिंह तोमर, राधेश्याम शर्मा, मोनू आहूजा, राजू रोहित राघव, अशोक गुप्ता, संजय नागर, अक्षत शर्मा सहित सैकड़ों व्यापारी उपस्थित थे।

## 78 महिलाओं से 30 लाख से अधिक की ठगी

रायपुर, 17 अप्रैल। दो महिलाओं ने 78 महिलाओं को रोजगार दिलाने का झांसा देकर 30 लाख से अधिक रुपए ठग लिए। प्रार्थिया की शिकायत पर आरंग पुलिस ने आरोपी महिलाओं के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया त्रिवेणी जलत्री 32 वर्ष आरंग की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि आरोपिया राखी ध्रुव और पूनम नायक ने अपने आप को मां दंतेश्वरी लघु उद्योग एनजीओ चलाती हूं कहकर 78 महिलाओं को स्वरोजगार दिलाने का लालच देकर 40-40 हजार रुपए का लोग अलग-अलग बैंकों से निकलवा कर अपने पास रख लिया और प्रतिमाह 6 हजार रुपए मानदेय एवं रोजगार देने का आश्वासन देकर कुल 30 लाख 20 हजार रुपए का धोखाधड़ी किया।

## भिलाई नगर निगम मुख्यालय के पीछे मिला युवक का शव



भिलाई नगर 17 अप्रैल । भिलाई नगर निगम मुख्यालय सुपेला के पीछे युवक का शव मिला है। मौके पर पहुंची सुपेला पुलिस के द्वारा पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया है। सुपेला थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने बताया कि भिलाई नगर निगम मुख्यालय सुपेला के पीछे एक युवक का शव मिला था। जिसकी शिनाख्त राम नगर मुक्तिधाम निवासी महेंद्र कश्यप रूप में हुई है। मृतक सब्जी मंडी सुपेला में हमाल का काम करता था। बताया गया कि मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था। साथ ही नशे का आदी था।सुपेला थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई के बाद बॉडी को पीएम के लिए भेज दिया। मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है। पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण का खुलासा हो सकेगा।

# अम्बेडकर अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश

## स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने ली अधिकारियों की बैठक

रायपुर, 17 अप्रैल। छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज मंत्रालय, नवा रायपुर में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर के उन्नयन, विद्युतीकरण, और विस्तारीकरण से संबंधित एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की। इस बैठक का उद्देश्य अस्पताल को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर प्रदेश की जनता को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था।



बैठक के दौरान जायसवाल ने अस्पताल की आधारभूत संरचना को और अधिक मजबूत करने, विद्युतीकरण को उन्नत करने, और चिकित्सालय के विस्तारीकरण से संबंधित योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल में सभी आवश्यक चिकित्सा उपकरणों, आधुनिक तकनीकों, और अन्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही, उन्होंने विभागीय समन्वय को और सुदृढ़ करते हुए सभी कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की सुशासन सरकार प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को सुलभ, सस्ती, और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा सुश्री किरण कौशल, स्वास्थ्य विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, चिकित्सा महाविद्यालय के डीन, अस्पताल प्रबंधन के प्रतिनिधि, और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## ठगी का आरोपी यूपी में चढ़ा पुलिस के हत्थे

रायपुर, 17 अप्रैल। थाना माना कैंप क्षेत्र के निवासी रविकांत कटारे से ऑनलाइन क्रेडिट कार्ड एक्टिवेशन के बहाने ठगी करने वाले आरोपी को रायपुर पुलिस ने उत्तर प्रदेश के रायबरेली से गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेन्द सिंह के निर्देश पर लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के तहत की गई। जानकारी के अनुसार, घटना 2 वर्ष 9 माह पुरानी है। दिनांक 16 जुलाई 2023 को प्रार्थी रविकांत कटारे के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया, जिसमें खुद को डीबीएस बैंक का प्रतिनिधि बताते हुए आरोपी ने क्रेडिट कार्ड एक्टिवेशन के नाम पर ओटीपी की जानकारी हासिल कर ली। इसके बाद प्रार्थी के क्रेडिट कार्ड से 80,580 रुपये की धोखाधड़ी की गई। प्रकरण दर्ज होने के बाद सायबर सेल की तकनीकी सहायता से आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के रायबरेली निवासी विपीन कुमार पिता छितई प्रसाद के रूप में हुई। आरोपी विपीन कुमार द्वारा प्रार्थी से ओटीपी लेकर उनके खाते से रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए गए थे।

# रायपुर में एक हजार किलो नकली पनीर डेयरी से जब्त

रायपुर, 17 अप्रैल। राजधानी रायपुर में एक बार फिर नकली पनीर का बड़ा घोटाला सामने आया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की विशेष टीम ने गुरुवार को गोकुल नगर स्थित एक डेयरी पर छापा मारा और वहां से लगभग 1000 किलोग्राम डिब्बाबंद नकली पनीर जब्त किया गया। इस कार्रवाई ने खाद्य सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है।

जांच में पता चला है कि जब्त किया गया नकली पनीर मध्यप्रदेश के भोपाल और मुरैना जिलों से ट्रकों के माध्यम से लाया गया था। यह पनीर रायपुर समेत पूरे छत्तीसगढ़ और ओडिशा के विभिन्न हिस्सों में वितरित किया जा रहा था।

खाद्य अधिकारियों के मुताबिक, यह नकली पनीर सिंथेटिक दूध, रिफाइंड तेल और यूरिया जैसे हानिकारक रसायनों से तैयार किया गया था, जो गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न कर सकता है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस डेयरी का संचालन कर रहा व्यक्ति सौरभ शर्मा है, जो पहले भी नकली पनीर के मामले में गिरफ्तार



हो चुका है। बावजूद इसके उसने अपना नेटवर्क और बड़ा कर लिया।

जांच में खुलासा हुआ है कि यह पनीर रायपुर की कई मंडियों, होटलों, मिठाई दुकानों और फूड सर्विस डिलीवरी कंपनियों को सप्लाई किया जा रहा था। टीम को कुछ बिल और चालान भी मिले हैं, जिनके अनुसारः

FDA ने पनीर के सैंपल जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे हैं। प्रारंभिक रिपोर्ट में इसे फेल घोषित किया गया है। जल्द ही एफआईआर दर्ज कर मामले को क्राइम ब्रांच को सौंपा जाएगा। राजधानी में इस खुलासे के बाद प्रशासन ने 'क्लीन मार्केट' अभियान तेज कर दिया है। आगामी दिनों में सभी डेयरियों, मिठाई दुकानों, और होटलों की विशेष सैंपलिंग जांच की जाएगी।

# जमीन घोटाले की जांच एक महीने में एक कदम भी आगे नहीं बढ़ी: कन्हैया

रायपुर, 17 अप्रैल। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने



भारतमाला प्रोजेक्ट जमीन घोटाले की जांच पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए कहा कि सरकार विधानसभा में घोषणा के एक महीने बाद भी ईओडब्ल्यू को मामला नहीं दे सकी है, इसलिए स्पष्ट है घोटालेबाजों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

अग्रवाल ने कहा कि सैकड़ो करोड़ के जमीन घोटाले के मामले में विधानसभा में चर्चा के दौरान भी अनेकों बार विधानसभा अध्यक्ष को टिप्पणी करनी पड़ी थी। राजस्व मंत्री, उनके विभाग के अफसर और जमीन घोटाला करने वाले भू माफियाओं के बीच की सांठगांठ के चलते ही नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि सरकार आरोपियों को बचाने मामले की सीबीआई जांच नहीं करा रही है।

### हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वसूली का माध्यम

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की तिथि एक माह बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि नंबर प्लेट लगाने के लिए परिवहन विभाग हर शहर गांव में वार्ड वार्ड में शिविर लगवा कर न्यूनतम शुल्क में नंबर प्लेट उपलब्ध करवाए। उन्होंने कहा कि हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के नाम पर हाई लेवल पर जो धंधा किया जा रहा है। नंबर प्लेट बदलने का निर्णय सरकार ने लिया है तो शुल्क भी सरकार को वहन करना चाहिए, यदि शुल्क लिया भी जाना है तो न्यूनतम शुल्क निर्धारित किया जाना चाहिए और प्रत्येक वार्ड में शिविर लगाकर वाहन चालकों को नंबर प्लेट लगाने की सुविधा दी जानी चाहिए। इस बीच में ट्रैफिक पुलिस के द्वारा हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के नाम पर जांच या चालान का काम तत्काल प्रभाव से बंद किया जाना चाहिए अन्यथा इस मामले में शासन प्रशासन को विरोध का सामना करना पड़ेगा।

# कांग्रेस ने धरना-प्रदर्शन को अपराध संरक्षण का बनाया राजनीतिक हथियार : अरुण साव

रायपुर, 17 अप्रैल। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने पत्रकार वार्ता कर कहा कि नेशनल हेराल्ड के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) विधि सम्मत कार्रवाई कर रही है। कांग्रेस ने अब धरना प्रदर्शन को अपराध संरक्षण का हथियार बना लिया है। पर यह नहीं भूला जाना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल में जाँच एजेंसियाँ स्वतंत्र रूप से काम कर रही हैं और धरनों से ईडी पर दबाव नहीं पड़ेगा।

नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी अभी जमानत पर हैं और 21 व 25 अप्रैल को इस मामले की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। इस मामले को लेकर कांग्रेस एक बार फिर धरना-आंदोलन करके दबाव बनाने का प्रपंच रच रही है। इस पूरे मामले की बारीकियों को समझने से पहले इसकी पृष्ठभूमि पर गौर करना लाजिमी होगा। नेशनल हेराल्ड की स्थापना 1937 में हुई, तब इसके 5000 शेयर होल्डर थे। इनमें पूर्व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी से लेकर पूर्व आंदोलन के नेता, जो बाद में मुख्यमंत्री रहे, वे भी थे। यानी, इसके शेयर नेहरू खानदान की जागीर कभी नहीं रहे। आगे चलकर 2008 में नेशनल हेराल्ड का पब्लिकेशन बंद हो गया। इसके बाद नेशनल हेराल्ड का संचालन करने वाली एसोसिएटेड जनरल लिमिटेड (एजीएल) को कांग्रेस पार्टी ने 90 करोड़ रुपए का लोन दिया। यहाँ तथ्य यह है कि कोई भी राजनीतिक दल अपना पार्टी फंड किसी कंपनी को नहीं दे सकता है। हैरत की बात तो यह है कि बाद में नेशनल हेराल्ड ने कांग्रेस को 90



करोड़ का लोन चुकाने से मना कर दिया। इसके बाद यंग इण्डिया नामक कंपनी बनाई गई जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी के 38-38 प्रतिशत शेयर थे और बाकी शेयर मोती लाल वोरा व ऑस्कर फर्नांडिस आदि अन्य के नाम पर थे। इसके बाद नेशनल हेराल्ड चलने वाली एसोसिएट जनरल लिमिटेड की 9 करोड़ की इक्विटी शेयर यंग इण्डिया को ट्रांसफर कर दिए गए। इस ट्रांसफर में नेशनल हेराल्ड की हजारों करोड़ों की संपत्ति के मालिक यंग इण्डिया बन गई, जिसमें दिल्ली के बहादुर शाह जफर, मुंबई, लखनऊ, भोपाल और पटना की सारी संपत्तियाँ हैं। यह पूरी तरह एक कॉर्पोरेट षड्यंत्र किया जाना सिद्ध होता है ताकि यह पूरी संपत्ति गांधी परिवार के हाथ में आ जाए। 90 करोड़ रुपये का लोन राइट ऑफ कर दिया गया और केवल 50 लाख रुपये का भुगतान किया गया। पत्रकार वार्ता में उप मुख्यमंत्री साव ने पूछा कि यंग इण्डिया नॉन-प्रॉफिटेबल चैरिटेबल कंपनी है। अब इन्होंने चैरिटी के क्या काम किए, यह आज तक किसी को नहीं मालूम। इस प्रकार बहुत व्यवस्थित तरीके से सार्वजनिक संपत्ति को निजी संपत्ति बना लिया गया।

# डबल इंजन की सरकार फेल साबित हुई : महंत

रायपुर, 17 अप्रैल। प्रदेश मे आज से राज्य सरकार धान नीलामी करने जा रही है, छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ.



चरणदास महंत ने कहा कि, खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर कुल 149 लाख मे. टन धान की खरीदी की गयी है। भारत सरकार के द्वारा केन्द्रीय पूल मे इस पूरे धान का चावल नहीं लिये जाने के कारण 35 लाख मेट्रिक टन धान का विक्रय निलामी के माध्यम से राज्य सरकार के द्वारा किया जा रहा है। इस निलामी से लगभग 7 हजार करोड़ रूपये की क्षति राज्य सरकार को होने की संभावना है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की योजना भारत सरकार की योजना है और राज्य सरकार के द्वारा केन्द्र की ऐजेंसी के रूप में धान उपार्जन का कार्य किया जाता है। इसलिए केन्द्र सरकार को चाहिए सम्पूर्ण सरप्लस धान का चावल केन्द्रीय पूल में ले। पंजाब में इसी सीजन में कुल 172 लाख मेट्रिक टन धान का उपार्जन हुआ है और इस सम्पूर्ण धान का चावल केन्द्रीय पूल मे लिया जा रहा है। पंजाब में तो भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार भी नहीं है जबकि छ.ग. मे डबल इंजन सरकार होने के बाद भी हमारा पूरा सरप्लस चावल केन्द्रीय पूल में नहीं लिया जाना और 7 हजार करोड़ रूपये की क्षति का अनावश्यक आर्थिक भार राज्य के खजाने पर डालना अत्यधिक दुर्भाग्यपूर्ण है।

# सार्वजनिक शौचालय स्वच्छ और सर्वसुविधायुक्त होंगे

## नगरीय प्रशासन विभाग ने जारी किए 57.70 करोड़ रुपए

रायपुर. 17 अप्रैल। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव की पहल पर शहरों में स्वच्छ शौचालय उपलब्ध कराने तथा नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने 57 करोड़ 70 लाख रुपए जारी किए गए हैं। नगरीय प्रशासन विभाग ने स्वच्छ एवं सर्वसुविधायुक्त शौचालयों के लिए 144 नगरीय निकायों को 42 करोड़ 58 लाख रुपए जारी किए हैं। इस राशि से 1389 शौचालयों की मरम्मत की जाएगी। इसके साथ ही स्वच्छता श्रृंगार योजना के तहत सामुदायिक शौचालयों के रखरखाव एवं संधारण के लिए 15 करोड़ 12 लाख रुपए भी मंजूर किए गए हैं। इस राशि से सामुदायिक शौचालयों के उन्नयन के कार्य किए जा रहे हैं।




उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के निर्देश पर नगरीय निकायों में स्वच्छता अभियान की गति को और तेज करने, कचरा डिस्पोजल की व्यवस्था को सुदृढ़ करने, नागरिकों को स्वच्छ शौचालय उपलब्ध कराने तथा उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक करने विभिन्न मदों से राशि जारी की गई है। इस राशि से शौचालयों की मरम्मत, सफाई तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के काम प्राथमिकता से किए जाएंगे।

उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालय एक सुविधा से कहीं अधिक आम नागरिकों के दैनिक जीवन का हिस्सा है। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों की उपेक्षा के कारण नगरीय निकायों में शौचालयों की स्थिति जर्जर थी, वे उपयोग के लायक नहीं थे। राज्य सरकार ने शौचालयों की आवश्यकताओं को देखते हुए स्वच्छ एवं सर्वसुविधायुक्त शौचालय सुनिश्चित करने के लिए राशि जारी की है। उन्होंने कहा कि हम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति सजग करने के साथ ही उन्हें स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

श्री साव ने बताया कि नगरीय निकायों के सार्वजनिक स्थलों जैसे बाजार, बस स्टैंड, चौक-चौराहे एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में मिशन मोड पर स्वच्छता लक्षित इकाइयों का चिन्हांकन कर स्वच्छता के कार्य किए जा रहे हैं। अब तक ऐसे 550 से अधिक स्थानों को सीटीयू या जीवीपी के रूप में चिन्हित कर स्वच्छ किया जा चुका है। इन स्थलों पर खुले में कचरा फेंकने या दोबारा गंदगी करने वालों के लिए दंड का प्रावधान भी किया गया है। विभिन्न संस्थाओं और गतिविधियों के माध्यम से बढ़ाई जा रही सहभागिता उप मुख्यमंत्री साव शौचालयों की गुणवत्ता में सुधार लाने नियमित रूप से समीक्षा कर रहे हैं।

## टेंडर में फर्जी जानकारी देने वाले 108 ठेकेदारों पर होगी कार्रवाई

रायपुर, 17 अप्रैल। जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में आज शिवनाथ भवन, अटल नगर में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग के प्रमुख सचिव, प्रमुख अभियंता सहित कार्यपालन अभियंता स्तर तक के सभी अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री ने बैठक में जल संसाधन विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की और स्पष्ट निर्देश दिए कि विभागीय कार्यों में लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। जल संसाधन मंत्री श्री कश्यप ने निर्देशों के बावजूद टेंडर प्रक्रिया में फर्जी जानकारी देकर भाग लेने वाले करीब 108 ठेकेदार जिनकी पहचान कर ली गई है। उन सभी पर एक सप्ताह के भीतर उनकी ईएमडी राजसात करने के साथ ही उन्हें एक वर्ष के लिए निविदा प्रक्रिया से बाहर करने के निर्देश दिए। मंत्री श्री कश्यप ने प्रमुख अभियंता जल संसाधन को इस कार्रवाई का प्रतिवेदन देने के भी निर्देश दिए। मंत्री श्री कश्यप ने बैठक में 100 दिनों के भीतर सभी लंबित निविदाएं स्वीकृत कर कार्य प्रारंभ कराए जाने के सख्त निर्देश अधिकारियों को दिए।

### आदित्यवाहिनी ने फर्जी शंकराचार्य के छत्तीसगढ़ आगमन पर रोक लगाने की मांग की

# अधोक्षजानंद है नकली शंकराचार्य : झम्मन शास्त्री

रायपुर, 17 अप्रैल। आगामी 21 से 27 अप्रैल तक दुर्ग जिले के जामुल नगरपालिका क्षेत्रान्तर्गत् वार्ड क्रमांक 20 सुरडुंग, में रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आयोजन समिति के द्वारा अन्य आचार्यों के साथ साथ एक नकली स्वामी अधोक्षजानन्द देव तीर्थ नामक व्यक्ति को पुरी गोवर्धनपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य के रुप में प्रचारित कर आमन्त्रित किया जा रहा है। हाजिसका धर्मसंघ, पीठपरिषद, आदित्यवाहिनी एवं आनंदवाहिनी छत्तीसगढ़ प्रान्त द्वारा घोर विरोध किया गया है।



आचार्य झम्मन शास्त्री ने आज एक पत्रवार्ता में कहा कि यह सर्व विदित है कि वर्तमान में ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्धनमठ पुरीपीठ के 145 वें श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य अनन्तश्री विभूषित स्वामी श्रीनिश्चलानंद सरस्वती जी महाराज हैं। जो कि दार्शनिक, आध्यात्मिक, वाज्ञानिक, गणित आदि विधाओं के विष्वविख्यात विद्वान तथा वर्तमान में सनातन धर्म के वरिष्ठतम आचार्य हैं। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने भी अपने कई निर्णयां में पुरी के वर्तमान प्रामाणिक शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज का उल्लेख किया है। तथा कई धार्मिक विषयों पर कोर्टमित्र के माध्यम से उनका मार्गदर्शन भी प्राप्त किया है। ऐसी स्थिति में अधोक्षजानन्द देवतीर्थ जैसे नकली व्यक्ति का प्रदेश में आगमन तथा किसी के भी द्वारा उसे शंकराचार्य के रुप में बुलाना या सामान्य रुप से भी बुलाना यह धर्म तथा भारतीय न्यायपालिका के सर्वथा विरुद्ध हा जिसके कारण धर्मसंघ पीठपरिषद आदित्यवाहिनी एवं आनन्दवाहिनी संस्था ने इस प्रकार के फर्जी व्यक्ति के शंकराचार्य के रुप में अनैतिक आगमन को प्रतिबन्धित करने हेतु छत्तीसगढ़ के मुख्यमन्त्री, गृहमन्त्री एवं विधानसभा अध्यक्ष से मांग की है।

### भक्ति का पता विपत्तियों में ही चलता है

श्रद्धालुओं की भक्ति का पता विपत्तियों में ही चलता है, विपत्तियां श्रद्धालुओं की भक्ति की परीक्षा भी हैं और अवसर भी। श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के दिव्य आयोजन में विप्रनगर विष्णुमंगलम् अग्रोहा कालोनी में कथा व्यास व्याख्यान दिवाकर पंडित झम्मन शास्त्री ने प्रहलाद चरित्र की कथा सुनाई साथ ही राजा बलि की कथा गाते हुए कहां की श्रद्धालुओं की भक्ति का पता विपत्तियों में ही चलता है। भक्त प्रहलाद ने अपने पिता के द्वारा किए गए अत्याचारों को भगवान के ऊपर विश्वास रखते हुए सहन किया अंत में भगवान स्वयं प्रकट होकर अत्याचारी का अंत किया। हमें भी विपत्तियों में भगवान के परीक्षा को समझना चाहिए एवं भगवान पर विश्वास करना चाहिए राजा बलि की कथा सुनाते हुए दान की विशेष महत्व को बताएं दान करने से धन की शुद्धता होती है।

# पदयात्रा रद्द कर कांग्रेस ने अपने राजनीतिक दीवालियेपन को प्रमाणित किया : भाजपा

रायपुर, 17 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक रंजना साहू ने दुर्ग से रायपुर तक की अपनी पदयात्रा के कार्यक्रम को रद्द करने पर कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि यह नेतृत्व और मुद्दाविहीन कांग्रेस राजनीतिक दीवालिएपन और प्रदेश में सबसे बुरी दशा का प्रमाण है, जो कांग्रेस ने खुद प्रस्तुत किया है। साहू ने कहा कि मासूम बच्ची से दुष्कर्म की दरिंदगी के जिस मामले में तत्परता से जाँच और गिरफ्तारी हो गई, डीएनए और फोरेंसिक रिपोर्ट सामने आ गई, प्रदेश सरकार के निर्देश पर पीड़ित परिजनों को न्याय मिलना सुनिश्चित हो गया है, उस मामले में कांग्रेस पदयात्रा निकालकर अपनी जगहँसाई ही कराने पर आमादा थी।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता साहू ने कहा कि प्रदेश में जिस कांग्रेस का आपराधिक ट्रैक रिकॉर्ड लगातार सामने आ रहा है, वह कांग्रेस इस मामले का बी राजनीतिकरण करके सिर्फ स्वांग करना चाह रही है। कांग्रेस ने हमेशा संवेदनशील घटनाओं का राजनीतिकरण करके वातावरण को बिगाड़ने का काम ही किया है।

पिछले वर्ष बलौदाबाजार में हुई हिंसा और आगजनी की वारदात के बाद कांग्रेस के लोग ही उस अपराध में संलिप्त पाए गए और कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव समेत अनेक लोगों की उस मामले में गिरफ्तारी तक हुई। इसी तरह कवर्धा जिले में एक किसान की आत्महत्या के मामले को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश को गुमराह करके माहौल बिगाड़ने का काम किया था। साहू ने कहा कि प्रदेश की सत्ता से उखाड़ फेंके जाने के बाद से कांग्रेस के लोग एक आदिवासी मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं और येन-केन-प्रकारेण प्रदेश की फिज़ाँ में जहर घोलकर अशांति और अराजकता फैलाने के टूलकिटिया एजेंडे पर काम कर रहे हैं। कांग्रेस के नेताओं को अपनी इस तरह की हरकतों से बाज आने की जरूरत है। साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अब 'विष्णु का सुशासन' और कानून का राज है और प्रदेश सरकार अन्य मामलों की तरह ही इस मामले की तह तक जाकर जाँच कराएगी और दोषियों को सख्त सजा दिलाएगी। कांग्रेस के नेता ओथछे हथकण्डे अपनाकर प्रदेश को अशांति और अराजकता के गर्त में ले जाने की नापाक साजिशों से बाज आएँ।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26